CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 25°C

नई दिल्ली, सोमवार 1 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 150 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



घुमंतू जातियों के विकास को सरकार प्रतिबद्धः योगी
पेज 2



पाकिस्तान टीम जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए आएगी भारत
खेल टाइम्स



हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक मेला गुघाल
सम्पादकीय



गाजा पर ताबड़तोड़ इजरायली हमले, 57 की मौत
पेज 12

# वायुसेना को इसी माह मिलेंगे दो तेजस मार्क-1A

## सरकार एचएएल से 97 नए फाइटर जेट भी खरीदेगी, रक्षा सचिव आरके सिंह ने की फैसले की पुष्टि

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव आरके सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) सितम्बर में भारतीय वायुसेना को दो तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान सौंप सकता है।

इन विमानों में वेपंस इंटीग्रेशन यानी हथियारों को जोड़ा भी गया है। इसके अलावा सिंह ने बताया कि सरकार एचएएल के साथ 97 और तेजस खरीदने का नया करार करने जा रही है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 67,000 करोड़ रुपये होगी। फिलहाल 38 तेजस वायुसेना में शामिल हैं। केंद्र सरकार ने 19 अगस्त को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। दरअसल, फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया। हालांकि, अब उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। एलसीए मार्क 1ए, तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। एलसीए मार्क-1ए के 65फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। तेजस को भी एचएएल ने डेवलप किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है। एचएएल के पास पहले ऑर्डर के लिए 2028 तक का समय एचएएल के पास 83 एयरक्राफ्ट्स की डिलीवरी करने के लिए 2028 तक का समय है। एचएएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डीके सुनील ने कहा कि डिलीवरी में देरी के पीछे इंडस्ट्री को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था, लेकिन यह देरी तकनीकी खामी की वजह से हुई है। अब इसे दूर कर लिया गया है। 97 एयरक्राफ्ट्स के नए प्रोजेक्ट से भारतीय वायुसेना को अपने मिग-21 विमानों के बेड़े को बदलने में मदद मिलेगी। भारतीय वायुसेना में 62 साल तक सर्विस देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान 19 सितम्बर को रिटायर होगा।

■ सरकार ने 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को दी थी मंजूरी

# लखनऊः पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका, दो लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र स्थित बेहटा इलाके में रविवार सुबह को पटाखा फैक्ट्री में अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना भीषण था कि आसपास का इलाका दहल उठा और लोग घरों से निकलकर घटनास्थल की ओर भागे।

हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है जबकि 5 लोग घायल हैं। घायलों में 2 की हालत गम्भीर हैं, जिन्हें उपचार के लिए केजीएमयू भेजा गया है। मौके पर डीएम और पुलिस आयुक्त, एसडीआरएफ और फायर बिग्रेड मौजूद हैं। विस्फोट इतना भीषण था कि पटाखा की दीवारें उड़ गईं हैं। साथ ही फैक्ट्री के नजदीक का एक घर उड़ गया। बताया जा रहा है कि इसमें कई लोग दबकर घायल हो गए हैं। धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। शुरुआती जांच में पुलिस ने इसे अवैध पटाखा फैक्ट्री में बारूद का विस्फोट बताया है। हालांकि, अभी सिलेंडर फटने की भी आशंका जताई जा रही है। पटाखा व्यवसाई आलम, उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में घायल 5 में से 3 लोगों को सिविल अस्पताल भेजा गया है। जबकि दो का इलाज केजीएमयू में चल रहा है। डीएम विशाख जी ने बताया कि 2 लोगों की मौत हुई है।

■ पांच लोग घायल दो की हालत गम्भीर

# बदली तस्वीर भारत संग चीन और रूस आए एक मंच पर

एससीओ के नेताओं का हुआ ग्रुप फोटो सेशन तियानजिन में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली से मिले पीएम मोदी

नई दिल्ली/ बीजिंग, वार्ता

**भारत और** अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन दौरे पर हैं। जापान की सफल यात्रा के बाद चीन के तियानजिन पहुंचे पीएम मोदी ने और राष्ट्रपति शी जिनपिंग बैठक पर पूरी दुनिया की निगाहें रहीं। पीएम मोदी सात साल के बाद चीन दौरे पर पहुंचे हैं। उन्होंने चीनी राष्ट्राध्यक्ष जिनपिंग के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

इसके साथ ही पीएम मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन (31 अगस्त और एक सितम्बर) में भी हिस्सा लेंगे। चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के आधिकारिक स्वागत समारोह में राष्ट्राध्यक्ष/शासनाध्यक्ष पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य विश्व नेता ग्रुप फोटो सेशन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि तियानजिन में नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली से मिलकर प्रसन्नता हुई। नेपाल के साथ भारत के संबंध गहरे और बहुत विशेष हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू से बातचीत की। मालदीव के साथ भारत का विकासात्मक सहयोग हमारे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान मिस्र के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात की है। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर लिखा कि एससीओ शिखर सम्मेलन में मिस्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली से मुलाकात की। कुछ साल पहले की अपनी मिस्र यात्रा को याद किया। भारत-मिस्र मित्रता प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है।



## टैरिफ वॉर के बीच मोदी बोले- एक ही मंत्र 'वोकल फॉर लोकल'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ से हुई तबाही पर दुख और पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 125वें एपिसोड में उन्होंने अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ को लेकर देशवासियों से वोकल फॉर लोकल की अपनी अपील दोहराई। उन्होंने टैरिफ का जिक्र किए बिना इशारों-इशारों में देशवासियों से इसके खिलाफ लड़ाई में आत्मनिर्भरता को हथियार बनाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस समय देश-भर में गणेश उत्सव की धूम है। आने वाले दिनों में बहुत सारे त्योहारों की रौनक होगी। इन त्योहारों में आपको स्वदेशी की बात कभी भी भूलनी नहीं है। उपहार वही जो भारत में बना हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, रोशनी वही जो भारत में बनी झालरों से हो।

## मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ चीन का मांगा साथ

**बीजिंग।** सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। दोनों के बीच 50 मिनट बातचीत हुई। इसमें मोदी ने आतंकवाद का मुद्दा उठाया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक मुद्दा बताया और इसके खिलाफ लड़ाई में साथ देने की मांग की। मोदी ने ये भी कहा कि भारत और चीन के बीच सहयोग से 2.8 अरब लोगों को फायदा होगा और यह पूरी मानवता के कल्याण का रास्ता खोलेगा। इसके साथ ही उन्होंने जिनपिंग को भारत में आयोजित ब्रिक्स 2026 में आने के लिए न्योता दिया। वहीं, मीटिंग में जिनपिंग ने कहा कि पीएम मोदी से मिलकर खुशी हुई। ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए। मोदी शनिवार शाम 2 दिन के जापान दौरे के बाद चीन पहुंचे थे। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे। इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को कम करना भी है। मोदी तियानजिन शहर में होने वाले एससीओ की मीटिंग में हिस्सा लेंगे। इस बार चीन में इतिहास के सबसे बड़े एससीओ समिट का आयोजन हो रहा है। इसमें 20 से ज्यादा देश शामिल हो रहे हैं। मोदी और पुतिन के साथ-साथ सेंट्रल एशिया, मिडिल ईस्ट, साउथ एशिया और साउथ-ईस्ट एशिया के नेता भी इस समिट में शामिल होंगे।

■ चीनी राष्ट्रपति को भारत आने का दिया न्योता
■ ड्रैगन (चीन) और हाथी (भारत) को साथ आना चाहिए: जिनपिंग

## 697 करोड़ से जुड़े घोटाले में अमित अग्रवाल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि उन्होंने देश से 696.69 करोड़ रुपये की अवैध हेराफेरी से जुड़े धन शोधन के एक बड़े मामले में कथित प्रमुख संचालक अमित अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पीएमएलए अदालत के सामने पेश किया गया, जहां उसे सात दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रही जांच से जुड़ी है। ईडी की पीएमएलए जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई है। एफआईआर में किंजल फ्रेट फॉरवर्डिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और उसके सहयोगियों पर भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र समेत गंभीर अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।

## वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर को 5 % के स्लैब में लाया जाए

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक से पहले वाटर प्यूरिफायर, फिल्टर और इनसे संबंधित सेवाओं को पांच प्रतिशत के स्लैब में लाने की मांग की गई है। वाटर प्यूरिफायर और फिल्टर बनाने वाली कंपनियों, इनके डीलरों और कलपुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के अलाभकारी संगठन वाटर क्वालिटी इंडिया एसोसिएशन ने इस संबंध में केंद्रीय राजस्व सचिव को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ पेय जल तक पहुंच एक मूलभूत आवश्यकता है।

## एजुकेट गर्ल्स बनी 2025 रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड पाने वाली पहली भारतीय संस्था

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स को 2025 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हैं। एशिया का यह सर्वोच्च सम्मान पहली बार किसी भारतीय संस्था को मिला है। यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को बालिकाओं एवं युवतियों की शिक्षा के समाज की अतार्किक सांस्कृतिक धारणाओं को चुनौती देने, उन्हें निरक्षरता से मुक्त करने और उन्हें कौशल, हिम्मत और आत्मनिर्भरता देने के लिए दिया गया है।

# उत्तराखंडः पावर प्रोजेक्ट टनल में फंसे 19 कर्मचारियों का रेस्क्यू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में धौलीगंगा पावर प्रोजेक्ट के टनल में फंसे 19 कर्मचारियों को रविवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। शनिवार को लैंडस्लाइड के चलते टनल का रास्ता बंद हो गया था।

बताया जा रहा है कि शनिवार शाम को ऐलागाड़ में पहाड़ी दरक गई थी। इससे भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर एनएचपीसी की टनल के मुहाने पर जमा हो गए थे। इससे टनल में काम कर रहे 19 कर्मचारी फंस गए थे। इनमें से आठ कार्मिकों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। धारचूला के उपजिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि धौलीगंगा पावर हाउस को कोई बड़ी क्षति नहीं हुई है। टनल के मुख्य द्वार पर बार- बार आ रहे मलबे को सड़क सुरक्षा संगठन के माध्यम से लगातार हटाया गया। मौके पर पर्याप्त मशीनरी और सीआईएसएफ, एनडीआरएफ की टीम तैनात हैं। उधर पंजाब के आठ जिलों के 1018 गांवों में बाढ़ की स्थिति है। बाढ़-बारिश में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं। 11 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया है। पंजाब में मानसा के जवाहरके गांव में बारिश के कारण ईंट भट्ठे के गोदाम की दीवार गिर गई।

■ सितम्बर में उत्तराखंड में लैंडस्लाइड और बाढ़ का खतरा बना हुआ
■ राजस्थान में किले की दीवार ढही, पंजाब में दीवार गिरने से शख्स दबा, मौत

## अगस्त में उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश 2001 के बाद सबसे अधिक

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हो रही बारिश से जहां भूस्खलन और पहाड़ दरकने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। वहीं, मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान, यूपी समेत कई राज्यों में भी बारिश के कारण आई बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। इस बीच, मौसम विभाग ने लगातार हो रही बारिश और आने वाले दिनों में मौसम को लेकर भविष्यवाणी की है। आईएमडी ने बताया कि पंजाब, राजस्थान, यूपी समेत सात राज्यों में 2 सितम्बर तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# इंदौर आ रही एयर इंडिया फ्लाइट लौटी, दिल्ली में सेफ लैंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली से इंदौर जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2913 (ए-320 नियो विमान) को दिल्ली लौटा लिया गया। पायलट को दाहिने इंजन में आग लगने की सूचना मिली थी। एयर इंडिया ने कहा कि रविवार सुबह 6.15 बजे 90 यात्रियों के साथ प्लेन ने उड़ान भरी थी।

करीब आधे घंटे बाद इंजन में फायर इंडिकेशन मिला। स्टैंडर्ड प्रोसेस के तहत पायलट ने इंजन बंद किया। बाद में प्लेन की एयरपोर्ट पर सेफ लैंडिंग हुई। एयरलाइन ने कहा कि प्लेन का ग्राउंड इंस्पेक्शन कराया जाएगा। डीजीसीए को भी घटना की जानकारी दी गई है। 29 अगस्त को भी दिल्ली से श्रीनगर आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। अधिकारियों ने बताया था कि फ्लाइट एसजी 385 में प्रेशराइजेशन की समस्या के कारण दोपहर 3.27 बजे श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया था। 28 अगस्त को सूरत से दुबई जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट को बीच उड़ान में तकनीकी खराबी के कारण अहमदाबाद एयरपोर्ट पर डायवर्ट करना पड़ा।

■ एयरलाइन बोली- पायलट को इंजन में फायर इंडिकेशन मिला था, विमान में 90 यात्री थे सवार

# वाहन सार्वजनिक स्थान का उपयोग नहीं कर रहा, तो टैक्स न लगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि कोई वाहन सार्वजनिक स्थान पर उपयोग में नहीं आता है, तो उसके मालिक पर उस अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के दिसम्बर 2024 के फैसले को चुनौती देने वाली एक अपील पर अपना फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मोटर वाहन कर प्रतिपूरक प्रकृति का होता है। मोटर वाहन कर लगाने का औचित्य यह है कि जो व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, जैसे सड़क, राजमार्ग आदि का इस्तेमाल करता है, तो उसे इसका भुगतान करना होगा। शीर्ष न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि अगर किसी मोटर वाहन का उपयोग सार्वजनिक स्थान पर नहीं किया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का लाभ नहीं ले रहा है। इसलिए उस पर ऐसी अवधि के लिए मोटर वाहन कर का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। आंध्र प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम, 1963 की धारा 3 के तहत कर लगाने का प्रावधान है और यह राज्य सरकार को मोटर वाहनों पर कर लगाने का अधिकार देती है। पीठ ने 1985 से रसद सहायता देने के व्यवसाय में लगी एक फर्म द्वारा दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि फर्म को नवंबर 2020 में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड की एक कार्पोरेट इकाई, विशाखापत्तनम स्टील प्लांट, आंध्र प्रदेश के केंद्रीय डिस्पैच यार्ड में लौह और इस्पात सामग्री के संचालन और भंडारण के लिए एक अनुबंध दिया गया था।

■ वाहन मालिक पर इस अवधि के लिए मोटरवाहन कर का बोझ नहीं डालना चाहिए



## फर्जी दलों पर सख्ती के लिए कोर्ट में याचिका दायर, ईसी को नियम बनाने के लिए निर्देश देने की मांग

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट में एक अहम याचिका दायर की गई है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और नियमन के लिए ठोस नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिका में कहा गया है कि देश में फर्जी और बेनामी राजनीतिक दल लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। ये दल न सिर्फ अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को अपने पदाधिकारी बना रहे हैं, बल्कि भारी चंदा लेकर अपराधियों को संगठन में जगह दे रहे हैं। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता पर सीधा हमला हो रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि कई ऐसे दल अस्तित्व में आ गए हैं, जिन्होंने अपहरणकर्ताओं, ड्रग्स तस्करों, मनी लॉन्ड्रिंग करने वालों और कुख्यात अपराधियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी बना दिया है। इन दलों ने बड़ी धनराशि लेकर अपराधियों को संरक्षण दिया और उन्हें राजनीतिक वैधता प्रदान की। याचिका में यह भी आरोप है कि अलगाववादी समूहों ने भी राजनीतिक दल बनाकर चंदा इकट्ठा करने का रास्ता अपना लिया है और कई नेताओं को पुलिस सुरक्षा तक मिल चुकी है। याचिका में हाल ही में मीडिया में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि आयकर विभाग ने एक फर्जी राजनीतिक दल पकड़ा, जो कालेधन को सफेद करने का काम कर रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### नरेन्द्र प्रताप सिंह शामली के एसपी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में एक बार फिर 8 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। शामली, श्रावस्ती और कानपुर देहात के पुलिस हटाए गए हैं। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार श्रद्धा नरेंद्र पांडे एसपी कानपुर देहात, राहुल भाटी श्रावस्ती और नरेंद्र प्रताप सिंह शामली के एसपी बनाए गए हैं, जबकि प्रवीण रंजन सिंह को नोएडा में डीसीपी बनाया गया है। शामली के पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम को पीटीसी मुरादाबाद भेजा गया है, जबकि कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा को पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू लखनऊ बनाया गया है।

### एके-47 राइफलों के साथ दो गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एके-47 राइफलें बरामद की हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान में जलकियां मंडी निवासी तारिक अहमद शेख और चैंबर निवासी रियाज अहमद नामक दो संदिग्धों को असॉल्ट राइफलों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

### पांच करोड़ कीमत का सोना जब्त किया

**गुवाहाटी।** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में सीमा सुरक्षा बल ने शनिवार को एक विशेष अभियान के दौरान पांच करोड़ रुपए के 43 सोने के बिस्कुट जब्त किए। गुवाहाटी फ्रंटियर के अंतर्गत बीएसएफ की 138वीं बटालियन के सतर्क जवानों द्वारा भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चलाए गए इस अभियान की योजना उसे अंजाम दिया गया।

# बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी बसपा: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में अंतिम रूप दिया जाएगा

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव को लेकर पिछले दो दिन तक चली समीक्षा बैठक में उम्मीदवारों के चयन सहित पार्टी के हर स्तर की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसकी जानकारी सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर देते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने यह ऐलान किया। मायावती ने कहा कि बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को कमियों को दूर करके पूरी मुस्तैदी व तन, मन, धन से आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है। साथ ही उन्हें अगले महीने के प्रारंभ से शुरू होने वाले पार्टी की यात्रा व जनसभा आदि कार्यक्रमों के सम्बंध में विशेष जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। मायावती ने कहा कि सभी कार्यक्रम उनके दिशा निर्देशन में होने के साथ ही इसकी जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनन्द व केन्द्रीय कोआर्डिनेटर व राज्यसभा सांसद रामजी गौतम तथा बीएसपी बिहार स्टेट यूनिट को सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताज़ा ज़रूरतों को देखते हुए राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन ज़ोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग-अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी बैठक में लिया गया।

मायावती ने कहा कि बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के साथ-साथ वहां राज्य के तेज़ी से बदलते हुए राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए पार्टी द्वारा चुनाव में बेहतर रिज़ल्ट लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उड़ीसा और तेलंगाना राज्य में भी पार्टी संगठन की तैयारियों व वहां भी यूपी के पैटर्न पर जिला से लेकर पो. लिंग बूथ स्तर तक कमेटियों के गठन को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ-साथ पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के मिशनरी कार्यों के लिए दिए गए टारगेट की भी समीक्षा पार्टी प्रमुख द्वारा की गई है।

# घुमंतू जातियों के विकास को प्रतिबद्ध: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ इन जातियों को मुख्यधारा में लाने लिए बोर्ड का गठन करेंगे: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार घुमंतू जातियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस मौके पर ऐलान किया कि सरकार इन जातियों को मुख्यधारा में लाने लिए बोर्ड का गठन करेगी। विमुक्त व घुमंतू जातियों के कल्याणार्थ लखनऊ में आयोजित 'विमुक्त जाति दिवस' समारोह में बोल रहे थे। योगी ने कहा कि योद्धा जातियों को क्रिमिनल ट्राइब बनाया।

1952 में क्रिमिनल ट्राइब से मुक्ति मिली। मुगलों, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। विमुक्त जातियों के लिए लगातार काम बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा। घुमंतू जातियों के लिए बोर्ड बनाने की जरूरत है। योगी ने कहा कि पहले की सरकारों के पास फुर्सत नहीं थी कि 'वनटांगिया' के लिए कुछ कर सकें, हमारी सरकार ने उन्हें राजस्व गांव का दर्जा दिया। जो जातियां सुविधाओं से वंचित रह गई हैं, उनके लिए जमीन के पटे मिलें। उनके लिए मकान की सुविधा हो। घुमंतू जाति के लोगों के लिए कालोनी बनाएंगे। सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ इन्हें दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 जनपदों में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, दो आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्रारंभ हो चुके हैं, जबकि 101 आवासीय विद्यालय पहले से चल रहे हैं।

### कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने की सीएम से मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। यह मुलाकात कई मायनों में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि संजय निषाद ने हाल ही में गठबंधन को लेकर काफी तीखा बयान दिया था। हालांकि अभी इस मुलाकात का पूरा ब्योरा नहीं मिल पाया है कि दोनों नेताओं के बीच किस मुद्दे को लेकर बातचीत हुई, लेकिन इस सियासी मुलाकात से लखनऊ में सियासी हलचल तेज हो गई है। दरअसल निषाद पार्टी प्रमुख और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर उसे लगता है कि सहयोगी दलों ने कोई लाभ नहीं पहुंचाया है, तो वह गठबंधन तोड़ दे।

## मन की बात रेडियो प्रसारण में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा

# मेरिट में न आने वालों के लिए नया पोर्टल

नई दिल्ली, वार्ता



■ यूपीएससी प्रतिभा सेतु से मिलेगा ऐसे युवाओं को रोजगार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने 'मन की बात' रेडियो प्रसारण में 'यूपीएससी प्रतिभा सेतु' का जिक्र किया। यह एक पोर्टल है, जिसे संघ लोक सेवा आयोग की विभिन्न परीक्षाओं में विभिन्न चरणों को पार करने, लेकिन मेरिट लिस्ट में स्थान नहीं बना पाने वाले प्रतिभाशाली युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए विशेष तौर पर बनाया गया है। इसका संच. ालन संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली करता है।

यूपीएससी प्रतिभा सेतु एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म है। यह पहल विभिन्न नियोक्ताओं जैसे विभिन्न मंत्रालयों, लोक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों और निजी संगठनों को ऐसे योग्य उम्मीदवारों तक पहुंचने का मौका देती है जिन्हें यूपीएससपी परीक्षा की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाने का अवसर नहीं मिल सका। इसका आशय यह है कि ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने यूपीएससी की विभिन्न परीक्षाओं के सभी चरणों को तो पास कर लिया, लेकिन अंतिम मेरिट सूची में जगह नहीं बना पाए।

ऐसे उम्मीदवारों को यह प्रतिभा सेतु पोर्टल एक मौका देता है। यह प्लेटफॉर्म ऐसे योग्य उम्मीदवारों को संभावित नियोक्ताओं से जुड़ने का अवसर मुहैया कराता है, जिससे उनके करियर में नई संभावनाएं खुल सकें। यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा, भारतीय वन सेवा परीक्षा, इंजीनियरिंग सेवाएं, सीडीएस, सीएपीएफ जैसी परीक्षाओं के 10,000 से अधिक योग्य लेकिन गैर-चयनित उम्मीदवार इस पोर्टल पर रोजगार पाने के पात्र इसमें एनडीए और कुछ एलडीसीई परीक्षाएं शामिल नहीं हैं। इस पोर्टल पर विभिन्न परीक्षाओं में अंतिम चरणों तक पहुंच चुके दस हजार से अधिक होनहार युवाओं का डाटा बैंक है और कोई भी पंजीकृत सरकारी निकाय और सत्यापित निजी कंपनियां (कॉर्पोरेट पहचान संख्या के माध्यम से) इस प्रतिभा सेतु पोर्टल के जरिए उम्मीदवारों के बायोडेटा तक पहुंच सकती हैं।यह पोर्टल योग्य उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच सेतु का काम करता है।

### एक सुरक्षा गार्ड का शहीदों के प्रति प्रेम हमें गौरवान्वित करता है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि शहीदों के प्रति एक सुरक्षा गार्ड का प्रेम गौरवान्वित करता है। श्री मोदी ने आकांशवाणी पर प्रसारित मासिक 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि गुजरात के सूरत में रहने वाले सुरक्षा गार्ड जितेन्द्र सिंह राठौड़ ने एक ऐसी अद्भुत पहल की है, जो हर देशभक्त के लिए बहुत प्रेरणादायक है। राठौड़ पिछले कुछ वर्षों से उन सभी जवानों के बारे में जानकारियां जुटा रहे हैं, जिन्होंने देश की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। उनके पास आज विश्व युद्ध से लेकर अब तक शहीद हुए हजारों वीर जवानों के बारे में जानकारियां मौजूद हैं। उनके पास शहीदों की हजारों तस्वीरें भी हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि राठौड़ को एक शहीद के पिता ने जो कहा था वो बातें उसके दिल को छू गईं। शहीद के पिता ने कहा था, बेटा गया तो क्या हुआ, वतन तो सलामत है ना।

# भाजपा के लोग बस देश का क्षेत्रफल बता दें: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सरकार आने के बाद उतनी ही है या चीनी कब्जे के बाद घट गई: सपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चीन दौरे को लेकर रविवार को निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि भाजपाई बस देश का क्षेत्रफल बता दें मतलब ये बता दें कि भाजपा सरकार के आने के समय देश की कुल भूमि जितनी थी, अब भी उतनी ही है या अब चीनी कब्जे के बाद घट गई है। यादव ने अपने सोशल अकाउंट फेसबुक पर अपना बयान पोस्ट कर ए सवाल उठाए हैं। अखिलेश ने लिखा है कि ये है तथाकथित आत्मनिर्भर, स्वदेशी और चीनी सामान के बहिष्कार के भाजपाई जुमलों का चिंता. जनक सच! अपने बयान में उन्होंने कहा है कि चीन से आन. वाले सामानों पर जिस तरह भारत की निर्भरता बढ़ती जा रही है, उसका बुरा असर हमारे उद्योगों, कारखानों और दुकानों के लगातार घटते जा रहे काम-कारोबार पर पड़ा है। इससे बेरा. जगारी भी बेतहाशा बढ़ रही है।

अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में लिखा है कि भाजपा चीनी चाल की क्रोनोलॉजी समझे।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 79809.65
निफ्टी 24426.85



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्रा. 24 कैरेट



चांदी रु. 113906
प्रति किलो



# बाजार पर दिखेगा जीडीपी के आंकड़ों का असर

मुंबई, वार्ता



बीते सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में शेयर बाजारों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के उत्साहजनक आंकड़ों का असर दिख सकता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा 29 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर 7.8 प्रतिशत रही। ये आंकड़े बाजार खुलने के बाद जारी किए गए थे, इसलिए इनका असर सोमवार को ही दिखेगा। साथ ही तेजी से बदलते वैश्विक कारक भी निवेश धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

पिछले सप्ताह बाजार में बुधवार को गणेश चतुर्थी की छुट्टी के कारण चार दिन ही कारोबार हुआ। इसमें अंतिम तीन दिन बाजार में बिकवाली देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स 1,497.20 अंक यानी 1.84 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ शुक्रवार को इस साल 09 मई के बाद के निचले स्तर 79,809.65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 443.25 अंक (1.78 फीसदी) टूटकर 24,426.85 अंक पर आ गया, जो इसका 08 अगस्त के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली और ज्यादा देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 3.63 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 3.86 प्रतिशत टूट गया। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयर लुढ़क गए, जबकि आठ के शेयर हरे निशान में रहे। महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे अधिक 6.01 प्रतिशत की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 3.71 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक का 3.15 प्रतिशत टूटा। सनफार्मा में 2.97 फीसदी, पावर ग्रिड में 2.82, एनटीपीसी में 2.80, बजाज फिनसर्व में 2.69, आईसीआई सीआई बैंक में 2.66 और टाटा स्टील में 2.59 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। एक्सिस बैंक का शेयर 2.32 फीसदी, भारती एयरटेल का 2.26, ट्रेंट का 2.02 और अडानी पोर्ट्स का 2.00 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, बीईएल, इटरनल, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और इंफोसिस के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक टूट गए। इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में कदम रखने के बाद मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 3.06 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। आईटीसी का शेयर 2.87 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनिलिवर का 1.18 प्रतिशत और टीसीएस का 1.01 प्रतिशत चढ़ा। एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एलएंडटी के शेयर भी बढ़त में रहे।

### एक सप्ताह में रुपया 0.65 प्रतिशत टूटा, ऐतिहासिक निचले स्तर पर

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में बिकवाली और घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के दबाव में रुपया बीते सप्ताह 56. 50 पैसे (0.65 प्रतिशत लुढ़ककर) शुक्रवार को अंतिम कारोबारी दिवस पर 88.09 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा पहली बार 88 रुपए प्रति डॉलर से नीचे बंद हुई है। इससे पहले इसका निचला स्तर 87.88 रुपए प्रति डॉलर था। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी बाजार में भारी बिकवाली से डॉलर की मांग बढ़ी है, जिससे रुपया दबाव में आ गया।

# गेहूं मजबूत, चावल नरम, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव, चीनी और दालें सस्ती

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी और दालों में भी गिरावट देखी गई। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत तीन रुपए कम होकर सप्ताहांत पर 3,827.63 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं, गेहूं करीब 14 रुपए महंगा होकर 2,855.55 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत चार रुपए बढ़ी और यह 3,310.84 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सरसों तेल की औसत कीमत आठ रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल में करीब 53 रुपए और वनस्पति में आठ रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी रही। सोयाबीन तेल 19 रुपये और सूरजमखी तेल 41 रुपए महंगा हुआ। वहीं,पाम ऑयल 11 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। बीते सप्ताह दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल औसतन करीब तीन रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल में 12 रुपए और दाल मूंग में 24 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। तुअर दाल भी करीब 49 रुपए उतर गई, जबकि मसूर दाल की कीमत कमोबेश स्थिर रही। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में पिछले कुछ समय से जारी तेजी पर ब्रेक लग गया। गुड़ के औसत भाव 19 रुपए प्रति क्विंटल और चीनी के चार रुपए प्रति क्विंटल टूट गए। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7961.07 रुपए, मसूर काली 8109.48 रुपए, मूंग दाल 10103.51 रुपए, उड़द दाल 10434.10 रुपए, अरहर दाल 10672.95 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2855.55 रुपए और चावल 3827.63 रुपए प्रति क्विंटल।

# लखनऊ विवि के 68वें दीक्षांत समारोह के लिए हुई पदकों की घोषणा

लखनऊ, वार्ता

लखनऊ विश्वविद्यालय में 10 सितंबर को होने वाले 68वें दीक्षांत समारोह के लिए पदक सूची की घोषणा कर दी गई है। प्रदान किए जाने वाले कुल 198 पदकों में से 153 (77 प्रतिशत) लड़कियों ने हासिल किए हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुल 1.26 लाख डिग्रियां प्रदान करेगा, जिनमें 1.1 लाख स्नातक, 15,200 स्नातकोत्तर, 242 डिप्लोमा और दो प्रमाणपत्र डिग्रियां शामिल हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में कुल 26 छात्रों ने एक से अधिक पदक प्राप्त किए, जिनमें 5 पुरुष और 21 छात्राओं ने यह उपलब्धि हासिल की। प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व में एमए की छात्रा श्रद्धा यादव ने सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ पदक जीते हैं। श्रद्धा ने कहा कि यह स्वर्ण पदक सिर्फ मेरी उपलब्धि नहीं है - यह अनगि. नत लोगों से मिले निरंतर प्यार, समर्थन और मार्गदर्शन का परिणाम है। मैं यह सफलता अपने माता-पिता को समर्पित करती हूं, जिनके त्याग और प्रोत्साहन ने मेरी सबसे मज़बूत नींव रखी है। मैं अपने वरिष्ठों का भी आभार व्यक्त करती हूं, जिनके मार्गदर्शन और अनुभवों ने मेरे लिए रास्ता बनाया। रायबरेली के कमला नेहरू कॉलेज की एमए भूगोल की छात्रा चित्रा साहू ने आठ पदक जीतकर दूसरे सबसे ज्यादा पदक हासिल किए। इस बीच, लखनऊ के सिटी कॉलेज के रवि चंद ने तीसरे सबसे ज्ड़ादा व्यक्तिगत पदक जीते। चित्रा ने कहा कि मुझे यकीन नहीं हो रहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर और राजधानी के अन्य कॉलेजों के छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए मैंने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। ए पदक मुझे और अधिक मेहनत करने और नेट जेआरएफ पास करके एक दिन प्रोफ़ेसर बनने की प्रेरणा देते हैं। एलयू के अधिकारियों ने छात्रों की इन पदकों की जीत का श्रेय उनके संबंधित विभागों में उनके असाधारण शैक्षणिक प्रदर्शन को दिया। इन विभागों में विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष छात्रों के लिए विभिन्न पदक होते हैं, जैसे विभाग के टॉपर, विशिष्ट सेमेस्टर, पेपर या संकायों में उच्च अंक प्राप्त करने वाले। रायबरेली, हरदोई और सीतापुर के संबद्ध कॉलेजों के छात्रों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली चिराग दिल्ली में किया भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी चिराग दिल्ली में इस वर्ष रामलीला के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के दौरान इलाके के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वहीं भूमि पूजन के बाद गणेश वंदना से रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें राम विवाह, राम का वनवास, कैकेयी और भरत प्रसंग, रावण अंगद और हनुमान प्रसंग आदि के प्रसंगों का मंचन किया गया। श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भी हर वर्ष की तरह भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस का स्टेज अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर 135 फुट लंबा और तीन मंजिला होगा। उन्होंने कहा कि इस बार रामलीला के मंचन में ऑपरेशन सिंदूर की थीम होगी। रामलीला का मंचन 21 सितम्बर से शुरू होगी और 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। वहीं भूमि पूजन के मौके पर अतिथि के तौर पर , अनिल शर्मा,शिखा राय विधायक , अनीता निगम पार्षद, पूर्व निगम पार्षद सुनीता गुलिया, प्रधान आनंद जैन, सुशील गुप्ता, सोमनाथ मुखर्जी, कपिल शर्मा, नागेंद्र गुलिया, प्रदीप तेवतिया, सुदन गुप्ता,इंद्रजीत गुलिया, धर्मेंद्र गुलिया, हर्ष गुलिया, वरुण सुदन, विक्रान्त गुलिया, कार्यकारिणी सदस्यों सहित मौजूद रहे।



## पर्यावरण धर्म समिति कराएगी चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पर्यावरण धर्म समिति द्वारा विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद स्तरीय पर्यावरण चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन सरधना के सेंट जोजेफ इंटर कालेज में किया जायेगा। प्रतियोगिता चार अलग अलग वर्गो में आयोजित की जाएगी जिसके प्रत्येक वर्ग के प्रथम पुरूस्कार विजेता को साईकिल दी जायेगी। जबकि द्वितीय व तृतीय पुरुस्कार के रूप में भी आकर्षक पुरूस्कार दिए जायेंगे। कार्यक्रम संयोजक मोहम्मद अली शाह ने बताया कि यह प्रतियोगिता जनपद के बच्चों को अपना हुनर प्रदर्शित करने का अवसर देती है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है। आयोजित मीटिंग में मनमोहन त्यागी, जीशान कुरैशी, डॉ. ताहिर हंफी, डॉ. अनुज पंवार आदि कार्यक्रम कराएंगे।

# आईपी एक्सटेंशन श्री रामलीला कमेटी में भूमि पूजन से पहले सुनी मन की बात

**नई दिल्ली।** श्री रामलीला कमेटी इंद्रप्रस्थ, आई.पी. एक्सटेंशन, पूर्वी दिल्ली, के सभी पदाधिकारियों एवं रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 125वें संस्करण को सुना। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा शाहदरा ज़िला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा, मयूर विहार ज़िला अध्यक्ष विजेंदर धामा,पूर्व विधायक नसीब सिंह, भाजपा शाहदरा ज़िला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, पार्षद रमेश गर्ग व



शशि चांदना, उपस्थित रहे।श्री रामलीला कामेटी इंद्रप्रस्थ के अध्यक्ष सुरेश बिंदल ने आयोजन किया। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात् श्री राम लीला मंचन एवं श्री गणेश वंदना कर आगामी राम लीला मंचन हेतु भव्य भूमि पूजन किया गया।

# सरधना नगर हुआ पानी-पानी

## गंदगी से भरे नाले कर रहे हैं जलभराव, जिम्मेदार मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रविवार सुबह हुई नगर में भारी बारिश जहां गर्मी से लोगों को राहत मिली, वहीं दूसरी तरफ पूरे नगर में जलभरराव की स्थिति पैदा हो गई। कई घंटों तक नगर में जलभराव होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर में पानी निकासी के लिए पुलिस चौकी बस स्टैंड के पास बना नाला नगरवासियों के लिए कई सालों से परेशानी का सबब बना हुआ है। आलम यह है कि गंदगी से अटे पड़े नालों से पानी की निकासी नही हो पा रही है, जिससे आमजनों को बारिश के बाद जलभराव की स्थिति से सामना करना पड़ता है। रविवार सुबह हुई बारिश से पूरे नगर की सड़कों पर पानी ही पानी हो गया।



तहसील रोड, पुलिस चौकी बस स्टैंड, गंज बाजार, देवी मंदिर, कालंद चुंगी समेत कई मुख्य मार्ग पानी में डूब गए। घंटों के पानी की निकासी होने के बाद लोगों को जलभराव से छुटकारा मिला। नगरवासियों ने नाले की सफाई कराने की मांग पालिका अधिकारियों से की है।

# 70 साल से जर्जर मार्ग का चेयरमैन ने किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के काले सिंह मार्ग से मन्दवाडी मार्ग को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का रविवार को चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने पूजा अर्चना कर फीता काटकर लोकार्पण किया। चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने बताया कि यह मार्ग पिछले 70 वर्षो से जर्जर बदहाल हो गया था। जिससे लोगों को बहुत भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।



इसी मार्ग पर दशहरा और माता शाकुंभरी का मेला आयोजित किया जाता है। इस मार्ग का निर्माण कार्य जिला पंचायत निधि द्वारा नौ लाख रुपए के बजट से किया जा रहा है। जिसकी चौड़ाई 15 फुट लंबाई 380 मीटर का निर्माण कार्य काले सिंह से आरंभ होकर मन्दवाड़ी खतौली मार्ग से जुड़ेगा। पंडित रंजन दुबे द्वारा मंत्र उच्चारण कर पूजा की गई है। इस मौके पर प्रदीप बिश्नोई, विवेक कुमार सैनी, सभासद मुकेश सैनी, रमेश धीमान, कल्लू आदि मौजूद रहे हैं।

# एजुकेट गर्ल्स बनी 2025 रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड पाने वाली पहली भारतीय संस्था

**नई दिल्ली।** सामाजिक संस्था एजुकेट गर्ल्स को 2025 का रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हैं। एशिया का यह सर्वोच्च सम्मान पहली बार किसी भारतीय संस्था को मिला है। यह पुरस्कार एजुकेट गर्ल्स को बालिकाओं और युवतियों की शिक्षा के समाज की अतार्किक सांस्ख्रतिक धारणाओं को चुनौती देने, उन्हें निरक्षरता से मुक्त करने और उन्हें कौशल, हिम्मत और आत्मनिर्भरता देने के लिए दिया गया है। एजुकेट गर्ल्स संस्था अब उस गौरवशाली पंक्ति का हिस्सा बन चुकी है, जिसमें सत्यजीत रे, एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी, किरण बेदी, विनोबा भावे, दलाई लामा, मदर टेरेसा और ऑस्कर विजेता हायाओ मियाज़ाकी जैसी



विश्वप्रसिद्ध विभूतियां शामिल हैं। एजुकेट गर्ल्स की संस्थापक सफीना हुसैन ने कहा, ह्यह उपलब्धि हमारी टीम, बालिका स्वयंसेवकों, पार्टनर्स, समर्थकों और सबसे बढ़कर उन बच्चियों के नाम है, जिन्होंने अपनी सबसे बड़ी ताकत, शिक्षा को फिर से हासिल किया। आने वाले दस वर्षों में एजुकेट गर्ल्स एक करोड़ से भी ज़्यादा शिक्षार्थियों तक पहुँचने का लक्ष्य रखता है। एजुकेट गर्ल्स की सीईओ गायत्री नायर लोबो ने कहा कि हमारे लिए शिक्षा सिर्फ़ विकास का साधन नहीं, बल्कि हर लड़की का बुनियादी अधिकार है।

# फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार, तमंचा कारतूस बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** मीरापुर निवासी सुभाष कुमार के साथ 8-10 व्यक्तियों ने घर पर जाकर लाठी डंडों से हमला कर दिया था और तमंचा दिखा कर जान से मारने की धमकी दी थी।

मीरपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी थी लगातार आरोपी फरार चल रहा था वहीं रविवार को थाना जानी पुलिस ने मयंक पुत्र हरिओम निवासी मीरा. पुर को पांचली खुर्द के जंगल से गिरफ्तार कर लिया और उसके पास एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने आरोपी को चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया।

# बजाज कंपनी अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट पहुंचे एजेंसी संचालक

## बजाज टू व्हीलर एजेंसी मवाना के संचालक राहुल चौधरी की ओर से कोर्ट में वाद दर्ज

■ कंपनी के एमडी राजीव बजाज व छह अधिकारियों के खिलाफ दर्ज हुआ वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर में स्थित बजाज एजेंसी के संचालक ने कंपनी अधिकारियों के खिलाफ सिविल जज सीनियर डिविजन-1 की कोर्ट में वाद दर्ज कराया है। जिसमें कंपनी अधिकारियों पर जबरन अवैध वसूली व महंगे गिट मांगने का आरोप लगाया है। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर कंपनी अधिकारियों ने एजेंसी कैंसिल कराने व भुगत लेने की धमकी दी है।

मवाना नगर में बड़ा महादेव मंदिर के सामने बजाज टू व्हीलर की राज ऑटो बजाज के नाम से एजेंसी है। जिसके संचालक गंगानगर निवासी राहुल चौधरी हैं। राहुल चौधरी ने बताया कि बीती 13 अगस्त को बजाज कंपनी के दो अधिकारियों ने व्हाट्सएप कॉल कर उन्हें धमकाने के अंदाज में कुछ धनराशि और महंगे गिफ्ट की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर कंपनी अधिकारियों ने एजेंसी कैंसल कराने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपियों ने इसकी शिकायत कंपनी में करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। पीड़ित ने इस मामले में थाना गंगानगर में लिखित शिकायत की थी। रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर उन्होंने सिविल जज सीनियर डिविजन 1 की कोर्ट में वाद संख्या 1042/2025 दायर किया है। जिसमें बजाज ऑटो लिमिटेड के एमडी राजीव बजाज, सर्किल हेड अर्जुन भट्टाचार्य, सर्किल हेड सर्विस पीके श्रीवास्तव, एएसएम सेल्स दुष्यंत सिंह, एएसएम सर्विस नवनीत चौधरी, बजाज ऑटो मोबाइल प्रोपराइटर शरद तोमर को प्रतिवादी बनाया गया है। राहुल चौधरी ने बताया कि कोर्ट में उनके बयान दर्ज होने के बाद सभी को नोटिस भेजकर कोर्ट में तलब किया गया है।



# होमगार्ड अतीक हुए सेवानिवृत्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के थाने पर आयोजित सेवानिवृत्त विदाई समारोह कार्यक्रम में थाने में होमगार्ड की डयूटी कर रहे अतीक अहमद के सेवानिवृत्ति होने पर मुख्य अतिथि मवाना के सीओ संजय कुमार जायसवाल, थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह व सहायक कमांडेंट अशोक कुमार आदि ने होमगार्ड अतीक अहमद को फूल माला पहनाते हुए गुलदस्ते और प्रतीक चिन्ह देकर बधाई व शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।



मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि होमगार्ड अतीक का कार्यकाल सराहनीय रहा है। उन्होंने जनता के बीच सकारात्मक छवि को मजबूत करके हर पीड़ित का सहयोग किया। इस मौके पर बीओ सचिन कुमार, बीओ सतेद्र कुमार, सीसी बृजमोहन गुप्ता, सी सी अनिल कुमार, अरुण कुमार तोमर, भूपेंद्र, महेश, भोरन सिंह, बृजपाल सिंह, सुधीर कुमार, दरोगा घनश्याम, दरोगा रामप्रकाश, दरोगा नीलेन्दर, हरेंद्र, आनंद, मनोज कुमार, संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन जिला उपाध्यक्ष अश्वनी बिश्नोई, व्यापारी नेता अजय शर्मा, मनोज जाटव अनिरुद्ध बिश्नोई आदि परिजन मौजूद रहे।

# कसेरू खेड़ा में श्री रामलीला दशहरा कमेटी ने शुरू की मेले की तैयारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** श्री रामलीला दशहरा कमेटी कसेरू खेड़ा की एक अहम बैठक रविवार को सैनी फार्म हाउस पर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता समाज सेवी चौधरी यशपाल सिंह व संचालन नंद किशोर ने की। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष विनोद सोनकर ने बताया की दशहरा पर्व प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी 2 अक्टूबर को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। संचालन कर रहे नंदकिशोर ने बताया कि रावण का पुतला बनाने का कार्य सोमवार से प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिसे कमेटी से जुड़े सदस्य ही भव्य रूप देंगे। बैठक में कमेटी के कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और इस वर्ष का अनुमानित खर्चे की बात बैठक में रखी। इस दौरान सुशील सैनी व विनोद सोनकर ने चौधरी यशपाल सिंह, नंदकिशोर, जयप्रकाश, पुष्पेंद्र, राम. निवास, मनीष गुप्ता, सुशील सैनी, कन्हैयालाल आदि को शॉल और माला पहनाकर सम्मानित किया।

# जागेश्वर नाथ मंदिर में राधा अष्टमी पर छप्पन भोग का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को भगवान श्री जागेश्वर नाथ मन्दिर समिति द्वारा राधा अष्टमी के पावन अवसर पर छप्पन भोग का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि बागपत सांसद राजकुमार सांगवान, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, डॉ. संजय जैन सीए, पूर्व विधायक सत्य प्रकाश अग्रवाल, मुकेश सिंघल अंकित शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# आयुर्वेद है लाइलाज बीमारियों का रामबाण इलाज: आचार्य मनीष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एशिया के सबसे बड़े आयुर्वेद अस्पताल HIIMS में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयुर्वेद और नेचुरोपैथी विशेषज्ञ आचार्य मनीष ने लखनऊ के बाद अब मेरठ में भारत की पहली पेट-यकृत-प्लीहा शुद्धि किट लॉन्च की। यह कदम उनके उस मिशन का हिस्सा है जिसमें वे आधुनिक जीवनशैली में आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

लॉन्च के अवसर पर आचार्य मनीष ने कहा- आयुर्वेद हमें सिखाता है कि उपचार की शुरुआत जड़ से होनी चाहिए। जब शरीर की नाड़ियां शुद्ध और मजबूत होती हैं तो बीमारी



पीछे हटने लगती है। आयुर्वेदिक डिटॉक्सिफिकेशन सिर्फ एक विकल्प नहीं बल्कि उपचार की पहली क्लीनिकल सीढ़ी है। इसे जीवन शैली का हिस्सा बनाने से हम लंबे समय तक स्वस्थ और रोगमुक्त रह सकते हैं। कोविड के दौरान हमने देखा कि आयुर्वेद ने इम्यूनिटी बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई और इसे आयुष मंत्रालय ने भी मान्यता दी। कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों ने आचार्य मनीष की देखरेख में राहत पाई है। उनके प्रयासों से कई लोग बिना ऑपरेशन के ठीक हुए हैं।

# किसान मजदूर संगठन पूरन सिंह का थाने में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** थाने पर तैनात एक कर्मचारी द्वारा व्यक्ति से अभद्र व्यवहार करने पर किसान, मजदूर संगठन पूरण सिंह के नेतृत्व में थाना बहसूमा परिसर में धरना दिया गया। जिसमें कहा गया कि संगठन के कार्यकर्ताओं पर जो भी अभद्र व्यवहार करेगा तो उसके खिलाफ अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा। बताते चलें कि शनिवार को चौकी पर तैनात एक कर्मचारी मुकदमे में विवेचना करने के लिए घटना स्थल पर गया था। जिस पर एक व्यक्ति से झड़प हो गई। और दारोगा द्वारा मुकदमे में जेल भेजने की धमकी देने लगा।

जिससे संगठन का कार्यकर्ता डर गया। उसने संगठन को घटना की जानकारी दी। रविवार की दोपहर धरने में पहुंचे जिलाध्यक्ष मुजफ्फरनगर बिल्लू राणा मेरठ जिलाध्यक्ष अंशुल तोमर ने कहा कि कर्मचारी द्वारा उक्त कार्यकर्ता पर अभद्र व्यवहार किया गया। जिसको लेकर घंटों धरने पर बैठ गए। थाने में तैनात एसएसआई उवैश खान ने संगठन के पदाधिकारी को बैठक कर आपस में हुई गलती का इजहार किया। और कहा की इस



मामले में अंडर मिस्टैंडिंग से हुई है। जिसमें संगठन के पदाधिकारी ने दो टूक कहा कि यदि संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया तो वह अधिकारियों से कार्रवाई की मांग करेंगे। पुलिस के आश्वासन पर धरना समाप्त हो गया। इस मौके पर मुख्य रूप मंडल उपाध्यक्ष सहारनपुर राजपाल चौहान, सोरन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी नीरज चौहान, गंगे सिंह, सत्येंद्र पवार, अजब सिंह, बिजेंद्र सिंह आदि सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## अमेजन इंडिया के ओणम स्टोर के साथ बटोरें खुशियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** फसल, एकजुटता और परंपराओं को जीने के इस मौसम को और भी स्मरणीय बनाने के लिए अमेजन इंडिया ने अपना ओणम स्टोर लॉन्च किया है। ओणम साध्य में पहनी जाने वाली पारंपरिक कसावु साड़ियों और धोतियों से लेकर अन्य आवश्यक वस्तुएं, पूजा के लिए सामान, घर की सजावट और खाना बनाने के बर्तनों तक, यह स्टोर देश भर के ग्राहकों के लिए ओणम की असल भावना और स्वाद को जीवंत करता है। ग्राहक त्योहारों का स्वागत करते हुए स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी, किराना और घरेलू जरूरी चीजों पर 60प्रतिशत तक की छूट के साथ अपनी जरूरत की हर चीज खरीद सकते हैं।

# प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी दौराला के आवास बूथ नंबर 200 पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 125 वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को जिला अध्यक्ष शिवकुमार राणा और दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व में सुनकर बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। जिला महामंत्री अंकुर मुखिया, गन्ना समिति चेयरमैन भूपेंद्र अहलावत, जिला मंत्री नितिन शर्मा, संध्या त्यागी, रवि पूनिया, धर्मेंद्र अहलावत, आशीष अहलावत, प्रदुमन जैन, डॉ. धनेश कुमार, अवनीश अहलावत, मनोज सोनू प्रजापति, उदय प्रताप, मुक. श सिंह, वीरेंद्र सिंह, योगेंद्र, सतपाल सिंह, राज कुमार शर्मा, प्रदीप शर्मा, प्रशांत अहलावत, निक्की सिवाच, प्रताप चौधरी आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा की प्रदेश बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक गंगाजल गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश और पश्चिम क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नरेंद्र कश्यप के दिशा-निर्देश बैठक के दौरान ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप का संदेश प्राप्त हुआ। अपने पत्र में उन्होंने संगठन की आगामी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि भाजपा सदैव ओबीसी समाज के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए समर्पित रही है।

**उपराष्ट्रपति चुनाव पर गर्व**

उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि आगामी 9 सितंबर को होने वाला उपराष्ट्रपति चुनाव पूरे ओबीसी समाज के लिए गौरव का विषय है, क्योंकि उपराष्ट्रपति का पद इस वर्ग से ही होगा। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि भाजपा ने सदैव सभी वर्गों को उचित सम्मान दिया है। सेवा पखवाड़े की रूपरेखा बैठक में आगामी सेवा पखवाड़े को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विभिन्न सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों और जनसेवा गतिविधियों की रूपरेखा बनाई गई, ताकि समाज के अंतिम पायदान तक सेवा पहुँचाई जा सके। 2027 की रणनीति और जातिवार सम्मेलन अपने संदेश में राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा पुनः पूर्ण बहुमत से सत्ता में लौटेगी। इसके लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में हर जाति-समूह का जातिवार सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिससे ओबीसी समाज की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

**संगठन को मजबूत बनाने पर जोर**

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि भाजपा ओबीसी मोर्चा संगठन की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को जन-जन तक पहुँचाएगा। संगठन विस्तार, सामाजिक संवाद और जातिवार सम्मेलन के माध्यम से पार्टी को और मजबूत करने पर बल दिया गया।

# कौशांबी पार्क में लगाई गई हाई मास्क लाइट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कौशांबी ए एंड बी ब्लॉक के पार्क में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल के सहयोग से नगर निगम द्वारा हाई मास्क लाइट लगाई गई। इसका शुभारंभ कौशांबी प्लॉट एरिया के अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव जी द्वारा नारियल छोड़कर किया गया। वहां उपस्थित पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल द्वारा बताया गया कि काफी समय से क्षेत्र के निवासियों द्वारा इस लाइट की मांग की जा रही थी इस कार्य को कराने के लिए महापौर सुनीता दयाल नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक का पार्षद द्वारा आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं पार्क का ध्यान रखने वाले एसके गोयल मुनेष चौहान राकेश कुमार लाल सिंह मनोज शर्मा नवनीत सोडाणी अनीता खंडेलवाल मंजू शर्मा संदीप शर्मा भाजपा नेता अवधेश कटियार मंगल सिंह भानु प्रताप सिंह पदमचंद गर्ग अशोक चावला उपस्थित रहे।

# गिन्नी देवी में राष्ट्रीय खेल दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी महाविद्यालय मे मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस पर कल शारीरिक शिक्षा विभाग ने छात्रों के साथ एक संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें विभाग की अध्यापिका आशा बंसल ने बताया कि मेजर ध्यानचंद जी को हॉकी का जादूगर कहा जाता है उनका जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद उत्तर प्रदेश जो कि प्रयागराज के नाम से जाना जाता है यहां पर हुआ था। उन्होंने भारत को हॉकी में विश्व भर में प्रसिद्ध किया था और भारत को तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलवाएं।

खेल के प्रति उनकी निष्ठा और अद्भुत खेल कौशल व प्रदर्शन ने उन्हें विश्व भर में अमर कर दिया। आशा बंसल ने छात्राओं को बताया की हिटलर ने भी उनके खेल कौशल को देखकर अपनी सेना में आमंत्रित किया था।लेकिन ध्यानचंद जी ने उसे ठुकरा कर अपने भारत को गौरव हासिल कराया। इसलिए उनकी जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना कर उनका सम्मान और आदर के साथ याद किया जाता है। संगोष्ठी में विभाग की छात्राओं ने भाग लिया। अन्य विभाग की अध्यापिकाओं डॉक्टर सरिता जैन, शालू तिवारी, मंजू कनौजिया, अवनी आदि ने सहभागिता करी।

## आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में

# पीजीडीएम के प्रतिभागियों के लिए फ्रेशरपार्टी का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहननगर द्वारा पीजीडीएम (2025 -2027 ) सत्र के नवप्रवेशी छात्रों हेतु फ्रेशरपार्टी 'आगाज -2025' का आयोजन संस्थान के चाणक्य ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। फ्रेशर पार्टी का शुभारम्भ आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के निर्देशक (पी आर) सुरेंद्र सूद, संस्थान के निदेशक डॉ अजय कुमार, एवं पीजीडीएम चेयरपर्सन डॉ अनुषा अग्रवालद्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुरेंद्र सूद ने सभी नव प्रवेशी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं सत्र के दौरान नियमित अल्प अवधि में श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ अजय कुमार ने नव प्रवेशी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और इस हेतु संभवत:आवश्यक सभी सुविधाएँ मुहैया कराने का आश्वासन दिया साथ ही टीम वर्क और सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। आईटीएस -द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने प्रतिभागियों के सर्वांगीण विकास की कामना की तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें शुभकामनाए दी। सीनियर प्रतिभागियों द्वारा नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया तथा अंत में फैशन शो का आयोजन किया गया और विभिन्न स्तर पर मूल्यांकन के आधार पर अश्मित यादव को मिस्टर फ्रेशर एवं इशिता शर्मा को मिस फ्रेशर का खिताब क्राउन पहना कर दिया गया। इसी क्रम में मि लक्ष्य शर्मा और मिस गुंजन सैनी को बेस्ट टैलेंट, मि कमर अब्बास एवं मिस प्रसिद्धि जायसवाल को बेस्ट अटायर तथा मि प्रिंस श्रीवास्तव और मिस अंशिका रॉय को फ्रेश फेस का अवार्ड दिया गया।

# मनीषा के हत्यारोपियों को फांसी दिए जाने की मांग की

**गाजियाबाद।** हरियाणा के भिवानी जिले में निजी स्कूलों की अध्यापिका 19 वर्षीय मनीषा की हत्या के विरोध में सामाजिक उत्थान समिति के सदस्यों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया तथा मनीषा को इंसाफ मिलना चाहिए के साथ हत्यारोपियों को फांसी पर लटकाने की मांग की। समिति के सदस्यों के समर्थन में आए समाजसेवी टीकम सिंह दिलवालिया ने बताया कि विगत दोनों मनीषा का उस समय अपहरण कर लिया गया था, जब वह स्कूल से घर लौट रही थी। हत्यारोपियों ने उसके साथ गैंगरेप किया था तथा इसके बाद गला रेतकर हत्या कर दी थी एवं चेहरा तेजाब से जला दिया था।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में क्रियो का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरु वर्ल्ड स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्विद्द्यालय क्रियो-2025, सांस्कृतिक उत्सव की ऑफलाइन प्रतियोगिताओं का तीसरा दिन बडे ही उत्साह व जोश के साथ आरम्भ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति से हुआ। आज छात्रों में फिर से नया जोश व रवानगी थी। लगभग 65 स्कूलों के 600 छात्रों ने अपनी भागीदारी निभाई। इस अवसर पर स्कूल की एग्जीक्यूटिव हैड् सुसैन होम्स ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्विद्यालय क्रियो-2025 ने सभी 56 प्रतियोगिताओं में छात्रों को अपनी प्रतिभा, कल्पनाशक्ति और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति के साथ साथ रचनात्मकता और संसाधनशीलता के प्रदर्शन का अवसर दिया है। साथ ही उन्होनें कहा कि मैं उन सभी लोगों की भी सराहना करना चाहूंगी जिन्होंने इस वार्षिक आयोजन को यादगार बनाने में योगदान दिया हैं हैं।

इस प्रकार के कार्यकम श्रेष्ठतम के लिए प्रोत्साहित करते है।' प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले स्कूल है इनविक्टिस इंटरनेशनल स्कूल अमृतसर, सनबीम स्कूल वाराणसी, ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत, ऋचमंड पब्लिक स्कूल दिल्ली, रिनायंस स्कूल बुलन्दशहर, सेठ आनन्दराम जयपुरिया, खेतान वर्ल्ड स्कूल, गुरुकुल द स्कूल, डीएलएफसाहिबाबाद, न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल, केआरमंगलम वर्ल्ड स्कूल, सिल्वर बेल्स स्कूल, सनवैली इंटरनेशनल स्कूल, द डीपीएसजीवसुंधरा, चौछबीलदास पब्लिक स्कूल, वनस्थली पब्लिक स्कूल, एकेचिल्ड्रेन एकेडमी, सालवान पब्लिक स्कूल, न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल, आरकेजीग्लोबल स्कूल, श्रीराम ग्लोबल स्कूल ग्रेटर नोएडा, डीपीएसजी सिद्धार्थ विहार, वनस्थली पब्लिक स्कूल, परिवर्तन स्कूल, सेंट जेवियर हाई स्कूल आदि।

# गैंगरेप के आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार पैरों में लगी गोली

**गाजियाबाद।** लोनी कोतवाली क्षेत्र के निठोरा रोड के पास पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गैंग रेप के आरोपियों को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली बदमाशों के पैर में लगी है। घायल बदमाशें के उपचार के लिये सरकारी अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से दो तमंचे और कारतूस के अलावा बाइक बरामद की है। पुलिस ने बताया कि पकडे गये बदमाश रोहित पुत्र धर्मवीर तथा वीर सिंह उर्फ भोला पुत्र ज्ञान चन्द्र निठौरा गांव के रहने वाले है। पुलिस पूछताछ मे बदमाशों ने चार दिन पूर्व युवती से दुष्कर्म की घटना को अंजाम देना कबूल किया है।

# सीएसएचपी पब्लिक स्कूल में किया गया राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सी.एस.एच.पी पब्लिक स्कूल प्रताप विहार में मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता शर्मा द्वारा किया गया। इसके बाद शारीरिक शिक्षक के. के. शर्मा ने सभी छात्रों को राष्ट्रीय खेल दिवस के इतिहास से परिचित कराते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। इस अवसर पर विद्यालय में विविध खेलों का आयोजन भी किया गया जिसमें पचास मीटर दौड़, बाधा दौड़, बैटल दौड़, बैग पैक दौड़ तथा अन्य विभिन्न प्रतियोगिता में छात्रों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय की निर्देशिका सविता गुप्ता एवं प्रधानाचार्या जी ने विजेता छात्रों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। विद्यालय की निर्देशिका महोदया ने अपने संदेश में छात्रों को भविष्य में इसी तरह खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# स्व. मंगतराम कंडेरे को गणमान्यों ने दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ग्राम पुट्ठड़ अमीनगर शराय बागपत में स्वर्गीय मंगतराम कंडेरे की शौकसभा में भाजपा नेता वीरेंदर कुमार कंडेरे, बिरजू कंडेरे रउली, सत्तवीर कंडेरे दुहाई, मोनू कंडेरे पिलाना, ओमकेश कंडेरे, प्रधान गोफी कंडेरे राजपुर, डॉक्टर बुद्ध प्रकाश कंडेरे अध्यक्ष बुलंदशहर, मनवीर सिंह, प्रमोद कुमार कंडेरे, पंकज कुमार कंडेरे, उमेश कंडेरे, मिंटू कंडेरे, तेजवीर कंडेरे, चरनी कंडेरे, राकेश कंडेरे, देविंदर कंडेरे भनेड़ा, मुकेश कंडेरे मोरटा, घसीटाराम कंडेरे, जमनी कंडेरे, मनोज कंडेरे, बबलू कंडेरे, पन्नालाल कंडेरे, ग्रिराज सिंह कंडेरे, अमित कुमार कंडेरे, विनीत कंडेरे, राहुल कुमार कंडेरे, प्रवीण कंडेरे, बबलू कंडेरे पसोंडा व अन्य जगह जगह से आये लोगो ने अपने समाजसेवी स्वर्गीय मंगत. राम जी को भाव पूर्वक नमन आँखों से दी श्रद्धांजलि।

# मोदीनगर नगर पालिका के दो अधिकारी हुए सेवानिवृत्त



**मोदीनगर।** नगर पालिका परिषद मोदीनगर में कार्यरत जलकल अधिकारी कामेश चौहान और लेखा अधिकारी ललित त्यागी को सेवानिवृत्ति होने पर नगर पालिका परिषद कार्यालय में विदाई समारोह के माध्यम से विदाई दी गई इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मोदीनगर विनोद वैशाली व नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र कुमार मिश्र सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी व सम्मानित सभासद गण उपस्थित रहे।

## गणपति के पंडालों में जाकर लिया मनोज धामा ने आशीर्वाद

# विकास कार्यों का उद्घाटन कर सुनी लोगों की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** लोनी नगर पालिका क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनी में होने वाले विकास कार्यों व सामाजिक कार्यों में लोनी नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष मनोज धामा ने शिरकत की। सर्वप्रथम वार्ड 33 डीएलएफ एसएफ में 2 करोड़ 74 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया।

डीएलएफ स्थित गोकुलधाम सोसाइटी में जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्या को सुना एवं जल्दी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन सम्मानित जनता को दिया। इलाइचीपुर में गणपति पंडाल में जाकर लिया गणपति बाबा का आशीर्वाद तथा पूजा अर्चना की। रामपार्क जाकर आमजन लोगों की समस्या को सुना वह समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारण करवाने का आश्वासन वार्ड की जनता को दिया। मनोज धामा ने जनता के साथ गणपति बाबा मोरया के जयकार लगाए तथा सभी के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर सभासद रामनिवास त्रिपाठी, संदीप मिश्रा, सुभाष झा, दिगपाल, विकास शर्मा, सुरेंद्र रावत, वेदपाल, ईश्वर चंद्र झा, राकेश चंद्र सेमवाल, पंकज पाठक, सुभाष यादव, विनोद पंडित, सुरेश प्रधान, लवलेश गुप्ता अनीता, बबली, जगवती, मीरा, रेखा, शीला देवी सहित सैकड़ों की संख्या मे कालोनी वासी उपस्थित रहे।

# पीएचसी भोजपुर पर हुआ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं उन्हें समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एएनएम एवं सी एच ओ को उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, नियमित जांच, त्वरित रेफरल तथा प्रसव पूर्व एवं प्रसव उपरांत देखभाल की जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि समय से चिन्हित की गई उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं को विशेष निगरानी और उपचार प्रदान कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर सभी स्वास्थ्यकर्मियों से अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं की सतत निगरानी करते हुए उच्च जोखिम मामलों को शीघ्र चिन्हित कर स्वास्थ्य केंद्र से जोड़ें।

# प्रतिभाओं को सामने लाने का काम कर रही है मोदी आर्ट गैलरी: राजकुमार सागवान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गैलेड बिल्डिंग स्थित मोदी आर्ट गैलरी में द्वितीय कला प्रदर्शन का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि राजकुमार सागवान (सांसद), विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायिका डॉ मंजू शिवाच एवं मोदीनगर पालि. का अध्यक्ष विनोद वैशाली ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलित के बाद आईफा संस्थान के मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा की बेटी अनुष्का शर्मा ने देशभक्ति ओजस्वी कविता सुनाकर सभी दर्शकों का मन जीत लिया और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इस कला प्रदर्शनी में 57 कलाकारों द्वारा स्व-निर्मित कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जिसमें डॉ. नरेश कुमार प्रजापति, डॉ. दिशा दिनेश, मधु बाजपेई, डॉ. अर्चना रानी, रुचिका सिरोही, रूचित राज भटनागर, डॉ. किरण प्रदीप, पायल प्रजापति, यश कोहली , पल्लवी, ज्योति सिंह, मीनू, अमित कुमार, रोहन सिंह, खुशी, प्रेरणा शर्मा एवं आईफा के छात्र-छात्राओं ने अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया।

मुख्य अतिथि राजकुमार सागवान ने प्रत्येक कलाकार की कलाकृति को बारीकी से देखा एवं कलाकारों ने अपनी कलाकृति के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी और मुख्य अतिथि द्वारा कला की प्रशंसा कर कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। प्रशांत झा, शीतल रानी एवं मेगा दीक्षित देश संयुक्त रूप से बेस्ट मटेरियल से निर्मित स्कल्पचर जो पर्यावरण सहायक के ऊपर बनाया मुख्य अतिथि ने इन कलाकृति की विशेष सराहना की और कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायिका डॉ मंजू सिवाच ने आइफा की छात्रा हिमांशी द्वारा निर्मित नंदी कलाकृति वह खूब सराहा। इस मौके पर डॉ मंजू शिवाच ने कहा 'प्रतिभावान कलाकारों को आईफा आर्ट गैलरी के रूप में मिला मंच' संस्थान के मैनेजर डॉ. संघर्ष शर्मा ने बताया इस कला प्रदर्शनी में गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, नोएडा, दिल्ली, मुंबई राजस्थान के कलाकारों अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया है। इन कलाकृतियों को कोई भी खरीद भी सकता है। आर्ट गैलरी में पहुंचे कला प्रेमियों ने गैलरी में प्रदर्शित कलाकृतियों का मुक्त कंठ से सराहन की और इस क्षेत्र के लिए इस आर्ट गैलरी को कलाकारों के लिए तोहफा बताया।

इस अवसर पर छाया पब्लिक स्कूल समूह की चेयरपर्सन कुसुम द्विवेदी, भाजपा नेता प्रदीप बॉस, भाजपा नगर अध्यक्ष आकाश शर्मा, डॉ अरुण त्यागी, सभासद मोनू धामा, राहुल जैन, सोनिका जैन, अमित महेश्वरी, सीमा अरोड़ा, उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासनिक अधिकारी भौतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, डॉ. रूचि विद्यार्थी, प्रशांत झा, शीतल रानी, निशु मलिक, दीपांशु आदि का भरपूर सहयोग रहा।

# डिप्रेशन में आकर किसान ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

## किसान ने चार लाख रुपये का लिया था कर्ज, तहसील कर्मचारी घर आकर बना रहे थे दबाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** डोला गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। गांव के किसान चंदरबोस ने शनिवार रात डोला-सराय मार्ग पर देवता के थान के पास पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली।

किसान पर करीब 4 लाख रुपये का कर्ज था। इसमें क्रेडिट कार्ड और सोसाइटी का पैसा शामिल था। बैंक ने कुछ महीने पहले ही आरसी जारी की थी। तहसील कर्मचारी लगातार वसूली का दबाव बना रहे थे। उन्होंने किसान को जेल भेजने की धमकी भी दी थी। परिवार के मुताबिक, तहसील कर्मचारी दो बार चंदरबोस को गाड़ी में बैठाकर तहसील ले गए थे। लोकलाज के डर से किसान ने घर से निकलना बंद कर दिया था। शनिवार को भी तहसील कर्मचारी उन्हें बुलाकर ले गए और शाम को वापस लौटाया। रात को खाना खाने के बाद चंदरबोस खेत की ओर चले गए। रविवार



मृतक का फाइल फोटो

सुबह मजदूरों ने उनका शव पेड़ से लटका देखा और परिवार को सूचना दी। मृतक किसान के बेटे अनुज ने बताया कि वह दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता है। पिता ने केनरा बैंक से साढे चार लाख रुपए का किसान क्रेडिट लोन रखा था। बार-बार बैंक कर्मचारी लोन जमा करने के लिए दबाव बना रही थी। शनिवार को भी कुछ कर्मचारी घर पर आए और पिता को धमका कर चले गए। इसके बाद पिता ने खेत में जाकर



फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। मृतक के पड़ोसी नरेंद्र ने बताया कि मरने वाला किसान उनका पड़ोसी था। किसान ने बैंक से 4. 50 लाख रुपए किसान क्रेडिट पर लोन ले रखा था। जो दो-तीन महीने पहले किसान की बेटी प्रीति की शादी में खर्च हो गया। किसान के दो बेटे 10 से 12000 की प्राइवेट नौकरी करते है, लेकिन लगातार किसान पर लोन जमा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। शनिवार को भी कुछ लोग किस के घर पर आए और उसे धमकाया और कहा कि यदि नहीं किया तो जेल में बंद कर देंगे। परेशान किसान ने आत्महत्या कर ली। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर सिसाना गांव में भरा कई फीट पानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को बारिश के बाद दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर कई फीट पानी भर गया। सिसाना गांव के पास हाईवे पर जलभराव से जाम की स्थिति बन गई। इसी दौरान यूपी सरकार में राज्यमंत्री केपी मलिक का काफिला भी वहां से गुजर रहा था।

काफिले को जलभराव में फंसने के बाद पुलिसकर्मियों ने बड़ी सावधानी से वाहनों को निकाला। स्थानीय लोगों ने मंत्री को रोककर जलभराव की समस्या से अवगत कराया। मंत्री ने तुरंत एनएचएआई के अधिकारियों से फोन पर बात की। उन्होंने पानी की निकासी के लिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। हाईवे पर यह समस्या नई नहीं है। निर्माण के बाद से ही बारिश के दौरान यहां पानी भर जाता है। इसका कारण जल निकासी का उचित प्रबंध न होना है। राज्यमंत्री ने कहा कि वे सड़क परिवहन मंत्री से भी इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। उन्होंने जल्द ही समस्या के स्थायी समाधान का आश्वासन दिया। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इतनी गंभीर स्थिति उन्होंने पहली बार देखी है।

## बागपत एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह को किया शामली का नया एसपी नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह को शामली का नया पुलिस कप्तान नियुक्त किया गया है। नरेंद्र प्रताप सिंह 1997 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं। एक महीने पहले ही उन्हें प्रमोशन मिला और वह आईपीएस बने थे।

नरेंद्र प्रताप सिंह अपनी ईमानदार छवि और क्राइम कंट्रोल में विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं। बागपत में उनके सराहनीय कार्य को देखते हुए उन्हें शामली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपने करियर में वह एडिशनल एसपी के पद पर अयोध्या, मुरादाबाद और सीतापुर समेत कई जिलों में सेवाएं दे चुके हैं। उनकी खासियत है कि वह जनता और पुलिस के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में माहिर हैं। नए पद की जिम्मेदारी मिलने पर नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि वह उन पर जताए गए भरोसे को बखूबी निभाएंगे। उन्होंने बताया कि क्राइम कंट्रोल उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## गणेश मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने से हुआ लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में गणेश मंदिर पर आकासीय बिजली गिरने से मंदिर के लेंटर मे दरारे आयी है। इसके अलावा बिजली के उपकरण भी फुंक गये। ग्रामीणों ने बताया कि आकासीय बिजली गिरने से लाखो का नुकसान हुआ है।

लहचौड़ा गांव में सुबह से हो रही बारिश के चलते जहा रास्ते जलमग्न हो गये। वही गांव के ही गणेश मंदिर पर आकासीय बिजली गिरने से मंदिर के लेंटर में दरारे आयी है। वही मंदिर के बराबर में शनिदेव मंदिर का कलंश भी टूट गया। इसके अलावा बिजली के सभी उपकरण भी फुक गये। वही मंदिर के पास नरेश शर्मा वह सत्ते के नलकूप के बिजली उपकरणों में भी खराबी आयी है। बारिश बंद होने के बाद जब ग्रामीण मंदिर में पहुंचे तो नुकसान का आकलन किया। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली गिरने की आवाज बहुत तेज थी। ग्रामीणों के अनुसार मंदिर पर आकासीय बिजली गिरने से लगभग तीन लाख का नुकसान हुआ है।



## एक नजर

### सीढ़ियों से गिरकर घायल दिव्यांग की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कस्बे में घर में सीढ़ियों से गिरकर से गिरकर घायल हुए दिव्यांग प्रमोद कुमार 45 वर्षीय की दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उनका पांच दिन से अस्पताल में उपचार कराया जा रहा था। मोहल्ला रामपुर निवासी अविवाहित दिव्यांग प्रमोद कुमार 25 अगस्त को छत से नीचे आते समय पैर फिसलने से सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गए थे। परिवार वालों ने दिल्ली के अस्पताल में उनका उपचार कराया। शनिवार को उपचार के दौरान प्रमोद कुमार की मौत हो गई। दिव्यांग प्रमोद कुमार अपने दो भाइयों में बड़े थे। उधर, गमगीन माहौल में प्रमोद कुमार का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### पंचायत घरों में बैठकर सचिवों ने मार दिए बुजुर्ग, मृत दर्शाने वालों के खिलाफ जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पंचायत घरों में बैठकर सचिवों ने बुजुर्गों को कागजों में मार दिया। पेंशन बंद होने पर बुजुर्गों को मृत घोषित किए जाने के बारे में पता चला तो उनको अधिकारियों के पास जाकर खुद के जिंदा होने के सबूत पेश करने पड़े। इसके बाद उनकी पेंशन शुरू कराने की कार्रवाई की गई और उनको मृत दर्शाने वालों के खिलाफ जांच शुरू कराई गई। यहां ऐसा कोई एक मामला नहीं है, बल्कि हर महीने इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। सचिवों की इस लापरवाही का खामियाजा बुजुर्गों को भुगतना पड़ रहा है। उनको अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं। चक्कर काटने के बाद ही मृत दर्शाए गए कई बुजुर्ग कागजों में जिंदा हो चुके हैं तो कुछ जिंदा होने के लिए लाइन में लगे हुए हैं। इस तरह बुजुर्गों को केवल परेशानी ही नहीं हो रही, बल्कि एक साल तक पेंशन के लाभ से वंचित भी रहना पड़ा।

### छात्रों ने कॉलेज के बाहर जाम लगाकर किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जनता वैदिक इंटर कॉलेज में पिछले एक माह से बिजली कनेक्शन कट जाने से शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। कॉलेज में पढ़ने वाले करीब 2500 विद्यार्थी भीषण गर्मी में बिना पंखे और लाइट के पढ़ाई करने को मजबूर हैं। परेशान छात्रों ने शनिवार को कॉलेज के बाहर बिजरोल रोड पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि कॉलेज का बिजली बिल समय पर जमा किया गया है, लेकिन विभाग ने नलकूप का बकाया दिखाकर कॉलेज का कनेक्शन काट दिया। विद्यार्थियों ने चेतावनी दी है कि अगर सोमवार तक कनेक्शन बहाल नहीं किया गया तो वे दिल्ली-सहारनपुर हाईवे जाम करेंगे। साथ ही भूख हड़ताल भी करेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी ने छात्रों का समर्थन किया है। एबीवीपी के प्रांत संयोजक अमित कुमार ने कहा कि अगर विभाग ने तुरंत कनेक्शन नहीं जोड़ा तो सोमवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

### सारथी वेलफेयर फाउन्डेशन राधा अष्टमी के अवसर पर की गौ सेवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राधा अष्टमी के शुभ अवसर पर सारथी वेलफेयर फाउन्डेशन ने बावली रोड पर स्थित अस्थाई गौ आश्रय मे फाउडेशन के सभी सदस्यों ने मिलकर गौसेवा की। इस दौरान अनिल अरोरा व विवेक सिंह ने बताया कि ये उत्सव कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोचरण लीला आरंभ करने का उत्सव मनाया जाता है और इस दिन दाहिने बच्चों की विशेष पूजा और आरती की जाती है। सभी साथी वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने गौवंशो को हरा चारा खिलाया और पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर अध्यक्ष विकास गुप्ता, सचिव अनिल अरोरा महिला कल्याण विभाग की कोडिनेटर वन्दना गुप्ता, डा.सचिन खोखर, डा.बबीता खोखर, विवेक चौधरी, मोनिका राजपूत, अनिल अरोरा, अंकुज खोखर, प्रिंस गुप्ता, सुहान मलिक आदि मौजूद रहे।

## यमुना नदी के उफान से मची तबाही, गन्ने की फसल हुई बर्बाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील के शबगा, जागौश गांव में यमुना के उफान से किसानों की खेतों में खड़ी गन्ने की खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। खेत बिजली की लाइन बह गई है। किसानों के सामने चारे का भी संकट पैदा हो गया है। लगातार पहाड़ों में बारिश और हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी ने यमुना को उफान पर ला दिया है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से डेढ़ मीटर ऊपर पहुंच गया। शनिवार श्याम हथिनीकुंड बैराज से फिर 80हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जो रविवार जिससे तक पहुंच जाएगा। दर्जनभर गांवों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। सबसे अधिक नुकसान शबगा जागौश गांव का हो रहा है। इन दोनों गांव का लगभग 10 लख रुपए का नुकसान रोजाना हो रहा है। गन्ने की खड़ी फसल यमुना नदी में समा रही है। छपरौली, टांडा, कुर्डी, शबगा, बदरखा, जागोस, कोताना खेती प्रधान समेत कई गांवों की सैकड़ों बीघा गन्ना, मक्का और ज्वार की फसल तेज बहाव में समा चुकी है। कटान से खेतों के साथ बिजली के पोल और लाइनें भी यमुना में बह गईं, जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी जमकर।वायरल हो रही हैं। खेती उजड़ने से किसानों के सामने पशुओं के लिए हरे चारे का संकट गहरा गया है। किसान सदमे में हैं और प्रशासन ने प्रभावित गांवों में अलर्ट घोषित कर अधिकारियों को मौके पर तैनात रहने के निर्देश दिए हैं। सिंचाई विभाग के अभियंता रजनीश कुमार ने बताया कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में बाढ़ चौकिया बनाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्रत्येक गांव पर निगरानी रखी जा



रही है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को यमुना नदी के किनारे जाने से भी रोकने के निर्देश दिए गए हैं सिंचाई विभाग ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों से आहवान किया कि कोई भी व्यक्ति यमुना नदी के किनारे न जाए यमुना नदी बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र में सिंचाई विभाग लगातार की जानकारी प्राप्त कर रहा है। गांव के प्रधानों से भी कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति यमुना नदी के किनारे पर न जाए। इस संबंध में एसडीएम भावना सिंह ने बताया कि किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार को अवगत कराया जा रहा है। अधिकारी लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। सरकार किसानों के साथ है अधिकारी भी लगातार ग्रामीण क्षेत्र में दौरे पर है।

## गर्भपात मामले में जेल में बंद आरोपी का लिया डीएनए सैंपल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हाईकोर्ट के आदेश पर मेरठ मेडिकल में किशोरी का गर्भपात कराया जाने के बाद जेल में बंद आरोपी राजकुमार उर्फ शकील निवासी खेड़ा हटाना का जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने डीएनए सैंपल लिया। उधर, गर्भपात के बाद किशोरी की हालत में सुधार है। सिंघावली अहीर क्षेत्र के एक गांव में धर्म बदलकर रह रहे राजकुमार उर्फ शकील ने किशोरी के साथ चार माह तक दुष्कर्म किया। किशोरी की हालत बिगड़ने पर परिजनों को उसके गर्भवती होने का पता चला। इसमें शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी राजकुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उधर, साढ़े चार माह की गर्भवती किशोरी का गर्भपात कराने के लिए परिजनों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कराई। इसमें हाईकोर्ट के आदेश पर चिकित्सकों के पैनल ने मेरठ मेडिकल में गर्भपात कराया। उधर, पुलिस ने आरोपी का डीएनए सैंपल लेने के लिए न्यायालय में अर्जी दाखिल की। न्यायालय की अनुमति मिलने के बाद शनिवार को जेल से लाकर आरोपी राजकुमार का डीएनए सैंपल लिया गया। डॉ. जेके यादव का कहना है कि आरोपी का डीएनए सैंपल लिया गया, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

## रटौल से पिलाना तक शुरू हुई प्राइवेट बस सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल से पिलाना तक के लिए रविवार को प्राइवेट बस सेवा की शुरुआत की गई। लंबे इंतजार के बाद शुरू हुई इस बस सेवा का उद्घाटन ललियाना गांव में किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह बस रटौल से चलकर धोली प्याऊ, सिंगोली, गोना, सहवानपुर, ललियाना और चमरावल होते हुए पिलाना तक जाएगी।

रटौल से पिलाना के लिए एक प्राईवेट बस चलने से ग्रामीणगांवों में खुशी की लहर है। ललियाना के समाजसेवी विपिन महेश्वरी ने बताया कि करीब 15 वर्षों से इस क्षेत्र में बस सेवा पूरी तरह बंद थी, जिसके चलते ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बस सेवा



शुरू होते ही लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और ग्रामीणों ने इसे बड़ी राहत बताया। ग्रामीणों का कहना है कि अब बच्चों के स्कूल-कॉलेज आने-जाने में आसानी होगी। वहीं किसानों व कामकाजी लोगों को भी शहर तक पहुंचने में दिक्कत नहीं होगी। बस सेवा के शुभारंभ मौके पर सतवीर बाबूजी, रघुवीर हवलदार, भाजपा कार्यकर्ता विपिन महेश्वरी, सचिन चौधरी, संदीप आदि मौजूद रहे।

## पं.घनश्याम के पुत्र के निधन पर समाजसेवियों ने जताया दुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की पट्टी चौधरान सर्कुलर रोड स्थित ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता समाजसेवी पंडित घनश्याम शर्मा के पुत्र राजीव शर्मा के निधन पर समाजसेवियों ने गहरा दुख प्रकट किया है। सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की उनके निधन से जनपद बागपत में ही नहीं प्रदेश स्तर पर भी शौक की लहर दौड़ गई राजीव शर्मा के निधन का समाचार सुनते ही समाजसेवी पंडित घनश्याम शर्मा के आवास पर लगातार शौक प्रकट करने वालों का तांता लगा हुआ है। आज उनके निधन पर उनके आवास पर राज्य मंत्री एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज अखिल भारतवर्ष ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश सचिव पंडित लोकेश वत्स जिलाध्यक्ष



राकेश शर्मा दीपक शर्मा एडवोकेट अजय चौधरी रमन शर्मा अमन कुमार राजीव शर्मा राधेश्याम शर्मा एडवोकेट गायत्री देवी कॉलेज के निदेशक अजय तोमर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामहरि पवार ओमकार दत्त शर्मा जोनमाना के अलावा काफी संख्या में लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। सभी लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से कामना किया लगातार तो प्रकट करने वालों का उनके आवास पर आना-जाना लगा हुआ है।

## यमुना नदी का लगातार बढ़ रहा जलस्तर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पहाड़ों में हो रही बरसात और हथिनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी के कारण यह स्थिति बनी है। नदी के किनारों पर कटान जारी है।

सबगा, जागोश, कोताना, काठा, साकरोद और सुभानपुर सहित दर्जनों गांवों के किसान प्रभावित हुए हैं। सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो चुकी है। किसानों को रोजाना लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करने में भी किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रशासनिक अधिकारी लगातार यमुना के किनारों का जायजा ले रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से नदी किनारे न जाने की अपील की है। सुरक्षा के लिए गोताखोरों की भी तैनाती की गई है। अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## किसानों के हित के लिए संघर्ष रहेगा जारी: मुशर्रफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव मे भारतीय किसान यूनियन संग्राम द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष राव मुशर्रफ अली ने कहा कि किसानों के हित के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

गौना गांव में आदेश यादव के आवास पर भारतीय किसान यूनियन संग्राम के एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे शिरकत करने पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष राव मुशर्रफ अली का ग्रामीणों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौकें पर बोलते हुए राव मुशर्रफ अली ने कहा कि किसानों के सघर्ष और हितो की लड़ाई हमेशा जारी रहेगी। देश मे फैल रहा। भ्रष्टाचार के खिलाफ भी भारतीय किसान यूनियन हमेशा लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि किसानों और



मजदूरों का हमेशा शोषण किया गया है जो बरदाश्त नही किया जायेगा। कार्यक्रम में गौना निवासी आदेश यादव को प्रश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौकें पर जिलाध्यक्ष इरशाद, ओमदत्त यादव, सतबीर, दुलीचंद, भोपाल, पवन, संगीता, सोनिया, विमला, संतराम आदि मौजूद रहे।

# सपा नेता के भतीजे के साथ हुए गोलीकांड का पुलिस ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र में एक दिन पूर्व सपा नेता के भतीजे के साथ हुए गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए गोलीकांड के मास्टरमाइंड सपा नेता के भतीजे समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई अवैध पिस्टल, तीन जिंदा व तीन खोखा कारतूस, दो मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल व स्कूटी बरामद कर ली है।

रविवार को एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि एक दिन पूर्व हाफिजपुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा के पास सपा नेता के भतीजे मुंसाद पर कुछ लोगों द्वारा फायरिंग करने का मामला सामने आया था। जिसमें मुंसाद के पेट और पैर में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। संबंधित मामले में मुंसाद के परिजनों ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। हाफिजपुर पुलिस की जांच आगे बढ़ी तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। इस पूरे घटनाक्रम का मास्टरमाइंड सपा नेता का भतीजा मुंसाद ही निकला। एसपी ने बताया कि घटना के मास्टमाइंड मुन्साद एवं विपक्षियों के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर पूर्व से विवाद चल रहा है। जिसके संबंध में थाना हापुड़ देहात पर 26 मई 2025 को राहिल द्वारा घायल मुन्साद के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। थाना हापुड़ देहात पर दर्ज मुकदमे में वादी पक्ष पर दबाव बनाने के लिए घायल मुन्साद ने अपने साथियों के साथ मिलकर खुद पर फायरिंग करायी थी और चार लोगों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज




कराया था। पुलिस ने घटना का खुलासा करते गोलीकांड में शामिल आरोपी जमालू पुत्र मुस्तकीम निवासी पुरानी चुंगी देहली गेट थाना हापुड नगर जनपद हापुड और फुरकान पुत्र नवाब निवासी अलीनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड को रामपुर रोड पर गन्दा नाला पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल मय तीन जिन्दा व तीन खोखा कारतूस, दो मोबाइल फोन, मोटर साइकिल व स्कूटी बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि घटना का मास्टरमाइंड सपा नेता का भतीजा मुंसाद अभी घायल होने के कारण अस्पताल में भर्ती है जैसे ही वह ठीक होगा उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। फिलहाल आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने गणेश मूर्ति विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर मूर्ति विसर्जन किए जाने वाले स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने मूर्ति विसर्जन के दौरान कोई दुर्घटना न हो इसके लिए संबंधित पुलिस अधिकारीयों और कर्मचारियों को भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को मूर्ति विसर्जन के लिए पानी में नहीं जाने दें। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने शहर के सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन यहां-वहां नहीं करें, विसर्जन के लिए विसर्जन स्थानों का निर्धारण किया गया है वहीं विसर्जन करें। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया की मूर्ति विसर्जन को लेकर पुलिस



द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। संबंधित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को मूर्ति विसर्जन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं।

# लूट करने वाला एक बदमाश पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार, एक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस की लिफ्ट देकर लूटपाट करने वाले बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बदमाश का दूसरा साथी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

रविवार को बाबूगढ़ पुलिस ने अलीपुर अंडरपास के पास गश्त के दौरान एक सफेद अर्टिगा कार में दो संदिग्धों को देखा। पुलिस को देखकर, कार चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन उनकी कार एक ट्यूबवेल से टकरा गई। इसके बाद, बदमाशों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश, जिसका नाम शौकीन है, उसके दाहिने पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसका दूसरा साथी, शाहरुख, मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, घायल बदमाश शौकीन चार से पांच आपराधिक मामलों में फरार चल रहा था। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि इन बदमाशों ने 28 अगस्त, 2025 को गाजियाबाद के डासना बस अड्डे से बिजनौर के एक व्यक्ति, सचिन कुमार, को लिफ्ट देने के बहाने लूटा था। उन्होंने सचिन का मोबाइल, 7000 रुपये नकद और अन्य सामान लूट लिया था। पुलिस ने घटनास्थल से लूटी गई अर्टिगा कार DL 14 CD 9406, एक 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक काला बैग और लगभग 2900 रुपये



नकद बरामद किए हैं। फरार बदमाश शाहरुख की तलाश में पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

# मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षो में जमकर मारपीट और पथराव का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार बहादुरगढ़ कस्बे में एक दुकानदार द्वारा चाय की पत्ती उधार न देने को लेकर दो पक्षो के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चलने लगे और दोनों पक्षो के बीच पथराव शुरू हो गया। इस दौरान कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान



अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लिया। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि संबंधित मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# भाकियू देशहित के पशिचम उ प्र में अध्यक्ष बने अंकित शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन देशहित के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत चौधरी और संगठन संस्थापक संरक्षक नीरज गुर्जर ने अंकित शर्मा को उनकी कार्यशैली और व्यवहार कुशलता और संघर्षीलता को देखते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही भविष्य के संस्था के उद्देश्य को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है। भारतीय किसान यूनियन देशहित के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनजीत चौधरी ने कहा कि जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है। संगठन का पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता अपने आप को खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष समझे और जनहित की समस्याओं के समाधान के लिए



संस्था की गरिमा बनाए रखते हुए कार्य करेंगे। नवयुक्त पश्चिम प्रदेश के अध्यक्ष अंकित शर्मा ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है मैं उसे तन मन धन से निभाने के लिए तैयार हूं। इस अवसर पर सुमित मावी, मुकेश शर्मा, दिलशाद चौधरी, सदमान नंबरदार, इमरान खान, रोहित जाटव, पवन सैनी, बॉबी शर्मा, कपिल सिरोही, अंकुर गुर्जर, अंकित शर्मा के साथ सुरेंद्र शर्मा, राहुल शर्मा, गौरव शर्मा, मोनू समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया जाएगा गणपति का छठी उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा तत्वाधान में लाल पार्क वाली गली आर्यनगर में चल रहे गणपति महोत्सव में 1 सितंबर को गणपति का छठी उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।

महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित केसी पाण्डेय ने बताया कि धर्मग्रंथो में गणेश के जन्म के सम्बन्ध में अलग अलग वर्णन मिलता है जिसमें विश्वसनीय भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को जन्म माना जाता है। जन्म के छठवें दिन ही छठी मनाने का शास्त्रोंक्त विधान है। उन्होंने बताया कि इस बार् गणपति की जन्म स्थापना 27 अगस्त को हुई थी। इसलिए 1 सितंबर को छठी उत्सव मनाया जायेगा। सायंकाल 5 बजे से



उत्सव संकीर्तन 7 बजे आरती उसके बाद भोजन प्रसाद होगा। मुख्य यजमान ब्राह्मण अंतराष्ट्रीय संगठन के युवा जिलाध्यक्ष पंडित मोक्ष शर्मा ने बताया गणपति भगवान की सुबह शाम पूजन आरती में बड़ी संख्या में कॉलोनी के साथ साथ अन्य श्रद्धांलु भी पूर्ण श्रद्धा से भाग ले रहे है पूरा माहौल गणपतिमय हो गया है।

## एक नजर

### स्टंटबाज बाइकर्स के आतंक से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पुलिस की ढीली कार्रवाई के चलते युवक गांव में बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे मारकर दहशत फैलाने का काम कर रहे हैं। यह युवक सुबह और शाम घूमते हुए आम देखे जा सकते हैं।- मानवाधिकार कानून एवं सुरक्षात्मक भ्रष्टाचार निवारण जिलाध्यक्ष ने शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है।

मानवाधिकार कानून एवं सुरक्षात्मक भ्रष्टाचार निवारण जिलाध्यक्ष राकेश कर्दम ने बताया कि बाइकर्स द्वारा पटाखों की ध्वनि से ऐसा प्रतीत होता है कि मानो कहीं पर कोई बमनुमा वस्तु चल गई हो। एकदम से चलते पटाखे की ध्वनि से लोग सहम जाते हैं। जबकि यह युवक ऐसी घटिया हरकत करके रफूचक्कर हो जाते हैं। पुलिस ऐसे शरारती युवकों पर नकेल कसने में नाकाम ही साबित हो रही है। बुलेट मोटरसाइकिलों पर बनाए जा रहे गीतों से प्रभावित होकर युवकों में बुलेट मोटरसाइकिल को खरीदने का क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। जबकि मनचले युवक इस बाइक का सही प्रयोग करने के बजाय बाइक के जरिये दहशत फैलाने जैसा काम कर रहे हैं। इन पटाखों से निकलने वाली ध्वनि प्रदूषण हार्ट के मरीजों को अधिक इफेक्ट करती है। जबकि इसका बुरा असर बच्चों पर भी पड़ता है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार की बाइकों को निरंतर सीज किया जाता है। चालान की कार्रवाई की जाती है। पुन अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

### हरे आम के पेड़ काटने के आरोप में वनरक्षक ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव पलवाड़ा में हरे पेड़ कटान की सूचना पर वन विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। हालांकि टीम पहुंचने से पहले ही लकड़ी को गायब कर दी गई। वन रक्षक द्वारा थाने में दो लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

वन रक्षक कुमारी भावना ने बताया कि 27 अगस्त को सूचना मिली की गांव पलवाड़ा मार्ग स्थित धर्मकांटे के पीछे कुछ लोगों द्वारा हरे आम के पेड़ों का कटान किया जा रहा है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची तो देखा गया कि तीन आम के हरे पेड़ों का कटान किया गया है जिसकी लड़की गायब कर दी गई। जानकारी करने पर मालूम हुआ कि लकड़ी का कटान सतीश अग्रवाल द्वारा लकड़ी ठेकेदार गुलफाम से कराया गया है। वन रक्षक ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### सुसराल पक्ष पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला इंद्रा नगर निवासी महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोहल्ला निवासी शशि ने बताया कि उसके ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उसके सास पिटाई करता है। इसको लेकर कई बार दोनों पक्षों के लोगों के बीच बैठकर वार्ता की गई, लेकिन उसके बाद भी उनकी आदत में सुधार नहीं हो पाया है। पीड़िता ने बताया कि दो दिन पूर्व पति ने उसके साथ पिटाई कर हाथ तोड़ दिया। उसके बाद आरोपी ने उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने किसानों के नलकूप से की मोटर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव करीमपुर निवासी सतवीर यादव ने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि गांव के जंगल में अपने खेतों में फसलों की सिंचाई के लिए नलकूप लगवाया हुआ है। रात चोरों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर नलकूप की मोटर, केबिल समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। इसके अलावा राजकुमार चौहान, बुलीराम के नलकूपों में भी चोरी की गई है। तीन नलकूपों में चोरी होने से उनकी फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच करते हुए चोरों की तलाश की जा रही है।

# ग्राम पंचायत असौड़ा के वार्ड न.15 से साकिब राणा ने ठोकी दावेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** क्षेत्रकी ग्राम पंचायत असौड़ा में होने वाले आगामी पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में वार्ड न.15 से मेम्बर पद हेतु भावी उम्मीदवार मो. साकिब राणा ने अपनी दावेदारी का ऐलान किया है।

मो. साकिब राणा ने कहा कि वे जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास को ही अपना प्रमुख उद्देश्य मानते हैं। उन्होंने अपने समर्थकों के बीच घोषणा करते हुए कहा आप करोगे समर्थन, मैं करूंगा परिवर्तन। मो. साकिब राणा ने अपने वार्ड के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे इस चुनाव में उन्हें मौका दें। उन्होंने कहा कि वे अपने वार्ड के भाई, दोस्त और बेटे की तरह हमेशा जनता के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव जीतने के बाद वार्ड के अंदर जो भी वादे किए जाएंगे, उन्हें पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। साकिब राणा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता वार्ड के अंदर बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना, युवाओं और महिलाओं के हितों की रक्षा करना तथा हर वर्ग के लोगों की समस्याओं का समाधान करना होगा। उन्होंने लोगों से वादा किया कि यदि उन्हें सेवा का अवसर मिलता है तो वे क्षेत्र को एक आदर्श वार्ड बनाने की दिशा में काम करेंगे।

# सरकारी नौकरी पाने के लिए नर्सिंग अधिकारी की दो पत्नियों ने नर्सिंग अधिकारी की पत्नी होने का किया दावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तराखंड के चमोली जिले में एक वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी अरुण कुमार वर्मा की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी होने का दावा करने वाली दो महिलाओं के बीच विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले ने उनके उत्तराधिकार और मृत्यु से जुड़े लाभों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अरुण कुमार वर्मा गोपेश्वर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्णप्रयाग में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी के पद पर कार्यरत थे।

1 जून 2024 को ड्यूटी के दौरान उनकी हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के बाद, उनकी विभागीय जीवनकालीन अवशेष धनराशि जो लगभग 58-59 लाख रुपये है। जिसे लेकर विवाद शुरू हो गया। गोपेश्वर की राजनगर निवासी मीना वर्मा का कहना है कि उनकी शादी अरुण से 26 नवंबर 2001 को हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि अरुण का अंतिम संस्कार उनके बेटे ने किया था और उनके पास इसकी रसीद भी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग धनराशि हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज बना रहे हैं और मृत्यु प्रमाण-पत्र में भी फर्जीवाड़ा किया गया है। सदर एसडीएम ईला प्रकाश ने तहसीलदार की जांच के आधार पर मीना वर्मा का पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र रद्द कर दिया, क्योंकि वह गलत तथ्यों पर



आधारित था। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मृत्यु प्रमाण-पत्र की वैधता की जांच चल रही है और दोनों पक्षों को नोटिस जारी किए गए हैं। दोनों महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस दस्तावेजों और सबूतों की जाँच कर रही है ताकि इस मामले की सच्चाई का पता लगाया जा सके।

# नकली दवाओं के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में नकली दवाओं के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफ़ेयर एसोसिएशन ने एक अहम कदम उठाया है। हापुड़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने नकली दवाओं, खासकर हिमाचल प्रदेश, पांडिचेरी और तमिलनाडु से आ रही दवाओं के कारोबार पर चिंता जाहिर करते हुए एक आपात बैठक की। इस बैठक में आगरा में हुई 3 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकली दवाओं की बरामदगी पर चर्चा हुई। इन दवाओं में सनोफी कंपनी की अलीग्रा 120 मि.ग्रा. और 180 मि.ग्रा. टैबलेट्स भी शामिल थीं। एसोसिएशन ने बताया कि यह कार्रवाई 23 अगस्त 2025 को



आगरा में सहायक आयुक्त औषधि नरेश मोहन दीपक और यूपी एसटीएफ ने मिलकर की थी। इस दौरान दो थोक दवा दुकानों से नकली दवाएं पकड़ी गईं। महामंत्री विकास गर्ग ने सभी दवा विक्रेताओं से अपील की कि वे अलीग्रा टैबलेट्स के बैच नंबर की जांच करें और अगर कोई दवा संदिग्ध लगे, तो उसे तुरंत वापस कर दें। इस बैठक में दिनेश त्यागी जिलाध्यक्ष, विकास गर्ग महामंत्री और अन्य सदस्य जैसे साधु सिंह, संजय अग्रवाल, अरुण गोयल, राजीव डंग और कई अन्य लोग मौजूद थे।

# दहेज की मांग पूरी न करने पर ससुराल पक्ष पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष और अपनी बहन के पति पर दहेज में कार और 10 लाख रुपए की मांग पूरी न करने पर मारपीट, दोनों बहनों को तीन तलाक और ससुर पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की है। इस मामले में एसपी के निर्देश पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने शिकायती पत्र में बताया कि दहेज की माँग पूरी न होने पर उनके साथ और उनकी बहन के साथ मारपीट की गई, और दोनों को तीन तलाक दे दिया गया। महिला ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले, जिनमें उनके पति, बहन के पति, सास, ससुर, देवर, दो ननद और ननदोई शामिल हैं, दहेज में एक कार और 10 लाख रुपये की माँग कर रहे थे।

जब यह माँग पूरी नहीं हुई, तो उन्होंने दोनों बहनों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। आरोप है कि 7 मई 2025 को महिला के ससुर ने उनके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। जब महिला ने शोर मचाया, तो ससुर मौके से भाग गया। इस घटना की शिकायत करने पर उनके पति और सास ने उल्टा उन्हें और उनकी बहन को तीन तलाक देकर दोनों बच्चों सहित मायके छोड़ दिया। आरोप है कि महिला द्वारा पहले महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलह कराकर उन्हें वापस ससुराल भेज दिया था। लेकिन ससुराल में फिर से उत्पीड़न शुरू हो गया। 21 अगस्त 2025 को आरोपियों ने फिर से मारपीट की और महिला के पति ने दुपट्टे से उनका गला दबाकर जान लेने की कोशिश की।

महिला ने अपनी बहन को फोन पर इसकी जानकारी दी, जिसने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुँची पुलिस ने दोनों बहनों को उनके बच्चों के साथ उनके मायके भेज दिया। इस मामले मे एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देश पर दोनों पतियों सहित कुल आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जाँच जारी है। जाँच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# श्री सनातन धर्म रामलीला समिति ने किया भूमि पूजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** श्री सनातन धर्म रामलीला समिति द्वारा 40 वर्षों से आयोजित हो रही रामलीला महोत्सव के लिए आज सेक्टर-21ए स्थित नोएडा स्टेडियम के रामलीला ग्राउंड में धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ रामलीला के कार्यों का शुभारंभ करने के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में सांसद एवं संस्था के मुख्य संरक्षक डा. महेश शर्मा, कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व विधायक बिमला बाथम सहित अन्य अतिथियों ने भूमि पूजन कर ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही रामलीला के कार्यों को गति देने का कार्य का शुभारंभ किया गया।

श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के महासचिव संजय बाली ने बताया कि इस वर्ष रामलीला का भव्य आयोजन 22 सितंबर 2025 से 3 अक्टूबर तक किया जायेगा। सभी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। भूमि पूजन के उपरान्त समिति द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने की विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डा. टीएन गोविल, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील भारद्वाज, स्वागताध्यक्ष पीयूष द्विवेदी, रामकुमार शर्मा, शुभकरण राणा, रमेश कुमार, अल्पेश गर्ग, प्रमोद रंगा, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, अतुल मित्तल, विकास जैन, राधा कृष्ण गर्ग, अनिल खण्डेलवाल, सौरभ गोविल, मित्रा शर्मा, एनके अग्रवाल, डा. एसपी जैन, गौरव सिंहल, प्रताप मेहता, वीरेन्द्र मेहता, विनीत मेहता, एनपी सिंह, पीके अग्रवाल, मनोज शर्मा, मुकेश शर्मा, रामनिवास बंसल, राकेश कत्याल, डिम्पल आनंद, रमेश कुमार, अनुज गुप्ता, विपिन बंसल, डीके मित्तल, विनय शर्मा, रामरतन शर्मा, संजय गुप्ता, अतुल वर्मा, महेन्द्र कटारिया, पवनदीप सिंह, चितरंजन, शशिधर उपाध्याय, अशोक मिश्रा, मनीष तिवारी, नीरज चौधरी, विकास तिवारी, अर्चना राय, देवेन्द्र गंगल, सौरभ अग्रवाल, एससी गोयल, प्रमोद बहल, अमित अग्रवाल, सुधीर पोरवाल, भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# इस्कॉन मंदिर में राधा अष्टमी धूमधाम से मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आज इस्कॉन मन्दिर में श्रीमती राधारानी का प्राकट्य दिवस राधाष्टमी का दिव्य उत्सव अत्यन्त श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। श्रीमती राधारानी, जो भगवान श्रीकृष्ण की नित्य प्रेयसी एवं उनकी आह्लादिनी शक्ति हैं, भक्तों को भगवान के प्रेम में प्रवेश दिलाने वाली परम कृपालु शक्ति हैं। उनके चरणों में समर्पण ही भक्ति का परम मार्ग है। इस दिव्य अवसर पर भक्तों ने उनके श्रीचरणों में प्रेम, सेवा और भजन अर्पित कर आध्यात्मिक आनन्द की अनुभूति की। मन्दिर को रंग बिरंगे सुगन्धित पुष्पों से सजाया गया था, मानो स्वयं वृन्दावन की दिव्यता प्रकट हो रही हो। प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ हुए मुख्य उत्सव में भजन, कीर्तन, पंचगव्य एवं पुष्पों से युगल जोड़ी का अभिषेक और श्रीराधा की दिव्य लीलाओं पर आधारित कथा ने भक्तों को भावविभोर कर दिया।

# 21 साल से कम उम्र वालों को नहीं परोसी जाएगी शराब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में शराब पीने के शौकीन युवाओं के लिए एक बड़ा बदलाव किया गया है. अब अगर आपकी उम्र 21 साल से कम है, तो शहर के किसी भी पब या बार में आपको शराब नहीं मिलेगी। प्रशासन ने इसको लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं और बार-पब मालिकों को कड़ी चेतावनी दी है। नए नियम का मकसद नाबालिगों को शराब से दूर रखना और सामाजिक माहौल को बेहतर बनाना है।

नोएडा में प्रशासन ने शराब परोसने को लेकर सख्त रुख अपनाया है. अब जिले के पब और बार में नाबालिगों को शराब परोसने पर न सिर्फ भारी जुर्माना लगेगा, बल्कि लाइसेंस रद्द होने तक की कार्रवाई हो सकती है। हाल ही में बढ़ती शिकायतों को देखते हुए आबकारी विभाग ने बार और पब पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है/ इसी कड़ी में जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने गार्डन गैलेरिया मॉल के बार मालिकों और प्रबंधकों के साथ बैठक कर उन्हें साफ निर्देश दिए हैं कि नियम तोड़ने पर कोई ढील नहीं बरती जाएगी।

**आबकारी विभाग का एक्शनः** आबकारी विभाग ने साफ कर दिया है कि नाबालिगों को शराब परोसने पर किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अगर किसी बार या पब में नियमों की अनदेखी पाई गई, तो सीधे एक्शन लिया जाएगा. बैठक के दौरान कुछ संचालकों ने परिवार के साथ आने वाले नाबालिगों के मामलों का हवाला देते हुए आयु सीमा लागू करने में दिक्कत बताई, लेकिन जिला आबकारी अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि यह कानूनन नियम है और इसे सख्ती से लागू करना ही होगा।

इसके साथ ही सभी बार और पब को अपने एंट्री गेट के नोटिस बोर्ड पर लिखना होगा कि 21 साल से कम उम्र वालों को शराब नहीं परोसी जाएगी. वहीं, हाल ही में सस्ती शराब परोसने की शिकायतों पर विभाग ने दोहराया कि नई आबकारी नीति के अनुसार 1,000 रुपये से कम MRP वाली शराब की बिक्री प्रतिबंधित है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी, जबकि बार संचालकों ने आश्वासन दिया कि वे निर्धारित नियमों का पालन करेंगे।

# शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा शख्स से हुई लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के शाहबेरी निवासी सूर्यमोहन धर को साइबर जालसाजों ने शेयर बाजार में तीन गुना मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। खुद को एंजेल वन कंपनी का प्रतिनिधि बताकर 15 दिन की ट्रेनिंग दी और एप पर खाता खुलवाया।

निवेश के नाम पर 23 दिन में 40.50 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित को ठगी का पता तब चला जब वह मुनाफे समेत पूरी रकम नहीं निकाल पाया। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कराया है।

सूर्यमोहन धर एक निजी कंपनी से सेवानिवृत्त हैं। शेयर बाजार में भी उनकी रुचि है। 2 जुलाई को सानिया गोखले नाम की महिला ने उनसे व्हाट्सएप पर संपर्क किया। उसने खुद को एंजेल वन कंपनी के सीईओ अंबरीश खेंग का कथित प्रतिनिधि बताया। उसके कहने पर उसने शेयर बाजार में निवेश कर 100 प्रतिशत मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। उसने सूर्यमोहन को 136 लोगों के एक व्हाट्सएप ग्रुप में भी जोड़ लिया। जालसाज सूर्यमोहन की हर बात मान लेता था। उसने सूर्यमोहन को कंपनी के कुछ शेयर खरीदने के लिए मजबूर किया और भरोसा दिलाया कि मुनाफा बैंक खाते में जमा हो जाएगा।

इसी भरोसे के आधार पर जालसाजों ने 21 जुलाई को ऐप पर उसका डीएमए अकाउंट खुलवाया। 21 जुलाई से 12 अगस्त तक जालसाज निवेश के नाम पर पैसे जमा करवाते रहे। 12 अगस्त तक सूर्यमोहन ने जालसाज के बैंक खाते में 40.50 लाख रुपये जमा करा दिए थे। जब पैसे खत्म हो गए और उन्हें कुछ जरूरी काम पड़ा, तो उन्होंने पैसे निकालने चाहे।

## एक नजर

### ट्रेन में पत्थर मारकर शीशे तोड़े

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी के दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर चिपियाना व मारीपत रेलवे स्टेशन के बीच रांची राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर मारकर बदमाशों ने शीशे तोड़ दिए। गनीमत रही कि यात्रियों को चोट नहीं आई। शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस पत्थर मारने वाले आरोपियों की तलाश में लगी है। आरपीएफ ने बताया कि 30 अगस्त को एक्सप्रेस ट्रेन चिपियाना व मारीपत रेलवे स्टेशन के बीच पहुंची तो कोच नंबर ए4 की सीट नंबर 20, 21 व कोच नंबर बी6 की सीट नंबर 7 पर पत्थर मारे गए। इससे एसी कोच के शीशे टूट गए। आरपीएफ की जांच में पता चला कि गेरिया नाले के पास संदिग्ध लोगों ने पत्थर मारकर शीशे तोड़े हैं।

### सीए चमन सिंह नोएडा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा बार एसोसिएशन के शनिवार को चुनाव हुए। चुनाव में सीए चमन सिंह भड़ाना अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी सीए अश्वनी गोयल को 33 मतों के अंतर से हराया, जबकि प्रतिद्वंदी एसी अश्वनी गोयल को केवल 10 मतों से ही संतोष करना पड़ा। नवनिर्वाचित सीए चमन सिंह भड़ाना ने बताया कि पूरे पैनल ने शानदार जीत हासिल की, जिसमें अधिवक्ता प्रतीक गर्ग महासचिव, अधिवक्ता एस के रस्तोगी उपाध्यक्ष पद पर चुने गए। नव निर्वाचित टीम ने बार एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प व्यक्त किया है।

### गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सामने दनकौर रैम्प पर सड़क धंसी, कोई एक्शन नहीं

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक गंभीर समस्या सामने आई है। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सामने दनकौर की तरफ जाने वाले रैम्प पर सड़क धंस गई है। टोल बूथ के पास रेलिंग के नजदीक सड़क टूटने से गहरा गड्ढा बन गया है। यह रैम्प एक्सप्रेसवे से सर्विस रोड तक जाने के लिए प्रयोग किया जाता है। वाहन चालकों ने इस समस्या को सोशल मीडिया पर उठाया है। उन्होंने गड्ढे की वीडियो बनाकर शेयर की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति दुर्घटना को न्योता दे रही है। चिंता की बात यह है कि अभी तक इस खतरनाक स्थिति के बारे में कोई चेतावनी बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। शिकायतों के बावजूद अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। इससे रोजाना हजारों वाहन चालकों की सुरक्षा जोखिम में है।

### मिनटों में घर के दरवाजे पर दवा और खाना पहुंचाएगा ड्रोन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अगर आप नामचीन कंपनी से ऑनलाइन खाना और दवा मंगवा रहे हैं तो डिलीवरी ब्वॉय की जगह घर के दरवाजे पर ड्रोन पहुंचाता दिखाई देगा। महाराष्ट्र के शिरडी स्थित संजीवनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के छात्रों ने स्वदेशी तकनीक से एक ऐसा ड्रोन तैयार किया है। नोएडा स्टेडियम में आयोजित वर्ल्ड रोबोटिक गेम्स टेक्नोशियन प्रतियोगिता में छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। टीम का नेतृत्व करने वाले छात्र कृष्णा गवाने ने बताया कि उनकी टीम का नाम एरोड्रॉप है। टीम के सभी साथी कॉलेज में बीटेक तृतीय वर्ष में पढ़ते हैं। टीम ने एक वर्ष की कड़ी मेहनत के बाद इस ड्रोन को बनाया है।

इसके पीछे टीम की मंशा है कि देश में विदेशी नहीं स्वदेशी तकनीक से बने ड्रोन से दावा, खाना और अन्य सामग्री की सप्लाई हो। इस ड्रोन की विशेषता यह है कि अपने वजन से ढाई गुना वजन उठाकर सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से पहुंचा सकता है। ड्रोन का वजन करीब चार किलो हैं। कई बार किए ट्रायल के दौरान यह ड्रोन अधिकतम 10 किलो वजन उठा सकता है। इसमें इस्तेमाल होने वाली 22 हजार एमएच की बैटरी को 10 से 15 मिनट में चार्ज किया जा सकता है। बैटरी के सहारे यह एक घंटे तक हवा में उड़ान भर सकता है। छात्रों ने बताया कि इस ड्रोन को महानगरों में खड़ी बहुमंजिला इमारतों को भी ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह 500 फीट ऊंचाई तक उड़ सकता है। इसमें एक कैमरा लगा होगा। कैमरे के जरिये ड्रोन बहुमंजिला इमारतों में बालकनी से ही सामग्री पहुंचा सकता है। 80 हजार रुपये आई है लागत इसे तैयार करने वाले छात्रों ने बताया कि शुरुआत में इसे तैयार करने में 80 हजार रुपये से अधिक की लागत आई है। आने वाले दिनों में इसकी लागत और भी कम की जा सकती है। उन्होंने बताया कि यह ड्रोन विक्रेता से सीधे ग्राहक तक जल्द, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल साम्रगी पहुंचाएगा। कैसे ड्रोन से ऑर्डर किया जाएगा फूड ड्रोन का इस्तेमाल विक्रेता के स्टोर्स और कॉमन कस्टमर प्वाइंट के बीच इन्वेंट्री को फिर से भरने के लिए किया जाएगा।

# हाथरस के लिए मास्टर प्लान जल्द तैयार होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण ने हाथरस अर्बन सेंटर (फेज-2) के लिए मास्टर प्लान तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए सलाहकार कंपनी का चयन करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी हो गई है। विशेष कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि हाथरस में सासनी तहसील के 66 गांवों में फैले दो से चार हजार हेक्टेयर क्षेत्र में नया शहर विकसित किया जाएगा। सासनी हाथरस अर्बन सेंटर के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में है। इससे शहर को हाथरस की कृषि क्षमता, मौजूदा उद्योगों और अच्छे सड़क और रेलवे कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। साथ ही एनएच-93, एसएच-33 का भी शहर से जुड़ाव होगा।

हाथरस में 10,293 लघु एवं कुटीर उद्योग पंजीकृत हैं। इनमें दाल मिलें, हींग व अचार इकाइयां, कोल्ड स्टोरेज, होजरी, कांच की माला, घुंघरू, हस्तशिल्प, धातु कला, कालीन निर्माण, डेयरी, बॉटलिंग प्लांट और बीपीसीएल का एलपीजी प्लांट शामिल हैं। बताया गया कि शहर का मास्टर प्लान 2041 तैयार करने के लिए आरएफपी जारी कर दी गई है। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 6 अक्टूबर है और तकनीकी बोलियां 8 अक्टूबर को खोली जाएंगी। चयनित सलाहकार को 8 महीने का समय मास्टर प्लान पूरा करने के लिए मिलेगा।

# मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रदर्शन किया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित इरोज सम्पूर्णम सोसाइटी के लोगों ने रविवार को बिल्डर प्रबंधन के सेल्स ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि सोसाइटी में पानी और बिजली जैसी सुविधाएं भी ठीक से नहीं मिल रही है। सोसाइटी में हर हफ्ते पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसका समाधान नहीं किया जा रहा है। सोसाइटी में रहने वाले शशिधर और अभिषेक ने बताया कि परिसर में गुरुवार रात को पानी की सप्लाई बाधित हुई थी। शुक्रवार सुबह सोसाइटी के टैंक का सारा पानी खत्म हो गया, जिसके बाद लोगों के घरों में पानी आना बंद हो गया। लगातार बिल्डर प्रबंधन शिकायत करने पर प्राधिकरण की कमी बताई। लोगों का आरोप है कि यह समस्या प्रबंधन की मोटर खराब होने के कारण हुई, जोकि लोगों को नहीं बताई गई।

# ऊर्जा, उत्साह और नए संकल्प का स्रोत, मोदी: नबाब सिंह नागर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आज अटल बिहारी वाजपेयी मंडल के अंतर्गत ग्राम बरौला स्थित कॉन्वेंट स्कूल बूथ संख्या 304 पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम ष्मन की बातष को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि

प्रधानमंत्री के विचार हम सभी के लिए ऊर्जा, उत्साह और नए संकल्प का स्रोत हैं। यह संवाद राष्ट्र निर्माण की दिशा में हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान करता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष नीरज चौधरी, राजवीर प्रधान, इंद्रराज खटाना, धर्मवीर चौहान, उमेश चौहान, पुनीत चौहान, गोविंद कोरंगा एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# फॉरेंसिक जांच से सामने आएगा निक्की मर्डर केस का सच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में विवाहिता निक्की भाटी की कथित तौर पर दहेज के लिए जलाकर हत्या करने के मामले में नोएडा पुलिस की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। पुलिस घटना से जुड़े साक्ष्य जुटाने में लगी है। पुलिस अब घर में मिले लाइटर और थिनर की बोतल की भी फॉरेंसिक जांच कराएगी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी और पीड़िता के मोबाइल फोनों को भी फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा सकता है।

कासना कोतवाली क्षेत्र के सिरसा गांव निवासी ससुराल पक्ष के लोगों पर विवाहिता निक्की की जलाकर हत्या करने का आरोप लगा है। उधर, आरोपी पक्ष घटना को आत्महत्या बता रहा है। पुलिस हत्या और आत्महत्या की जांच में जुटी है। इसके लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना से जुड़े कुछ साक्ष्य फॉरेंसिक लैब भेजे जाएंगे। इनमें सबसे अहम साक्ष्य घटना के समय इस्तेमाल किया गया लाइटर और थिनर की बोतल है, जिन्हें पुलिस ने मौके से बरामद भी किया था। फॉरेंसिक जांच से पता लगाया जाएगा कि लाइटर और बोतल पर किसके फिंगरप्रिंट थे। पुलिस इन साक्ष्यों के जरिये सच्चाई तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है। इसके लिए तमाम साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

**मोबाइल और वीडियो की भी जांच होगी :** घटना से जुड़े उन वीडियो को भी फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। फॉरेंसिंक जांच से पता लगाया जाएगा कि वीडियो एडिट तो नहीं हैं। इसके साथ ही इनके दिन और समय का भी पता चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि जरूरत पड़ने पर आरोपी और पीड़िता के मोबाइल को भी फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा सकता है, जिससे मोबाइल में छिपे हर राज के बारे में पता लगाया जाएगा। पुलिस इन सभी फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट को विवेचना में शामिल करेगी। पुलिस का दावा है कि साक्ष्य इकट्ठा कर जल्द से जल्द चार्जशीट तैयार की जाएगी।

**परिवार ने अदालत से न्याय की उम्मीद जताईः** निक्की के परिवार ने इस मामले में पुलिस और कोर्ट पर भरोसा जताया है। परिजनों का साफ तौर पर कहना है कि पुलिस इस मामले में जांच कर सच्चाई का पता लगाएगी। इसके बाद कोर्ट से उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद है। कुछ लोग नए-नए वीडियो बनाकर आरोपी पक्ष को बचाने और उल्टा पीड़ित परिवार पर लांछन लगा रहे हैं। निक्की के परिवार इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए 300 से अधिक प्रतिनिधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चाइल्ड पीजीआई के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की ओर से इंडियन एसोसिएशन ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स (आईएएमएम) दिल्ली चौप्टर का दूसरा वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। इसका विषय वायरल डायग्नोस्टिक्स में हालिया प्रगति, चुनौतियां और अवसर रहा। इसमें देशभर से 300 से अधिक विशेषज्ञों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

आरएमएल अस्पताल की डॉ माला छाबड़ा ने वायरल प्रकोपों के बदलते स्वरूप पर व्याख्यान दिया, जिसमें निपाह, मंकीपॉक्स, कोविड-19 और जीका जैसे उभरते संक्रमणों का जिक्र किया गया। सत्र का संचालन डॉ गीता मेहता और डॉ अनीता चक्रवर्ती ने किया। डॉ एकता गुप्ता ने बाल्यावस्था में वायरल हेपेटाइटिस की जांच में नवाचार पर प्रस्तुति दी। इसमें डॉ. रेशु अग्रवाल और डॉ. शोभा ब्रोअर ने अध्यक्षता की। मॉलिक्यूलर वायरल डायग्नोस्टिक्स की संभावनाएं और सीमाएं विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में डॉ बीएल शेरवाल, डॉ ललित दर, डॉ डीके सिंह और डॉ सुमी नंदवानी शामिल हुए। इसका संचालन डॉ अशोक रत्तन ने किया।

इस दौरान एमडी व पीएचडी छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता हुई। इसका संचालन डॉ संजीब गोगोई व डॉ प्रभाव अग्रवाल ने किया। प्रतियोगिता में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। तीस से अधिक प्रतिभागियों के के बीच पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इस अवसर पर आईएएमएम दिल्ली चौप्टर के अध्यक्ष डॉ मनोज जैस, डॉ विकास मंचंदा, चाइल्ड पीजीआई के निदेशक प्रो डॉ अरुण कुमार सिंह, डब्ल्यूएचओ से डॉ रेशु अग्रवाल भी शामिल हुए।

# तीन वर्ष से रजिस्ट्री के लिए भटक रहे हैं 1100 परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** तीन साल से 1100 परिवार रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे हैं। कोई उनकी सुध नहीं ले रहा है। इन मुद्दों को ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित 7 एवेन्यू सोसाइटी के निवासियों ने उठाया। रविवार को आयोजित अमर उजाला संवाद में निवासियों ने कहा कि लाखों रुपये देकर उन्होंने अपना सपनों का घर खरीदा था। कई साल गुजर जाने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं हो पाई है। कई बार बिल्डर से रजिस्ट्री कराने की मांग की गई। हर बार केवल आश्वासन ही मिला।

निवासियों ने बताया कि उनसे कहा गया कि पहले ई-स्टंप शुल्क देना पड़ेगा। उसके बाद रजिस्ट्री शुरू होगी। ई-स्टंप शुल्क देने के तीन साल बाद भी रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई। रजिस्ट्री नहीं होने के कारण वह अपना फ्लैट नहीं बेच पा रहे हैं। उनका कहना है कि बिल्डर जानबूझकर रजिस्ट्री नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब वह बिल्डर की प्रताड़ना को नहीं सहेंगे। यदि जल्द से जल्द रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो वह सड़कों पर उतरेंगे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बाइक मिस्त्री की दुकान पर सरे बाजार किसान को लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कस्बे में रविवार की दोपहर बाइक ठीक कराने आए गांव के एक किसान को मिस्त्री की दुकान पर अचानक एयर गन से गोली लग गई। अचानक हुई इस घटना में किसान घायल हो गया। पीड़ित के सिर में खून बहने पर एक निजी चिकित्सक के यहां एक्स-रे कराया। एक्स-रे में सर में गोली की तरह की नुकीली चीज फसी हुई है ईकोटेक कोतवाली के अमरपुर गांव निवासी किसान राजदीप दनकौर कस्बे में दीनदयाल तिहारी के पास स्थित एक बाइक मिस्त्री की दुकान पर अपनी बाइक ठीक करने आए थे। वह दोपहर के समय अपनी बाइक ठीक कर रहे थे तभी अचानक उनकी कनपटी पर पीछे से आकर गोली लग गई।

हाथ लगाने पर देखा तो उनके हाथ में खून बह रहा था। घायल का सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित ने इस संबंध में दनकौर कोतवाली में तहरीर दे दी है। पीड़ित का कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एयर गन की गोली उनके सिर में लगी है। पुलिस ने घायल मेडिकल परीक्षण करने और उपचार के लिए जिम्स अस्पताल ग्रेटर नोएडा में भर्ती कराया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। दनकौर पुलिस का कहना है कि युवक के सिर में किसी व्यक्ति द्वारा चलाई गई एयर गन की गोली लगी है। जिस व्यक्ति द्वारा हवा में गोली चलाई गई है उसकी जांच की जा रही है।

# बरौला में कई बिल्डिंगें अवैध घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने बरौला में हनुमान मंदिर के पास नौ खसरा नंबरों पर बनी कई कॉमर्शियल बिल्डिंगों को अवैध घोषित कर दिया है। इनके खसरा नंबरों की लिस्ट प्राधिकरण की ओर से विज्ञापन छापकर जारी की गई है। प्राधिकरण का दावा है कि यह बिल्डिंगें शीघ्र ही ध्वस्त होंगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह भूमाफियाओं के झांसे में आकर यहां पर खरीद-फरोख्त न करें।

नोएडा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को एक विज्ञापन जारी किया गया है। इस विज्ञापन में नोएडा प्राधिकरण की ओर से कहा गया है कि सलारपुर के खसरा संख्या 582, 601, 602, 603, 605, 606, 607, 608 और 609 की भूमि पर बनी बिल्डिंगें अवैध हैं, जो बरौला में हनुमान मूर्ति के आस-पास हैं।

इनकी पूर्व दिशा में विश्वकर्मा रोड और उत्तर में डीएससी रोड, पश्चिम ममें बरौला की आबादी तथा दक्षिण में हनुमा न मंदिर के मध्य स्थित हैं, जिसकी सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्राधिकरण करेगा, जिसकी पत्रावली पर काम चल रहा है। इन्हें शीघ्र ही ध्वस्त किया जाएगा। कुछ भूमाफियाओं ने इस जमीन पर दुकानें बनाकर बेच दी हैं, जो गलत हैं।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने लोगों से अपील की है कि वह इन खसरा नंबरों पर बनी अवैध बिल्डिंगों में किसी भी तरह की संपत्ति की खरीद-फरोख्त न करें।

**प्रदूषण विभाग ने सुपरटेक बिल्डर को भेजा नोटिसः** वहीं, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने सुपरटेक बिल्डर को नोटिस भेजा है। कार्रवाई के लिए मुख्यालय को डिटेल रिपोर्ट भेजने के साथ डीएम को भी पत्र लिखा है। यह कार्रवाई जनरेटर न हटाने पर हुई है। बता दें कि पूर्व में बिल्डर पर 40 लाख से अधिक का जुर्माना भी लगा चुका है।

सुपरटेक बिल्डर की ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ईकोविलेज-टू सोसाइटी में दो जनरेटर लगे हैं। आरोप है कि मानकों के अनुसार चिमनी नहीं लगी है, जिसकी वजह से जनरेटर का धुआं पास की सोसाइटी पंचशील ग्रीन्स-1 के फ्लैटों में जाता है। इस पर निवासियों ने मामले की शिकायत यूपीपीसीबी से की थी। विभाग द्वारा नोटिस जारी किए जाने पर बिल्डर ने 12 अगस्त को एक जनरेटर तो हटा लिया, लेकिन दूसरा अब तक नहीं हटाया। इस पर संज्ञान लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने बिल्डर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

नोटिस और अन्य बिंदुओं की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी गई है। अधिकारी के मुताबिक बिल्डर पर अब मुख्यालय स्तर से कार्रवाई की जाएगी। वहीं आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी को पत्र लिखा गया है।

## स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में अधिकारियों को ज्ञापन देने के साथ ही एक्सईएन कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किसान यूनियन ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध करते हुए एक्सईएन कार्यालय पर प्रदर्शन किया। साथ ही इस संबंध में अधिकारियों को ज्ञापन दिया। चेताया कि यदि स्मार्ट मीटर लगाए गए तो उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।



किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री महबूब अंसारी के नेतृत्व में सांपला रोड स्थित ऊर्जा निगम के कार्यालय पर पहुंचे किसानों का कहना था कि स्मार्ट मीटर लगने से आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। किसानों का आरोप था कि स्मार्ट मीटर रीडिंग में गड़बड़ी होती है, जिससे बिल अधिक आता है। कहा कि यदि स्मार्ट मीटर लगे तो बिल अधिक आएगा और उन्हें आर्थिक हानि होगी, इससे फसल की सिंचाई और अन्य खर्चों पर असर पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ज्ञापन दिया। इसमें स्मार्ट मीटर योजना को तुरंत वापस लिए जाने, बिजली के बिलों में व्याप्त गड़बड़ी को दुरुस्त किए जाने, बिजली का कनेक्शन बिना किसी सुविधा शुल्क के जोड़े जाने, खराब ट्रांसफार्मरों को तत्काल ठीक कराए जाने आदि मांगें की गईं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अमित राणा, जिला महामंत्री फरहत इलाही उर्फ बाबू, राव नफीस, आसिफ कुरैशी, अरशद अंसारी, शौकीन अंसारी, जान मोहम्मद समेत काफी संख्या में किसान शामिल रहे।

## श्री गुरुग्रंथ साहिब प्रकाश पर्व आज

**बिजनौर।** पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक धाम में कल एक (आज) एक सितम्बर को धन-धन श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के प्रथम प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नगर कीर्तन निकाला जाएगा।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नगर कीर्तन प्रात: 5:30 बजे शुरू होगा। प्रात: 8:30 बजे अखण्ड पाठ साहिब की समाप्ति होगी। सायं 7:00 बजे सोदर रहरास साहिब जी का पाठ होगा। रात्रि 7:30 बजे भाई सतविन्दर सिंह शबद कीर्तन करेंगे।

8:00 बजे से 9:30 बजे तक माता सेवा सुन्दरी दल धामपुर एवं भाई जसवीर सिंह एवं उनके सार्थियों द्वारा कीर्तन होगा। अरदास गुरु दा अटूट लंगर बरतेगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने साध संगत से विनती की है कि उपरोक्त कार्यक्रम में गुरु घर में हाजिरी भरकर खुशियां प्राप्त करें।

## हृदय जांच शिविर में रोगियों की जांच कर दी औषधि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एए एजुकेशनल सोसाइटी के तत्वावधान में रविवार को भव्य हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 250 मरीजों की दिल की विभिन्न जांच करते हुए मुफ्त दवाइयां दी गईं।



गैलेक्सी नर्सिंग होम मुजफ्फरनगर के सहयोग से मोहल्ला गद्दीवाड़ा में नंबरदार आवास पर आयोजित हुए शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी फहीम नंबरदार ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविरों से लोगों को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने एए एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। शिविर में गैलेक्सी हास्पिटल के डा. अम्मार, डा. शफीक, डा. शमीम और दिल्ली से आए डा. अजहान सिद्दीकी ने मरीजों की ईसीजी, ब्लड शुगर समेत अन्य जांचें और आवश्यक सलाह दी। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. जुबैर ने हड्डी रोगों से संबंधित मरीजों को जांचा और दवाइयां दी।

एए एजुकेशनल सोसाइटी के चेयरमैन फारूक नंबरदार ने बताया कि शिविर में 250 मरीजों की जांच कर दवाइयां दी गई है। बताया कि सोसाइटी समय समय पर इस तरह के शिविर आयोजित करती है। इस मौके पर डा. उस्मान रमजी, फैज सलीम सिद्दीकी, फहीम उस्मानी, सलीम उस्मानी, तलहा नसीम, मनाल उस्मानी, इब्राहीम अकील, फरहत इलाही, काशिफ उस्मानी आदि गैलेक्सी हास्पिटल के डाक्टर व लोग शामिल रहे।

## यज्ञरूप में परमेश्वर की उपासना करने से मानव का जीवन उत्कृष्ट बनता है: आर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** घर घर यज्ञ, हर घर यज्ञ कार्यक्रम के तहत जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा ने रविवार को शिक्षक नगर समेत विभिन्न स्थानों पर 60 घरों में एक साथ वैदिक यज्ञ का आयोजन किया।



बसंत विहार में डा. सुरेंद्र आर्य के आवास पर हुए कार्यक्रम में बड़ौत से आए आचार्य धनकुमार शास्त्री ने कहा कि यज्ञरूप में परमेश्वर की उपासना करने से मानव का जीवन उत्कृष्ट बन जाता है। कहा कि ईश्वर का रूप सुख देने वाला है। प्राणी मात्र का भला करके ही उसकी सच्ची भक्ति होती है। आचार्य विनीत कुमार आर्य ने कहा कि हमें ईश्वर उपासना कर ईश्वर के गुणों को अपनी आत्मा में धारण कर परोपकार कार्यों में लगना चाहिए। भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि आर्य समाज की भूमिका राष्ट्र हित में सर्वोपरि है। आर्य समाज हमें वेदों के मार्ग पर चलना सिखाता है। अध्यक्षता जिला आर्य सभा के प्रधान महीपाल आर्य व संचालन चौ. विपिन आर्य ने किया। इस दौरान प्रधान मुकेश आर्य, डा. अजब सिंह आर्य, ईश्वर आर्य, विना. ेद, प्रभात, विकास, शिवराज आर्य, राजबीर, अजय गर्ग, मांगेराम, अनिल त्यागी, देववृत आदि शामिल रहे।

## क्षत्रिय करणी सेना संगठन ने लोगों को जोड़ने का किया आह्वान

**देवबन्द।** क्षत्रिय करणी सेना की बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में लोगों को संगठन से जोडने का आह्वान किया गया।



स्टेट हाइवे स्थित एक सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ठा. सुरेंद्रपाल सिंह ने कहा कि यह संगठन क्षत्रिय समाज को स्वाभिमानी बनाने के लिए करणी सैनिकों का निर्माण कर रही है। प्रांतीय संगठन मंत्री विकास राणा ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए काम करे। जिलाध्यक्ष देवा राणा ने कहा कि पदाधिकारी प्रत्येक गांव में करणी सेना की इकाई बनाने का काम करें। तहसील अध्यक्ष विकास राणा व मोनू राणा ने कहा कि 15 दिन में ग्राम अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी जाएगी। विजयकांत चौहान ने मशाल जलाकर समाज के लोगों को स्वाभिमान की रक्षा करने का प्रण दिलाया। अध्यक्षता दिनेश राणा व संचालन दीपक सोम ने किया। इस मौके पर डा. भानू प्रताप सिंह, ठा. रणवीर, अमित कुमार सूरज राणा, जयकुमार राणा, अंश राणा, नरेंद्र राणा, प्रवीण राणा आदि शामिल रहे।

## जैन मंदिरों में उत्तम शौच धर्म की हुई पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दशलक्षण पर्व के चौथे दिन नगर के जैन मंदिरों में उत्तम शौच धर्म की विशेष पूजा अर्चना की गई। साथ ही पुष्पदंत भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने तत्वार्थ सूत्र विधान के चौथे अध्याय के 42 अर्ध चढ़ाए।



श्री दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर सरागवाड़ा में श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, नित्य निमय पूजन हुआ। शांतिधारा का सौभाग्य सुरेश चंद प्रदीप कुमार, प्रतीक जैन व सुदेश जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान आचार्य अरुण सागर महाराज ने अपने प्रवचन में उत्तम शौच धर्म का महत्व बताया। कहा कि शौच का अर्थ शुि. चता और उत्तम शौच धर्म का अर्थ आत्मा के विचारों और अभिप्रायों में पवित्रता और शुद्धता लाना है। कहा कि भौतिक सुखों, असत्य और लोभ का त्याग कर संतोष की भावना को अपनाना ही उत्तम शौच धर्म है। इससे व्यक्ति का मन शुद्ध और पवित्र बना रहता है। इससे पूर्व रात्रि में मंदिर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। मुकेश जैन, अखिल जैन, रविंद्र जैन, अंकित जैन, अभय जैन, रेखा जैन, सुमन जैन, शिल्पी जैन, शशि जैन, सविता जैन, चंचल जैन, अंजू जैन, मिलन जैन, अक्षय जैन आदि जैन समाज के लोग शामिल रहे।

## खेलों का साइकिल रैली के साथ समापन, बच्चों को किया पुरूस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ठा. फूल सिंह मैमोरियल इंटर कालेज रणखंडी में चल रहे तीन दिवसीय खेलों का रविवार को साइकिल रैली के साथ समापन हुआ। विजेता छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया।



कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डा. अमरदीप सिंह पुंडीर ने कहा कि खेलों का जीवन में अत्यंत महत्व है। शिक्षा के साथ ही खेलों को भी जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। खेलों में रोजगार के अवसर भी तालशे जा सकते है। उन्होंने बताया कि हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित हुए तीन दिवसीय खेलों में छात्र-छात्राओं ने जमकर दमखम दिखाया है। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त 1905 को प्रयागराज में राजपूत परिवार में जन्मे मेजर ध्यानचंद ने 1928, 1932 और 1936 में हाकी का स्वर्ण पदक भारत को दिलाया था। उनकी स्टिक वर्क, गेंद नियंत्रण, ड्रिबलिंग और गोल करने की क्षमता के कारण ही उन्हें हाकी के जादूगर की उपाधि मिली। वर्ष 1956 में उन्हें प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पदमभूषण से भी सम्मानित किया गया था। इस दौरान पुष्पेंद्र, राज. ेंद्र, मनोज, सुभाष चंद आदि शामिल रहे।

## ई-रिक्शा चालक यूनियन का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर के रिक्शा चालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुदस्सिर जमा खां के नेतृत्व में बैटरी रिक्शा चालक यूनियन का गठन किया गया। इस मौके पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में सैकड़ों रिक्शा चालकों ने भागीदारी की।

मुअज्जमपुर रोड स्थित रायल हैरिटेज रिसॉर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मौ. उवैस खां ने कहा कि संगठन बनाना आसान है, किंतु संगठित रहना बड़ी बात है। संगठन एक परिवार की तरह होता है और इसकी एकता बनाए रखना बेहद आवश्यक है। रिक्शा चालक मेहनतकश वर्ग हैं, उनके अधिकारों की रक्षा इस यूनियन की प्राथमिकता होगी। यह संगठन किसी भी राजनीतिक स्वार्थ के लिए नहीं बनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए संयोजक मुदस्सिर जमा खां ने बताया कि यूनियन के संरक्षक मंडल में नगर व क्षेत्र के अधिवक्ताओं, किसान नेताओं, पत्रकारों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों को जोड़ा गया है। यूनियन के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सभासद इस्लाम राईन को सौंपी गई है, जबकि आसिफ खान उपाध्यक्ष, मरैहम्मद फारूक महासचिव तथा मौहम्मद नौशाद सचिव चुने गए हैं। अन्य पदाधिकारियों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिक्शा चालकों के उत्पीड़न को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जहां उनका पसीना



गिरेगा, वहां हम अपना खून बहाने को तैयार रहेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष इस्लाम राईन, एडवोकेट अमित अग्रवाल, एडवोकेट हनुमान सिंह चौहान, एडवोकेट मौहम्मद उजैर, एडवोकेट मौहम्मद फहीम, मुन्ना टाइगर, शूटर उस्मान खां, भाजपा नेता फिरोज कादरी, सुप्रीम कोर्ट के सरकारी अधिवक्ता मुजक्किर जमा खां, वरिष्ठ पत्रकार दिलशाद अल्वी, विशाल पारचा, आदर्श चौधरी, मौहम्मद मेहरबान, मुसैब सिद्दीकी, शमीम अंसारी, सलीम राशिद, रोहिल खान, मौहम्मद परवेज, डॉ. मोजिज्यर खां आदि ने भी अपने विचार रखे।

## धामपुर में गणेश उत्सव का समापन

### धूमधाम से निकली विसर्जन यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला कहारान में पांच दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का रविवार को विधि विधान के साथ समापन हुआ। गणेश भगवान की भव्य प्रतिमा को शोभायात्रा के रूप में नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए हरिद्वार विसर्जन के लिए रवाना किया गया।



महोत्सव के समापन अवसर पर अखाड़ा प्रेमियों ने करतब दिखाकर लोगों को अचंभित कर दिया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में युवाओं की टोली ने पिरामिड बनाकर जमकर उत्साह दिखाया। डीजे पर भजनों की धुन पर युवाओं ने नृत्य किया, वहीं महिलाओं ने पारंपरिक जयकारों से वातावरण को गणेशमय बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन से हुआ, जिसमें नगर पालिका परिषद के सभासद हिमांशु सैनी, वरिष्ठ लिपिक पवन कुमार, आरएसएस के वरिष्ठ अधिकारी अरुण कुमार भटनागर समेत आयोजन समिति के पदाधिकारी शामिल रहे। महिला मंडल की ओर से आयोजित भजन संध्या में सुनीता गांधी, कविता गोस्वामी, प्रीति सैनी, रेखा रस्तोगी, साधना गोस्वामी, रीता गोस्वामी, विमला भटनागर, रूपा गोस्वामी, कुणाल गांधी आदि ने विभिन्न भजनों की प्रभावी प्रस्तुतियों के माध्यम से भगवान गणेश के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। इस दौरान श्रद्धालु परिवारों ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के अलावा जय गणेश देवा जय गणेश देवा आदि पारंपरिक जयकारों के सामूहिक उच्चारण से कार्यक्रम स्थल को गणेश मय बना दिया।

भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का समापन महाआरती के साथ हुआ।

## सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। मोहल्ला काहरान में स्योहारा चुंगी के निकट मोहित कुमार सैनी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन सुन मां अंजनी के लाल मुझे तेरा एक सहारा, मुझे अपनी शरण में ले लो मैं बालक हूं तुम्हारा, यह भजन सबको खूब पसंद आया। सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में मोहित कुमार सैनी, फूलवती देवी, सुनील सैनी, अनिल सैनी, सुनीता सैनी, प्रतिभा सैनी, आरती सैनी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, रामप्रकाश आदि रहे।

## सुनील दत्त शर्मा अध्यक्ष व हेमराज सिंह जिला मंत्री निर्वाचित

### राजकीय वाहन चालक महासंघ का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विकास भवन के सभागार में राजकीय वाहन चालक महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी एवं सहायक चुनाव अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ जिला अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें जिला अध्यक्ष पद पर सुनील दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विकास पाठक, जिला संयुक्त मंत्री अरविंद कुमार, संगठन मंत्री सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, प्रचार मंत्री बृजेश चौधरी को निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिला मंत्री पद पर चुनाव हुआ, जिसमें हेमराज सिंह को 26 मत एवं नरेंद्र कुमार को 16 मत प्राप्त हुए तथा 05 मत निरस्त हुए। हेमराज सिंह को 10 मतों से मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा विजयी घोषित किया गया। सर्वसम्मति से राजपाल सिंह को जिला संरक्षक मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद सिद्दीकी ने कहा कि संगठन सदैव सेवा सुरक्षा के लिए संघर्ष करता है। 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को एनपीएस एवं यूपीएस के नाम से सरकारों ने ठगने का काम किया है संगठन ने हमेशा पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष किया है जो अंत तक जारी रहेगा। मुख्य चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए कहा कि संगठन के प्रति पूरा निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे तो नि:संदेह हमारी बात को शासन प्रशासन समझेगा। महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि जनपद स्तर पर किसी भी कर्मचारी का अनावश्यक उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। आगामी आंदोलन में कर्मचारियों की सहभागिता एवं आंदोलन को सफल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर महासंघ प्रदेश सलाहक. ार शाहिद अली, प्रदेश मंत्री रमेश कुमार ,पूर्व महामंत्री (स्वास्थ्य विभाग) अमित सैनी, संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद जिला संरक्षक देशराज सिंह, महासंघ क्षेत्र मंत्री मुरादाबाद मंडल संजीव कुमार, संजय कुमार, ललित कुमार, सोहरव खान, विमल कुमार, संदीप सैनी, चंद्र देव, अनिल कुमार, देवेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मनचंदा, विजयपाल सिंह, वीर सिंह, विजेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार आदि ने संबोधित किया।



## जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन की एक पंचायत कोतवाली देहात में हुई। जिसकी अध्यक्षता धर्मवीर धनकर और संचालन विवेक वालियान ने किया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान तथा युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह का सोनू विर्क, रोहित राणा, बलजीत सिंह, सरदार सुख चैन सिंह ने पगड़ी बांधकर स्वागत किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कोतवाली क्षेत्र की युवा टीम अच्छा काम कर रही है। लेकिन वे लोग अपने ग्राम अपने क्षेत्र में अपने संगठन के बुजुर्ग लोगों से भी राय लेते रहे। उन्होंने युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने की नसीहत दी तथा बुजुर्ग किसानों से भी अपने बच्चों पर ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा बच्चों को अच्छा खिलाने अच्छा पहनाने का शौक करें। लेकिन वाहनों पर स्टंट अवैध असलों के साथ रील बनाने का शौक न सिखाएं।

सुनील प्रधान ने कहा कोतवाली देहात ब्लाक क्षेत्र के अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां नव निर्माण हाईवे की लो स्पीड से लोग परेशान है, तो उत्तर में पहाड़ा नदी के प्रकोप से पीड़ित हैं। स्मार्ट मीटर फसलों में उचित मूल्य, गन्ना मूल्य राजस्व विभाग वन विभाग गुलदार से भी जनता परेशान है। लेकिन जनता द्वारा प्रतिनिधि अधिकारियों के साथ जनप्रति. निधियों को भी नींद से जागना पड़ सकता है। इसलिए एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहे। जिला अध्यक्ष सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ पंचायत में पहुंचे सभा में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने दूसरे संगठनों को छोड़कर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की सदस्यता ली। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान तथा युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उनसे भाकियू संगठन को और अधिक मजबूत बनाने सदा संगठन की नितियों का पालन करने की अपील की।

आज की पंचायत में महेंद्र सिंह, राम अवतार सिंह, जितेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, अमरपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, अमित चानमान, अंकुर तोमर, मुनेंद्र काकरान, कुलदीप सिंह, जय सिंह, धर्मेंद्र राणा, डॉ. धर्मवीर सिंह, पुष्पेंद्र चौधरी, विनीत चौधरी, रोहित राणा, आशु चौधरी, विनीत मौर्य, शुभम चौधरी, आकाश चौधरी, सौरव काकरान, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# ट्रांसपोर्टर का शव वीवी पीजी कॉलेज के निकट मिला, हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को क्षेत्र के गांव धनेना निवासी एक ट्रांस्पोर्टर का शव शहर के माजरा रोड स्थित वीवी पीजी कालेज के निकट पडा मिलने से सनसनी फैली गई। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने फोरेंसिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मृतक की स्कूटी, मोबाइल फोन और रूपए घायब मिलने से परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की है।



हाल में शहर कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना रोड निवासी व मूल रूप से गांव धनेना निवासी 53 वर्षीय राजेंद्र उर्फ पप्पू पुत्र ब्रजपाल सिंह अपने भाई जितेन्द्र प्रधान के साथ विकास बस डिपो के नाम से बसों का संच. ालन करते थे। बताया जाता है कि रविवार सुबह करीब 9 बजे अजेन्द्र उर्फ पप्पू अपनी स्कूली पर सवार होकर शहर के बुढ़ाना रोड़ स्थित मकान से शहर के मिल रोड स्थित ट्रांस्पोर्ट के ऑफिस के लिए निकले थे, लेकिन वह ऑफिस नही पहुंचे। दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को आसपास के लोगों ने सूचना दी कि आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के माजरा रोड पर वीवी पीजी कालेज के पीछे रास्ते में एक व्यक्ति का शव मिला है। शव की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त अजेन्द्र के रूप में की गई। पुलिस ने मामले की सूचना परिजनों को देते हुए फोरेंसिक टीम को बुलाकर मामले की जांच पड़ताल कराई और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई जितेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक के पास से स्कूटी और मोबाइल फोन व जेब से नकदी गायब है। उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की। अजेन्द्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे एक बेटा एक बेटी छोड गया है, जो बाहर रहकर पढाई कर रहे है। थाना प्रभारी आदर्श मंडी राजेंद्र गिरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। आसपास माजरा रोड व मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।

## युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के दिल्ली रोड पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रविवार को शामली कोतवाली क्षेत्र के गांव लिसाढ़ निवासी 32 वर्षीय विक्की उर्फ विकास पुत्र सुरेश क्षेत्र के दिल्ली रोड पर पालतू जानवर गाड़ी में भर रहा था।

इसी दौरान अचानक उसकी हालत खराब हो गई और वह वहीं गिर पड़ा। साथ में मौजूद लोगों ने आनन-फानन में उसे उठाकर तुरंत शामली शहर स्थित डॉक्टर खुर्शीद अनवर के नर्सिंग होम पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद विक्की को मृत घोषित कर दिया।युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजन नर्सिंग होम पहुंच गए। वहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और घर में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर कांधला पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि युवक की मौत किन कारणों से हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

# बूंदाबांदी से मौसम हुआ सुहावना





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहने और बूंदाबांदी होने से मौसम खुशग. वार हो गया। बारिश के साथ लोंगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिल सकी। वही दिनभर रूक-रूककर बारिश होने से कई स्थानों पर कीचड़ और जलभराव की समस्या का भी सामना करना पड़ा।

पिछले दो दिनों से उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया था। शनिवार को तेज धूप असहनीय रही, जिस कारण लोगों का धूप में खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा था। वही रविवार सवेरे अचानक मौसम ने करवट बदली और सवेरे से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। सवेरे करीब 11 बजे से बूंदाबांदी शुरू हो गई थी, जो दिनभर जारी रही। रूक-रूककर हो रही बारिश के बाद लोगों को उसम भरी गर्मी से राहत मिल सकी। बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट देखने को मिली। मौसम का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सैल्सियस से गिरकर 28 डिग्री सैल्सियस रह गया। वही न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई, जिसमें 26 डिग्री सैल्सियस से गिरकर रविवार को न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। उमस भरी गर्मी से राहत मिलने से मौसम खुशगवार बना रहा। वही बारिश के बाद कई स्थानों पर कीचड़ और जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी मौहल्ला नौकुआ रोड, बरखंडी रोड़, हाजी कालोनी, पंसा. रियान में देखने को मिली। यहां नगर पालिका द्वारा कोई विकास कार्य न कराए जाने से जलभराव की समस्या बनी रही।

## एक नजर

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** उप निरीक्षक ओंकारनाथ पांडे के द्वारा बताया गया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि एक तस्कर क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित मलकपुर रजवाहे पटरी पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला है सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक ओंकार नाथ पांडे, हेड कांस्टेबल सुशील बुटार और कांस्टेबल राजबीर सिंह शामिल रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा की नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और क्षेत्र कोनशामुक्त बनाने के लिए पुलिस हरसंभव कदम उठा रही है। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि नशे की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और इस मुहिम में सहयोग करें।



### सड़क हादसों में दंपति व वृद्ध घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** शामली कोतवाली क्षेत्र के गांव लांक निवासी अमित अपनी पत्नी सोनम के साथ बाइक पर सवार होकर बागपत के गांव किरठल में गया हुआ था। रविवार को दंपती वापस लौट रहे थे। बाइक सवार जैसे ही कस्बे के दिल्ली सहारनपुर हाइवे पर पर कस्बे के निकट पहुंचे, तो बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें दंपती घायल हो गए। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना मिलने पर एंबुलेंस कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को शामली के लिए रेफर कर दिया है। दुसरी और गांव आल्दी निवासी वृद्ध दिव्यांग इलियास रविवार को अपने गांव से बैटरी की रिक्शा में सवार होकर गांव गुज्जरपुर जा रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन चालक ने वृद्ध को टक्कर मार दी। जिसमें पीड़ित वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच कर घायल को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डाक्टरों ने उसे भी शामली के लिए रेफर कर दिया है। पीड़ित परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है।



### खड़ी वैन में ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव रजाकनगर निवासी संजय ने थाना झिंझाना में दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी अंजू और सोमवती पत्नी करेशन वैन से उतर रही थीं। उसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने वैन को टक्कर मार दी, जिससे दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को शामली के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। संजय ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लोक अदालत का आयोजन 13 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में 13.9.2025 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने समस्त पीठासीन अधिकारी, समस्त विभागाध्यक्ष, जनपद शामली को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए अपने-अपने न्यायालयों/विभागों से सम्बन्धित अधिका. धिक उपयुक्त वादों, दीवानी वाद, 138 एनआई एक्ट, आर्बोट्रेशन मामलों तथा सभी प्रकार का चालानी वाद, राजस्व वाद व बैंक सम्बन्धी आदि वादों का चिन्हांकन कराकर उक्त वादों का 13.9.2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भर्ती शिविरों का आयोजन आज से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में सुरक्षा सैनिक व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती के लिए एक सितम्बर से चयनित इंटर कॉलेजों में दो दिवसीय भर्ती शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह भर्ती शिविर एसआईएस इंडिया लिमिटेड, देहरादून के तत्वावधान में होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक लता राठौर ने बताया कि विकासखंडवार चयनित 9 विद्यालयों में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक भर्ती शिविर आयोजित होंगे। चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षणोपरांत स्थाई रोजगार दिया जाएगा। बताया कि सुरक्षा सैनिक के लिए हाईस्कूल पास फेल, आयु 19 से 40 वर्ष, लंबाई 168 सेमी, सीना 80-85 सेमी, वजन 56-90 किलो होना चाहिए। सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना आवश्यक। चयनित अभ्यर्थियों का पंजीकरण 350 रुपये शुल्क लेकर किया जाएगा।

# राधा अष्टमी पर ठाकुरद्वारा मंदिर एवं बालाजी धाम में भजन-कीर्तन



थानाभवन



शामली



शामली



सत्यनारायण शिव मंदिर शामली

**शाह टाइम्स टीम**

**थाना भवन।** रविवार को राधा अष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के ठाकुर द्वारा मंदिर एवं बाला. जी धाम में भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सहारनपुर से आए भजन गायक करण कौशिक एंड पार्टी ने अपनी वाणी से एक से बढ़कर राधा-कृष्ण के भजनों की धुन बजी, वैसे ही भक्त भक्ति रस में झूम उठे। पूरा मंदिर परिसर ष्राधे-राधेष और ष्श्याम नाम की मिठासष से गूंज उठा। बाला जी धाम मे आयोजित कार्यक्रम में महिला- श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर राधा रानी और कृष्ण की पूजा-अर्चना की। भजनों के बीच तालियों और जयकारों की गूंज से वातावरण और भी भक्ति मय बन गया। महिलाओं ने जमकर राधे राधे का जयघोष करते हुए पुष्प वर्षा करते हुए जमकर झूमी आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए प्रसाद वितरण किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने राधा-कृष्ण की भक्ति में डूबकर राधा अष्टमी के पर्व को यादगार बना दिया। पंडित रामानुज शास्त्री ने धार्मिक पूजन कराया,किरण गर्ग सोनिया गर्ग अंजली रश्मी गर्ग सुनिता अग्रवाल अनिता गोयल शोभा रानी सरोज देवी कमलेश तायल आदि बड़ी संख्या मे महिलाओं ने सहभागिता की।

**शामली।** रविवार को राधा अष्टमी पर्व जिलेभर में धूमधाम एवं भक्तिभवना के साथ मनाया गया। विभिन्न राधा कृष्ण मंदिरों में संकीर्तन, पूजन व विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेकर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाया।

शहर के गांधी चौक स्थित कृष्ण कुटी मंदिर में देर शाम बांके बिहारी पालकी यात्रा सेवा ट्रस्ट द्वारा राधा अष्टमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस दौरान संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के भजन गायक सौरभ वर्मा व हरीश नामदेव ने राधा रानी के सुंदर भजन प्रस्तुत कर सभी श्रद्धालुओं का झूमने पर विवश कर दिया। देर रात्रि महाआरती की गई, जिसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया। मौके पर अर्पित गुप्ता, राघव जैन, आकाश संगल, अनमोल सिंघल, आनंद कुमार, शिवांग गर्ग आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के सिद्ध पीठ मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर राधाष्टमी पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान मंदिर समिति के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी एवं महासचिव राजकुमार मित्तल संयुक्त रूप से रहे। कार्यक्रम का विधिवत पूजन पंडित मोहित वशिष्ठ एवं अरुण गौड़ के द्वारा किया गया। तत्पश्चात भगवान राधा कृष्ण की महाआरती की गई। तत्पश्चात भगवान को भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। राधाष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें करुणा चौहान द्वारा भगवान को रिझाया जाएगा। कार्यक्रम में रमेश धीमान, पुनीत द्विवेदी, वंश नामदेव, शिवम गिरी, आशु निर्वाल, मोहित कुमार, वीरेंद्र ओझा, घनश्याम शास्त्री, अमित प्रजापति, भोला शर्मा मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के हलवाई हटटा स्थित सत्यनारायण शिव मंदिर में राधाष्टमी महामहोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। रविवार को राधाष्टमी के उपलक्ष में सत्यनारायण शिव मंदिर हलवाई हट्टा शामली में कान्हा के दीवाने द्वारा लाडली सरकार का जन्मोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया। जिसमें राधा रानी का भक्तो ने पंचामृत से अभिषेक किया गया। उसके पश्चात लाडली सरकार संग ठाकुर की महाआरती की गई। जिसमे अमित मित्तल, सभासद रोबिन गर्ग, शुभ कंसल, अनमोल गर्ग, शिवम शर्मा, हर्ष गर्ग, हर्षित मित्तल, वरूण बिंदल, पारस गर्ग, शुभम गर्ग, अंकुर गोयल, लव वर्मा, अंकित वर्मा, सचिन नामदेव आदि मौजूद रहे।

# रक्तदान में युवाओं ने लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सर्वोदय जन कल्याण समिति चौसाना के आह्वान पर रविवार को एक विशाल रक्तदान शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर समाज सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। सुबह से ही लोगों में उत्साह देखने को मिला और धीरे-धीरे बड़ी संख्या में रक्तदाता शिविर स्थल पर पहुंचते रहे। समिति की ओर से बताया गया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों की जान बचाई जा सके। रक्तदान करने वाले प्रत्एक व्यक्ति को डोनर कार्ड भी दिया गया, जिससे भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर उन्हें भी रक्त उपलब्ध कराया जा सके। शिविर में डॉक्टर तैयब, राणा अभिषेक कुमार, अर्पित चौधरी, शहीद राणा, साबिर राणा और नफीस सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। डॉक्टरों की टीम ने रक्तदाताओं की जांच कर



सुरक्षित वातावरण में रक्त संग्रह किया। कार्यक्रम में शामिल युवाओं ने कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा दान है क्योंकि इससे न केवल किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है बल्कि रक्तदाता को भी स्वास्थ्य लाभ मिलता है। समिति के पदाधिकारियों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य लगातार आयोजित किए जाएंगे। गांव के लोगों ने भी इस पहल की सराहना की और युवाओं की भागीदारी को प्रेरणादायक बताया। शिविर के दौरान अनुशासन और उत्साह का माहौल बना रहा। कुल मिलाकर यह आयोजन सफल और सार्थक साबित हुआ, जिससे समाज में रक्तदान के महत्व को और मजबूती मिली।

## जिले के पुलिस कप्तान बने एनपी सिंह



**शामली।** राज्य सरकार ने पुलिस विभाग में फेरबदल करते हुए शामली के पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम का तबादला कर दिया है। उन्हें पी टी ए स मुरादाबाद में पुलिस अधीक्षक पद पर भेजा गया है। वहीं उनके स्थान पर बागपत के एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह को शामली का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। एसपी रामसेवक गौतम ने शामली में लगभग 13 माह तक अपनी सेवाएं दीं। उनके कार्यकाल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए।एसपी रामसेवक गौतम द्वारा जिले में नशाखोरी के खिलाफ विशष अभियान चलाकर तस्करों को जेल भेजने, बैंक डकैती का महत्वपूर्ण खुलासा, हरियाणा के धागा व्यापारी से लाखों की लूट जैसे अहम खुलासे गए है। अब जिले की कमान संभालने वाले नए पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह से लोगों को बेहतर पुलिसिंग की उम्मीदें हैं।

# बज्म-ए-अख्तरी कार्यक्रम में छात्राओं ने दिखाया उत्साह





**झिंझाना।** मदरसा जामिया तुस्सालिहात- तय्यिबात में छात्राओं ने बज्म-ए-अख्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता दारुल उलूम रशीदिया गंगोह के मौलाना रियाज थानवी ने की।

रविवार को मदरसे में अरबी चतुर्थ की छात्रा सालिहा ऐमन ने कहा कि ऐसी संस्थाओं और आयोजनों से छात्राओं को अपने भविष्य को संवारने का अवसर मिलता है, वहीं अरबी पंचम की छात्राओ में अरमाना मंसूरा, सिद्दफ, हादिया, कहकशां और फाइका ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि हम इन मंचों की महत्ता को समझकर कार्य करें तो निश्चित ही हमारा भविष्य उज्ज्वल होगा। मुख्य वक्ता मौलाना रियाज थानवी ने अपने संबोधन में कहा कि यदि छात्राओं ने इस तरह की शैक्षिक व सांस्कृतिक गतिविधियों से सही लाभ उठाया तो वे समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास और बुराइयों का अंत कर एक आदर्श समाज का निर्माण कर सकती हैं। मौलाना आबिद सैफुल्लाह झिंझानवी ने भी अपने संबोधन में छात्राओं को सदाचार, आत्मनिर्भरता और नेक अमल की प्रेरणा दी। रईसुल जामिया शेखुल हदीस मौलाना इकराम रशीदी ने कहा कि ज्ञान और चरित्र ही जीवन निर्माण का आधार है। संचालन जामिया के नाजिम मौलाना तैय्यब कासमी ने किया। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने सभी छात्राओं से कहा की निडर होकर शिक्षा ग्रहण करें। बाकी कार्य पुलिस पर छोड़ दे। मौलाना मोहम्मद अहमद रश्दी, हाफिज अय्यूब, कारी इरशाद, मुफ्ती अनवर शाह कश्मीरी, इकबाल खान, अनस खान, व्यापर मंडल अध्यक्ष विनोद सिंगल तथा हाजी बाला कुरैशी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में जामिया के जनरल सेक्रेटरी गुलजार खान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# विश्वकर्मा समाज के ने किया विश्वकर्मा क्रिकेट क्लब का गठन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** खेलों को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से शामली में विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों द्वारा विश्वकर्मा क्रिकेट क्लब का गठन किया गया। विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा ने बताया कि कोच संजय धीमान के मार्गदर्शन में क्लब की कार्यकारिणी का चयन हुआ है। जिसमें महासचिव प्रवीण पांचाल और कोषाध्यक्ष नीरज धीमान चुने गए। क्लब संयोजक मनोज धीमान ने बताया कि आने वाले समय में युवाओं के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट और प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि खेलों के प्रति उत्साह और प्रतिभा को बढ़ावा मिले। बीएसएम स्कूल के ग्राउंड में इस अवसर पर प्रदीप विश्वकर्मा, एडवोकेट विपिन जांगिड़, मनीष जांगिड, कन्हैया पांचाल, मनोज जांगिड़, कुलदीप विश्वकर्मा, सोहिल धीमान, प्रवीण पांचाल, मयंक धीमान, सचिन तावडा, लावण्य धीमान, शिवम विश्वकर्मा, विनीत जांगिड़, अजय पांचाल आदि मौजूद रहे।

# भगवान पुष्पदन्त का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र जलालाबाद जनपद शामली में जैन धर्म के चल रहे दशलक्षण महापर्व के चतुर्थ दिवस उत्तम शौच धर्म भक्ति भाव के साथ मनाया गया। प्रातः कालीन बेला में जैन श्रावको में अतिशय क्षेत्र जलालाबाद में एकत्रित होकर प्रभु पार्श्वनाथ भगवान व प्रभु पुष्पदन्त भगवान का मंत्रो के साथ अभिषेक एवं शांतिधारा की ।

पूजन के बाद पण्डित सनत जैन ने उत्तम शौच धर्म के बारे में बताया कि उत्तम शौच धर्म का अभिप्राय आंतरिक और बाह्य दोनो प्रकार की पवित्रतासे है जहां बाह्य शुद्धि स्नान, स्वच्छता और संयम से होती है, वही आंतरिक शुद्धि काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि विकारो से मुक्त होकर आत्मा को निर्मल बनाने से होती है। इसके बाद अर्पण जैन अनिल जैन सपरिवार की ओर से भगवान पार्श्वनाथ कल्याण मंदिर विधान उत्सव के साथ किया गया। आज सांय 48 काव्यो को पढकर 48 दीप जलाकर मानतुंग आचार्य जी द्वारा लिखा भक्तामर दीर्पाचन का पाठ शाील चन्द्र जैन, दीपा जैन आलोक जैन सपरिवार द्वारा किया गया।

इसके बाद चौबीसो भगवान व पार्श्वनाथ भगवान की आरती करके चतुर्थ दिवस उत्तम शौच धर्म का समापन किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेठी के मंत्री सुशील कुमार जैन, प0 सनत जैन, सतीस जैन अर्पण जैन, विद्यासागर जैन दिल्ली, अनुज जैन, रेणू जैन, तनवी जैन, प्रेरक जैन, गौरव जैन, अंजली जैन, लक्ष्मी नगर, ललित जैन लवलीन जैन, शरद जैन, राजीव जैन शामली, शिशिर जैन, अमर जैन, अमित जैन, संदीप जैन, चिंतामणि जैन नानौता, अपराजिता जैन शामली, नितिन जैन देवबन्द , अमित जैन, नमन जैन, आभा जैन, आरुष जैन बागपत, मनीष जैन, अरि. हंत जैन, सिद्धार्थ जैन, धवल जैन, अनन्त जैन,प्रिन्स जैन शामली आदि मंदिर में उपस्थित रहे।

# सात्विक-चिराग ने जीता कांस्य पदक



● **सात्विक और चिराग शेट्टी को चीन के चेन बोयांग और लियूयी ने 19-21, 21-18 व 12-21 से हराया**

**पेरिस, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

शनिवार को एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को चीन के चेन बोयांग और लियू यी ने 19-21, 21-18,12-21 से हराया। विश्व चैंपियनशिप में सात्विक-चिराग की जोड़ी का यह दूसरा कांस्य पदक है। इससे पहले सात्विक-चिराग ने टोक्यो में 2022 में हुई बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने मैच की अच्छी शुरुआत की और 4-0 की बढ़त बना ली। मिड-गेम ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बनाए रखी। लेकिन इसके बाद चीनी जोड़ी ने वापसी की और 14-13 की बढ़त हासिल कर ली और इस बढ़त को बरकरार रखते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 5-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन चीनी जोड़ी ने इसे 11-9 कर दिया। लेकिन एक बार फिर सात्विक और चिराग ने अपनी पकड़ को मजबूत किया और 16-11 से बढ़त बना ली। इसके बाद चेन बोयांग और लियू यी ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन 32 शॉट की रोमांचक रैली ने सात्विक-चिराग को गेम प्वाइंट दिलाया और मैच को निर्णायक तक पहुंचाया। निर्णायक मुकाबले में, चेन बोयांग और लियू यी ने वापसी करते हुए 9-0 की बड़ी बढ़त बना ली और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

# युकी भांबरी अगले दौर में, बोपन्ना बाहर

● यूएस ओपन ●

● **रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की जोड़ी ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन को हराकर यूएस ओपन पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है।

वहीं अनुभवी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। शनिवार रात एक घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले में भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अमेरिका के मार्कोस गिरोन और लर्नर टिएन की जोड़ी को 6-0, 6-3 से हराकर पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी भांबरी और माइकल वीनस सोमवार को दूसरे दौर में कोलंबिया के गोंजालो एस्कोबार और मेक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला से भिड़ेंगे। इसी बीच रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार मोनाको के रोमेन अर्नेडो को रॉबर्ट कैश और जेम्स ट्रेसी की अमेरिकी जोड़ी ने 6-4, 6-3 से हराया। इसी हार के साथ बोपन्ना टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। दूसरी ओर, अर्जुन काधे और उनके जोड़ीदार इक्वाडोर के डिएगो हिडाल्गो क्रोएशिया के मेट पाविक और अल सल्वाडोर के मार्सेलो एरेवालो से तीन सेटों में हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए। अर्जुन काधे और डिएगो हिडाल्गो ने पहले सेट के 12वें गेम में ब्रेक प्वाइंट हासिल कर पहला सेट अपने नाम किया, लेकिन दूसरा सेट टाई-ब्रेक में हार गए। निर्णायक सेट के 10वें गेम में भारतीय-इक्वेडोर की जोड़ी की सर्विस एक बार फिर टूटी और उन्हें 5-7, 7(7)-6(4), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

## हरारे वनडे में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** हरारे में हुए पहले एकदिवसीय में धीमी ओवर गति के लिए श्रीलंका पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। यह जुर्माना मेहमान टीम पर आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, निर्धारित समय सीमा से एक ओवर कम फेंकने पर एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ़ मैच रेफरी के जेफ क्रो द्वारा लगाया गया। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 न्यूनतम ओवर गति के अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

खेल विशेष

## टाई-ब्रेकर्स आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वहीं हम मैच जीते: सुनील

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 में यू मुम्बा के कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेक प्रारुप की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके धैर्य की परीक्षा लेते हैं, और वही हमें जीत तक ले गया। यू मुम्बा ने अपने अभियान की शुरुआत रोमांचक जीत के साथ की। गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुकाबला 29-29 की बराबरी पर खत्म हुआ, जिसके बाद टाई-ब्रेकर में यू मुम्बा ने 6-5 से बाजी मारी। विश्वनाध स्पोर्ट्स क्लब में हुआ यह मैच सीजन के शुरुआती तीन मुकाबलों में दूसरी बार नए टाई-ब्रेकर नियम तक पहुंचा, जिसने दर्शकों को आखिरी रेड तक रोमांचित रखा। कप्तान सुनील कुमार ने टाई-ब्रेकर प्रारुप की सराहना करते हुए इसे रोमांचक और स्वागत योग्य बदलाव बताया। सुनील ने मैच के बाद कहा, हटाई-ब्रेकर में सबसे जरूरी है शांत रहना। ऐसे पलों में आपको अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करना होता है और दिमाग से खेलना होता है। वही धैर्य हमें आज जीत तक ले गया। गुजरात के स्टार डिफेंडर मोहम्मदरेज़ा शादलुई के साथ टाई-ब्रेकर में हुए अहम पल पर सुनील ने कहा कि वह बेहद तीखा मुक. ाबला था। उन्होंने मुझसे अंक लेने की कोशिश की, लेकिन ऐसे मौकों पर अनुभव काम आता है। ऐसे मैच दिखाते हैं कि कैसे मामूली अंतर से नतीजा तय होता है। टीम के पहले मैच में मिली कड़ी जीत को अहम बताते हुए सुनील ने कहा कि टाई-ब्रेकर में ओपनिंग मैच जीतना टीम में विश्वास जगाता है। यह हमारी टीम की ताकत और एकता को दर्शाता है और हमें लंबे सीजन के लिए आत्मविश्वास देता है। लीग अभी शुरू हुई है, लेकिन यह जीत हमारे लिए सही लय सेट करती है।

### भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में

# लगातार दो जीत के साथ सुपर-4 में भारत

**जापान की हॉकी टीम को 3-2 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत ने 2 गोल दागे, नंबर-1 पर पहुंची टीम**



**राजगीर, वार्ता।** भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर-4 में प्रवेश कर गई है। टीम ने रविवार को जापान पर 3-2 की जीत हासिल की। इस जीत ने टीम इंडिया को पूल ए पाइंट्स टेबल में नंबर-1 पोजिशन पर पहुंचा दिया।

राजगीर के बिहार यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के मैदान पर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 2 गोल दागे। उन्होंने 5वें और 45वें मनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा। मैच के तीसरे मिनट में मंदीप सिंह ने भारत के लिए पहला फील्ड गोल किया। जापान की तरफ से 2 गोल किए गए। मैच के सिर्फ तीसरे ही मिनट में मंदीप सिंह ने भारत को बढ़त दिला दी। बाएं फ्लैंक से सुखजीत ने शानदार मूव बनाया। उन्होंने गेंद पकड़ी, घूमे और लाइन के साथ दौड़ते हुए गोल के सामने तेज क्रास मारा। वहीं मौजूद अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने गेंद को ट्रैप किया और आसानी से नेट में डाल दिया। 5वें और 45वें मिनट में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कार्नर पर गोल दागा। वे मौजूदा सीजन के टाप स्कोरर हैं। हरमनप्रीत ने पिछले मुकाबले में चीन के खिलाफ गोल की हैट्रिक लगाई थी। तीसरे क्वार्टर में जापान की टीम ने वापसी की। किमुरा नारू के पास पर कावाबे कोसेई ने गोल कर दिया। कोसेई ने बैक हैंड शाट खेला और बाल को गोल पोस्ट के अंदर धकेल दिया। 150वां मैच खेल रहे कृष्ण बहादुर के पास इस शाट का कोई जवाब नहीं था। कृष्ण बहादुर 150वां मैच खेल रहे हैं। इस मौके पर भारत के हेड कोच क्रेग फुल्टन ने उन्हें स्पेशल जर्सी दी। आखिरी सेकेंड तक मैच में रोमांच बना रहा। जापान ने गेंद को भारतीय सर्कल के पास घुमाने के बाद जोरदार शाट लगाया, लेकिन डिफेंस ने उसे आसानी से रोक लिया। फिर भारत ने अंतिम पलों को संभालते हुए जीत पक्की कर ली। 59वें मिनट भारत को आखिरी मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। स्टार कप्तान हरमनप्रीत सिंह को यलो कार्ड मिला। 58वें मिनट कावाबे ने दूसरा गोल किया। बाल लगभग बेसलाइन पार करने वाली थी, लेकिन कावाबे ने उसे शानदार तरीके से ट्रैप किया। इसके बाद उन्होंने जरमनप्रीत के पास से गिरते हुए गेंद गोल पोस्ट में डाल दिया। 58वें मिनट में जापान को पेनल्टी कार्नर, भारत ने रेफरल गंवाया। 58वें मिनट में जापान को पेनल्टी कार्नर मिला। लेकिन भारतीय डिफेंडर्स ने शानदार बचाव किया।अगले ही मिनट में भारतीय टीम ने काउंटर अटैक किया।

## नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

**बेंगलुरु, वार्ता।** नॉर्थ जोन और सेंट्रल जोन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विशाल बढ़त के आधार पर रविवार को दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइलन में जगह बना ली। नॉर्थ जोन ने दो विकेट पर 388 रन से आगे खेलना शुरु किया। यहां सुबह कप्तान अंकित कुमार और आयुष बदोनी अपनी टीम को बड़े स्कोर की ओर ले गए। इसी दौरान 444 के स्कोर पर मुख्तार हुसैन ने दो. हरे शतक की ओर बढ़ रहे अंकित कुमार को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अंकित कुमार मात्र दो रन से अपना दोहरा शतक चूक गए। उन्होंने 321 गेंदों में 19 चौके और एक छक्का लगाते हुए 198 रनों की पारी खेली। इसके बाद चौथे विकेट के रूप में निशांत लसधु (68) रन बनाकर आउट हुये। नॉर्थ जोन ने आयुष बदोनी का दोहरा शतक बनने के बाद 146.2 ओवर में चार विकेटपर 658 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी। नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन के खिलाफ 833 रनों की विशाल बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। आयुष बदोनी 223 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 204 रन बनाये।कन्हैया वधावन 23 रन बनाकर नाबाद रहे। नॉर्थ जोन ने पहली पारी में 405 रन बनाये। वहीं दूसरी पारी चार विकेट पर 658 के स्कोर पर घोषित की। अपनी पहली पारी में 230 रन बनाये और दूसरी में वह बल्लेबाजी नहीं कर पायी।

# ज्वेरेव को हराकर फेलिक्स यूएस ओपन के चौथे दौर में



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कनाडा के स्टार टेनिस खिलाड़ी फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने अपने करियर के एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर यूएस ओपन 2025 के चौथे दौर में जगह बना ली है।

लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में शनिवार रात खेले गए मुकाबले में 25 वर्षीय ने फेलिक्स ऑगर अलियासेम ने ज्वेरेव को 4-6, 7-6(7), 6-4, 6-4 से हराने के लिए आक्रामक मास्टरक्लास का प्रदर्शन किया। उन्होंने 23 फ़ोरहैंड सहित 50 विनर्स के साथ जीत दर्ज की। वर्तमान में 27वें स्थान पर काबिज ऑगर-अलियासेम ने अब तक शीर्ष पांच प्रतिद्वंदी के खिलाफ अपनी पहली ग्रैंड स्लैम जीत दर्ज की है। वह अपने पिछले 11 प्रयासों में केवल दो बार किसी स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचे हैं और क्वार्टर फाइनल में उनका सामना 15वीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव से होगा।

## राजस्थान को हराकर केरल फाइनल में

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 के टायर-2 के दूसरे सेमीफाइनल में केरल की टीम ने राजस्थान को हराकर फाइनल में जगह बना ली। यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर के फुटबॉल ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में केरल ने राजस्थान को 8-2 से हराया। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन एवं रामकृष्ण मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 16 अगस्त से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में देशभर से 14 टीमों ने हिस्सा लिया है। रविवार सुबह आठ बजे खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में केरल ने शानदार प्रदर्शन किया। केरल की अर्पिता ने तीन गोल दागकर हैट्रिक बनाई। मैच जीत के बाद टीम के कोच डॉ- जेम शॉट ने कहा कि खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया और आयोजन स्थल की व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। इस महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच तीन सितम्बर को केरल और यूपी के बीच खेला जाएगा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर 800 किमी साईकिल यात्रा का भव्य समापन

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश मे खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) के द्वारा मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित 800 किलोमीटर लंबी साइकिल अभियान यात्रा का रविवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भव्य समापन हुआ। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने 'राष्ट्रीय खेल दिवस' पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर अपने संदेश में डॉ. मांडविया ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। फिट इंडिया मूवमेंट जैसे अभियानों का उद्देश्य है हर नागरिक को स्वस्थ और सक्रिय जीवन की ओर प्रेरित करना। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत 2047' विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि स्वस्थ भारत ही सशक्त भारत

**खेल केवल प्रतिस्पर्धा का साधन नहीं बल्कि जीवन जीने की एक कला है: मांडविया**

की नींव है। फिट इंडिया मूवमेंट, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और ब्रह्माकुमारीज स्पोर्ट्स विंग के सहयोग से आयोजित 800 किलोमीटर लंबी साइकिल अभियान यात्रा जो 24 अगस्त को प्रयागराज से प्रारंभ होकर विभिन्न शहरों और कस्बों में फिटनेस का संदेश फैलाते हुए आज मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंची। यहां इसे लोकप्रिय फिटनेस स्पर्धा संडे ऑन साइकिल के साथ जोड़ा गया, जिसे फिट इंडिया मूवमेंट के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर न केवल सैकड़ों साइक्लिंग प्रेमियों ने भाग लिया, बल्कि देशभर में खेलों के महत्व, सक्रिय जीवनशैली और स्वास्थ्य को लेकर नई ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर पेफी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. पीयूष जैन ने बताया कि इस साइकिल यात्रा अभियान का शुभारंभ प्रयागराज से हुआ।

# खेल की दुनिया में जम्मू-कश्मीर को मिली पहचान: प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बाढ़ और तबाही की घटनाओं के बीच जम्मू -कश्मीर में हाल में खेलों के दो बड़े आयोजन हुए हैं जिन्होंने राज्य को खेलों की दुनिया में नई पहचान दी है।

मोदी ने आकाशवाणी से रविवार को प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 125वीं कड़ी में कहा कि बाढ़ और बारिश की इस तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर ने दो बहुत खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इन पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं गया लेकिन जब इन उपलब्धियों के बारे में जानेंगे तो बहुत खुशी होगी। राज्य के पुलवामा के एक स्टेडियम में पुलवामा का पहला डे नाईट क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें रिकॉर्ड संख्या में लोग एकत्रित हुए। पहले ऐसा होना असंभव था लेकिन अब मेरा देश बदल रहा है। ये मैच 'रॉयल प्रीमियर लीग' का हिस्सा है, जिसमें जम्मू-कश्मीर की अलग-अलग टीमें खेल रही हैं। इतने सारे लोग, खासकर युवा, पुलवामा में रात के समय, हजारों की तादाद में क्रिकेट का आनंद लेते दिखें-ये नजारा वाकई देखने लायक था। श्री मोदी ने राज्य के एक और खेल आयोजन का जिक्र करते हुए कहा ष्दूसरा आयोजन जिसने ध्यान खींचा, वो है देश में हुआ पहला ' खेलो इंडिया जल स्पोर्ट्स उत्सव' और वो भी श्रीनगर की डल झील पर हुआ।

## शहडोल जिले के फुटबॉल खिलाड़ी प्रशिक्षण लेने जाएंगे जर्मनी: मोदी

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में छिपी खेल प्रतिभाओं पर पूरी दुनिया की नजर है और इससे गौरवान्वित होने की जरूरत है। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि आज पूरी दुनिया का ध्यान भारत की तरफ है। उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के एक गांव के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ियों का जिक्र किया।

# 24 घंटे बाद भी नहीं बिके भारत-पाक मैच के टिकट

● **टिकट बिक्री के पैकेज सिस्टम के चलते फैंस को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा, कीमत 33 हजार से 3 लाख तक**

**दुबई, वार्ता।** किसी भी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट सबसे जल्दी बिक जाते हैं, लेकिन, 14 सितम्बर को एशिया कप में होने वाले भारत-पाक मुकाबले के टिकट बिक्री की शुरुआत के 24 घंटे बाद भी बचे हुए हैं। कारण है, टिकट बिक्री का पैकेज सिस्टम। भारत- पाक मैच के टिकट खरीदने के लिए दर्शकों को 7 मैचों का पैकेज लेना पड़ रहा है। सबसे सस्ता पैकेज 33 हजार 600 रुपए का है। जबकि बैंड लाउंज पैकेज की कीमत 3 लाख 12 हजार रुपए है। इस बार 7 मैच के पैकेज में भारत-यूएई, भारत- पाक, बी1-बी2, ए1-ए2, ए1-बी2, ए1-बी1 और फाइनल मैच शामिल हैं। यानी बाकी मुकाबलों की तुलना में भारत-पाक मैच देखने के लिए दर्शकों को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। आयोजक भारत-पाक मैच के जरिए अन्य मैचों में भी दर्शकों को आकर्षित करना चाह रहे हैं, इसलिए उन्होंने यह पैकेज सिस्टम लागू किया है। एशिया कप में कुल 12 ग्रुप मैच होने हैं। इनमें से 11 मैचों के टिकट आम तौर पर 1200 रुपए (जनरल) से लेकर 12 हजार रुपए (ग्रैंड लाउंज) तक उपलब्ध हैं। भारतीय फैन रविकांत का कहना है कि उनके आफिस में कई लोग महंगे पैकेज की वजह से टिकट नहीं ले पाए। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि मैच के करीब आते-आते सिर्फ भारत-पाक मैच का टिकट भी उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी प्रशंसक हसन अब्बास ने बताया कि टिकट पैकेज देखकर पहले निराशा हुई, लेकिन क्वालिफायर और फाइनल समेत 7 मैचों की डील खराब नहीं है।

## पाक टीम जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारतआएगी

**हॉकी इंडिया बोला: पाकिस्तान ने टीम भेजने पर सहमति दी, 28 नवम्बर से टूर्नामेंट**

**नई दिल्ली, वार्ता।** जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम भारत आएगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने तमिलनाडु में होने वाले इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए अपनी जूनियर टीम भेजने पर सहमति दे दी है। वर्ल्ड कप तमिलनाडु के मदुरई और चेन्नई में 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक खेला जाएगा। दूसरी ओर, भारत में चल रहे सीनियर हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान टीम ने भारत आने से मना कर दिया था। वहां की सरकार ने सुरक्षा कारणों से अपना नाम वापस लिया था। भारत ने 2023 में चौथी बार जूनियर हॉकी एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को ही 2-1 से हराया था। भारत-पाकिस्तान पूल बी में हॉकी एशिया कप से पाकिस्तान के हटने के बाद, जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर अनिश्चितता थी। हालांकि, अब कन्फर्मेशन के बाद टूर्नामेंट तय शेडड्ल पर हो सकेगा। भारत और पाकिस्तान को चिली और स्विट्जरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। महासचिव ने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन से बात की टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर महासचिव भोला नाथ ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन के साथ बातचीत की। वे टूर्नामेंट के लिए अपनी जूनियर टीम भारत भेजेंगे। नाथ ने मीडिया से कहा कि पाकिस्तान ने सहमति दी है कि वे अपनी जूनियर हॉकी टीम को वर्ल्ड कप में खेलने के लिए भेजेंगे, जो चेन्नई और मदुरई में होगा। पाकिस्तान को एशिया कप खेलने आना चाहिए था- असलम शेरखान भारतीय हॉकी के दिग्गज असलम शेरखान ने एशिया कप में पाकिस्तान के न आने पर कहा, टीम को टूर्नामेंट में हिस्सा लेना चाहिए था। भारत में डरने की कोई बात नहीं है। देश खेल और संस्कृति के मामले में बहुत अच्छा है। यहां सुरक्षा में चूक का सवाल ही नहीं। पाकिस्तानी टीम ने बिहार के राजगीर में चल रहे सीनियर एशिया कप में भारत आने से मना कर दिया था। टीम ने सुरक्षा कमी को कारण बताया था। 21 सितम्बर को भारत सरकार ने मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में खेलने की इजाजत दी पिछले हफ्ते, भारत सरकार ने नई स्पोर्ट्स पालिसी में पाकिस्तान के साथ मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में भारत को खेलने की इजाजत दी थी।

# सम्पादकीय

**सोमवार, 1 सितम्बर 2025**

## चीन में मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चीन के शहर तियानजिन में हैं। यह शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितम्बर तक चलेगा। इस शिखर सम्मेलन में 20 से ज्यादा देश हिस्सा ले रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ-साथ सेंट्रल एशिया, साउथ एशिया, साउथ ईस्ट एशिया के नेता भी यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब टैरिफ को लेकर भारत व अमेरिका के बीच ही नहीं बल्कि अन्य देशों के साथ भी अमेरिका से तनाव बना हुआ है। स्वाभाविक है कि इस पर अमेरिका सहित तमाम यूरोपीय देशों की नजर लग गई। हालांकि यूरा. ेपीय देश भी अमेरिका के टैरिफ से पीड़ित हैं, लेकिन फिर भी वह अमेरिका से दूरी बनाकर ज्यादा देर तक टिके नहीं रह सकते। जाहिर है ऐसे में शिखर सम्मेलन के सदस्य एक दूसरे के अधिक निकट आएंगे ही और वह आते भी दिखाई दे रहे हैं। शिखर सम्मेलन से इतर रविवार को चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से पीएम मोदी की मुलाकात लगभग 50 मिनट तक चली, बताती है कि चीन व भारत अब पिछली बातों को भुलाकर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। चीन के राष्ट्रपति ने भी पीएम मोदी से मिलकर खुशी जताई और कहा कि ड्रेगन यानि चीन और हाथी यानि भारत को साथ आना चाहिए। पीएम मोदी ने जिस तरह जिनपिंग के सामने आतंकवाद का मुद्दा उठाया उससे साफ है कि भारत आतंकवाद को लेकर कोई समझौता नहीं करेगा। मोदी का यह कहना सही है कि आतंकवाद आज किसी एक देश की समस्या नहीं है बल्कि वैश्विक समस्या है। इसलिए चीन को भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ देना चाहिए, जाहिर है जब मोदी ऐसा कह रहे थे तो अप्रत्यक्ष रूप से चीन का ध्यान पाकिस्तान की ओर यह याद दिलाने के लिए कह रहे थे कि वहां पर पल रहे आतंकवादियों का वह बचाव न करें, क्योंकि विदित है कि कई अवसरों पर चीन ने पाकपरस्त आतंकवादियों का बचाव किया है। वह भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर। अभी यह तो कहना जल्दबाजी ही होगा कि शंघाई शिखर सम्मेलन से क्या निकलकर बाहर आता है, क्योंकि यह तो तभी सामने आएगा जब सम्मेलन की समाप्ति के बाद साझा एजेंडा सामने आएगा, लेकिन एक बात साफ है कि जिस तरह बड़ी संख्या में राष्ट्रों के राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल हो रहे हैं, वह अमेरिका के लिए एक तरह से खुली चुनौती जैसा है। यह शिखर सम्मेलन यही बताता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की दूसरे देशों को धमकाने की तमाम कोशिशें नाकाम होती जा रही हैं। इरान, मिस्र, म्यांमार, नेपाल जैसे देश न सिर्फ इसमें हिस्सा ले रहे हैं बल्कि पीएम मोदी इनके नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। अमेरिका को समझना होगा कि टकराव के रास्ते से कुछ हासिल नहीं होने वाला। यूं भी व्यापार को राजनीति से अलग रखना चाहिए, लेकिन ट्रम्प किसी को सुनने के लिए तैयार नहीं हैं और सनकभरे फैसले ले रहे हैं। जाहिर है इससे दुनिया में तनाव ही बढ़ेगा।

### बिहार में अकेले चलेगी बसपा



बसपा बिहार में अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी, आने वाले दिनों में पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा, बिहार एक बड़ा राज्य है और इसीलिए वहां की ताजा जरूरतों को देखते हुए राज्य की सभी विधानसभा सीटों को तीन जोन में बांट कर पार्टी के वरिष्ठ लोगों को अलग-अलग से उसकी जिम्मेदारी सौंपने का फैसला भी लिया गया, बिहार में पार्टी की अपनी तैयारी के साथ-साथ वहां राज्य के तेजी से बदलते हुए राजनीतिक हालात एवं चुनावी समीकरण आदि को देखते हुए पार्टी द्वारा चुनाव में बेहतर रिजल्ट लाने का आश्वासन पार्टी के लोगों ने दिया है।

**-सुश्री मायावती**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

**मन्नतें मांगने और निशान 'नेजा' चढ़ाने दूर-दराज से आते हैं लाखों लोग**

## हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है मेला गुघाल

सहारनपुर से करीब 5 किमी दूर सहारनपुर-गंगोह मार्ग पर एक गांव है मानकमऊ, जो शहर से मिला हुआ है, जहां पराक्रमी गुग्गावीर की समाधि बनी हुई है जो म्हाड़ी के नाम से विख्यात है। हर वर्ष भादो शुक्ल दशमी को सैकड़ों वर्षों से गुग्गावीर की स्मृति में गुघाल नाम से भव्य मेला लगता चला आ रहा है, जिसमें लाखों की संख्या में लोग आते हैं और मन्नतें मांगते हैं और निशान चढ़ाते हैं। लंबे बांस पर कपड़ा लिपटा हुआ यह निशान गुग्गावीर की विजय पताका का प्रतीक माना जाता है। इस मेले का सबसे अधिक महत्व यह है कि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में गुग्गा के राष्ट्र वेदी पर हुए बलिदान व उनके प्रति सभी धर्मावलंबियों की मान्यता होने के कारण उनकी स्मृति में लगने वाला यह मेला हिन्दू मुस्लिम राष्ट्रीय एकता व सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बन गया है। इस मेले की पूरी व्यवस्था नगर निगम सहारनपुर करती है और नगर वासियों तथा बाहर से आए नागरिकों की सुविधा के लिए गंगोह मार्ग रेलवे फाटक ईदगाह के आसपास भव्य बाजार सजाए जाते हैं, जिसमें दूसरे जनपदों के व्यापारी आकर अपनी दुकानें सजाते हैं।

गोगावीर ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जाहरवीर दीवान को लेकर क्षेत्र में अनेक किवदंतियां हैं। कहा जाता है कि सिरसा पारत राजस्थान के राजा कुंवरपाल की दो लड़कियां थीं। बाछल व काछल, बाछल ने गुरु गोरखनाथ गोरख की वर्षों प्रार्थना कर जब संतान का वरदान चाहा तो उनकी बहन काछल ने रात्रि में गुरु गोरखनाथ के पास पहुंचकर पुत्र प्राप्ति की प्रार्थना की एक रानी बाछल व काछल के हमशक्ल होने की वजह से गुरु गोरखनाथ ने काछल को रानी बाछल समझ कर दो पुत्र होने का आशीर्वाद दिया। काछल के लौटने के बाद जब रानी बाछल के पास पहुंची तब तक उनका डेरा उखड़ चुका था। रानी बाछल ने गुरु गोरखनाथ का पीछा कर उन्हें गद्दी पर पा लिया तथा गुरु से अपनी सेवा का हल चाहा। शिव का अवतार समझे जाने वाले गुरु गोरखनाथ ने जब रानी बाछल से कहा कि बीती रात तुम्हें पुत्र प्राप्ति का आशीर्वाद दे चुका हूं तो रानी बाछल ने उत्तेजित होकर उन्हें झूठा करार दिया। इस पर गुरु ने शिव का ध्यान किया तो बाछल रानी काछल के वेश में उनकी छोटी बहन उन्हें चकमा दे गई। रानी बाछल की मनोकामना पूरी करने के लिए गुरु गोरखनाथ अपनी योगिक शक्तियों के सहारे झूमने लगे आखिर उन्हें भगवान शिव के पास गुग्गल मिली। गुरु गोरखनाथ ने रानी बाछल को गुग्गल देकर कहा कि तुम इसको धूप देना जिससे पुत्र प्राप्त होगा तथा तुम्हारी बहन ने धोखा देकर पुत्र

गोगा पीर लोगों की है आस्था का केंद्र



प्राप्त किए हैं उनका वध नहीं करेगा। गुरु गोरखनाथ के आशीर्वाद से बाछल ने गुग्गा व काछल ने अर्जन व सर्जन को जन्म दिया। संपत्ति और धन के बंटवारे को लेकर हुए युद्ध में अर्जन सर्जन मारे गए। बाछल का पुत्र गुग्गा युद्ध समाप्ति पर अर्जन व सर्जन का सिर लेकर अपनी मां रानी बाछल के पास पहुंचा। अर्जन और सर्जन की मौत का समाचार सुनकर रानी बाछल अचंभित रह गईं तथा उसने अपने पुत्र गुग्गा का मुंह न देखने का प्रण लिया। अपनी मां के प्रण को निभाने के लिए गुग्गा जंगल में चला गया, लेकिन रात्रि में छुपकर अपनी पत्नी के पास आया जाया करता था। गुग्गा की पत्नी के श्रृंगार को देखकर जब रानी बाछल ने गुग्गा के बारे में पूछा तो उसकी पत्नी ने कहा कि रात में आते हैं लेकिन आते समय नहीं दिखाऊंगी जाते समय दिखाऊंगी।

अगली रात्रि जब गुग्गा अपनी पत्नी के पास से लौट रहा था तो रानी बाछल उसके पीछे दौड़ पड़ी। मां को पीछे आते देख गुग्गा बागड़ देश के जंगल में जा छुपा। जंगल में प्रकट होकर गुरु गोरखनाथ ने जहां गुग्गा को पीरी दी ही पर बाद में म्हाड़ी बना दी गई। बताया जाता है कि एक बार गुग्गावीर जब घूमते हुए सहारनपुर आए तो उन्होंने गंगोह रोड पर जोहड़ से कुछ लोगों को मछली मारते हुए देखा गुग्गावीर ने जब इनसे पूछा तुम यह क्या कर रहे हो तथा झोले में क्या है उन्होंने कहा कि हम मछलियां मार रहे हैं तथा हमारे झोले में भी मछलियां ही हैं। इस पर गुग्गावीर ने उनसे कहा कि तुम्हारे झोले में मछलियां नहीं हैं झांक कर देखो, उन लोगों ने अपने झोले में झांका तो उनमें सांप ही सांप नजर आए।

गुग्गावीर के चमत्कार को देखकर उनके पैरों में गिर पड़े। उनकी प्रार्थना से खुश होकर गुग्गावीर ने उन्हें अपना प्रतीक नेजा भेंट किया तथा प्रति वर्ष मेला आयोजित करने को कहा। संबंधित परिवारों ने जब इसमें रूचि नहीं ली तो एक घरेलू नौकर कबली भगत ने नेजे का ग्रहण कर लिया तब से प्रतीक नेजा उसके परिवार के पास ही है।

सहारनपुर जनपद में बांगड़ वाला गुग्गावीर को विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि उनकी सेवा करने से संतान प्राप्ति आर्थिक समृद्धि व स्वास्थ्य लाभ होता है संतान प्राप्ति की इच्छा पूरी होने पर लोग मकान के बाहरी भाग में दो ईंटों का नाथ बना देते हैं, इसे म्हाड़ी कहा जाता है। तिथि, त्योहार को इसमे दीप जलाया जाता है तथा गुग्गावीर को खुश करने के लिए पतल कंदूरी भी की जाती है जिसकी यहां के लोग रात्रि अखाड़ा कहते हें। इसमें कढ़ी चावल का प्रसाद चढ़ाते हैं और रातभर गुग्गावीर का पूजन किया जाता है। गुग्गावीर का मेला इस जनपद का सबसे प्राचीन मेला माना जाता है। बताते हैं कि इसे लगते हुए करीब साढ़े तीन सौ वर्ष बीत चुके हैं। समय के साथ मेले में परिवर्तन होते रहे हैं कहा जाता है कि पहले गुग्गावीर का मेला सिर्फ म्हाड़ी पर ही लगता था जहां पर दूर से आने वाले व्यक्ति मनोकामना की पूर्ति हेतु निशान चढ़ाते थे पर अब मेला कई स्थानों पर लगता है और उनमें सबसे बड़ा मेला यहीं लगता है। अद्भुत शक्ति के कारण ही उन्हें जाहीरपीर यानि साक्षात देवता नीले घोड़े वाला और सांपों के देवता के रूप में भी मानते हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग गोगावीर को पीर के रूप में मानते हैं। ज्ञातव्य है कि रेशमी कपड़े से सजी 24 छड़ियां एक सरदार छड़ी और धातु का बना नेजा शहर की परिक्रमा करने के बाद दशमी के दिन म्हाड़ी पर पहुंचते हैं। जहां उनके मालिक उनकी विधिवत पूजा करते हैं इसके बाद मेला शुरू हो जाता है। मेला खत्म होने के बाद छड़ियां भक्तों के घर लौट जाती हैं और हर साल यही सिलसिला जारी रहता है। इस मेले में अनेक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। सहारनपुर नगर निगम के मेयर डा. अजय कुमार के अनुसार गुघाल मेला 5 सितम्बर से शुरू होकर एक पखवाड़े तक चलेगा, जबकि छड़ी का मेला 2 सितम्बर से शुरू हो जाएगा।



**ज़िया अब्बास ज़ैदी**

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं मो. नं-9837776610 )**

## भारत में सत्ता परिवर्तन और आधुनिक युग

**वीरेश तरार**

1857 की क्रांति भारतीय इतिहास में एक ऐसा मोड़ थी जिसने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी। यह विद्रोह केवल एक सैनिक आंदोलन नहीं था बल्कि किसानों, कारीगरों, शासकों और आम जनता की सम्मिलित पीड़ा और असंतोष का विस्फोट था। ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत को केवल अपने व्यापार का क्षेत्र माना, उसकी नीतियां पूरी तरह शोषणकारी थीं। कर वसूली, जमींदारी, किसानों की बदहाली, देसी उद्योगों का विनाश और सांस्कृतिक उपेक्षा इन सबने मिलकर भारतीय समाज को असंतोष से भर दिया। 1857का गदर इसी असंतोष का परिणाम था। अंग्रेज इस क्रांति को दबाने में सफल तो हुए, लेकिन उन्होंने एक गहरी सीख ली कि केवल शोषण के बल पर भारत जैसा विशाल देश नियंत्रित नहीं किया जा सकता।

यही कारण था कि 1 सितंबर 1858 को एक ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ। इस दिन महारानी विक्टोरिया की घोषणा के साथ भारत ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन से निकलकर सीधे ब्रिटिश क्राउन के अधीन आ गया। यह केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं था, बल्कि शासन की मानसिकता में भी परिवर्तन का संकेत था। अंग्रेजों ने पहली बार यह माना कि भारत को केवल व्यापार और कर वसूली का साधन मानकर नहीं चलाया जा सकता, बल्कि इसे अपनी प्रजा समझकर शासित करना होगा। इसी सोच से शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रेलवे, डाक और बिजली जैसी व्यवस्थाओं की नींव रखी गई। ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन जनता से पूरी तरह दूर था। स्थानीय राजा-नवाब और अमलदार उनके लिए महज राजस्व इकट्ठा करने के माध्यम थे। परंतु 1857 ने बता दिया कि जब तक जनमानस की भागीदारी नहीं होगी, कोई भी सत्ता स्थिर नहीं रह सकती। ब्रिटिश हुकूमत ने कंपनी को समाप्त करके सीधे सत्ता अपने हाथ में ली और भारत के साथ एक 'प्रजा-राज्य' का रिश्ता बनाने की कोशिश की। यही कारण है कि 1858 के बाद अंग्रेजों ने भारतीय समाज के विभिन्न पहलुओं को समझना शुरू किया।

पुरातत्व विभाग, शिक्षा आयोग, विश्वविद्यालयों की स्थापना, अस्पतालों का निर्माण, सिंचाई के लिए नहरों की खुदाई, और सबसे बढ़कर रेल व्यवस्थाकृए सब कदम केवल आधुनिकता की शुरुआत नहीं थे, बल्कि शासन की नई सोच के प्रतीक थे, आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह दौर दोहरी प्रवृत्ति का रहा। एक ओर अंग्रेजों ने भारत में आधुनिक व्यापार और उद्योग का ढांचा खड़ा किया, बैंकिंग और मुद्रा व्यवस्था को संगठित किया, रूपया आना पैसा की प्रणाली को प्रचलित किया, दूसरी ओर देसी उद्योगों का विनाश भी किया। कपड़ा उद्योग, हथकरघा और पारंपरिक शिल्प धीरे-धीरे समाप्त कर दिए गए, क्योंकि अंग्रेजों का उद्देश्य अपने कारखानों के माल को भारत में खपाना था। किसानों पर करों का बोझ बढ़ता गया और कई जगह विद्रोह हुए। लेकिन रेल, डाक और तार की सुविधा ने पूरे देश को एक आर्थिक इकाई में बदलना शुरू किया, जो बाद में स्वतंत्रता आंदोलन का बड़ा आधार बनी। सामा. जिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी यह परिवर्तन महत्वपूर्ण था। मैकाले की शिक्षा नीति के तहत अंग्रेजी शिक्षा ने एक नया मध्यमवर्ग तैयार किया। यह वर्ग बाद में भारतीय राजनीति और समाज सुधार आंदोलनों का नेतृत्व करने वाला बना। समाचार पत्र, पत्रिकाएं और साहित्यिक आंदोलन इसी शिक्षा से उपजे। चिकित्सा के क्षेत्र में अस्पताल और आधुनिक दवाओं ने जनता का ध्यान खींचा। समाज सुधार आंदोलनोंकृसती प्रथा का उन्मूलन, विधवा विवाह की स्वीकृति, कन्या शिक्षा, अस्पृश्यता के विरुद्ध आवाज इन सबको अप्रत्यक्ष रूप से ब्रिटिश कानूनों का समर्थन मिला। सबसे बड़ा परिवर्तन राजनीतिक क्षेत्र में हुआ। 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म हुआ। अंग्रेजों ने भारतीयों की राय सुनने की औपचारिकता की शुरुआत की। शुरुआत में कांग्रेस केवल प्रार्थना-पत्रों और मांगों तक सीमित रही, लेकिन धीरे-धीरे उसने आंदोलन का रूप ले लिया। 1919 और 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट्स के जरिए स्थानीय सरकारों का गठन हुआ। पंचायत स्तर तक प्रतिनिधित्व की व्यवस्था बनी और भारतीयों को प्रशासन में आंशिक भागीदारी मिली। 1937 में प्रांतीय सरकारों का गठन हुआ, जिसने भारतीय नेताओं को शासन का प्रत्यक्ष अनुभव दिया। इसी क्रम में गांधी का नेतृत्व सामने आया। असहयोग, सविनय अवज्ञा और भारत छोड़ो आंदोलन ने जनता को राजनीति का सक्रिय हिस्सा बना दिया। 1940 में पूर्ण स्वराज की मांग ने अंग्रेजों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि अब भारत को स्वतंत्र करना ही होगा। द्वितीय विश्वयुद्ध ने ब्रिटेन की स्थिति कमजोर कर दी और अंततः 1947 में भारत स्वतंत्र हुआ। 1 सितंबर 1858 से 15 अगस्त 1947 तक का यह सफर केवल सत्ता के हस्तांतरण का नहीं था, भारतीय समाज के पुनर्निर्माण और राजनीतिक चेतना के विकास की कहानी भी था। ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह ब्रिटिश राज भी शोषण पर टिकता, तो संभव था कि भारत में इतनी व्यापक राजनीतिक एकता कभी न बन पाती। लेकिन क्राउन के अधीन शासन ने शिक्षा, संचार और प्रशासन की आधुनिक नींव रखी, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को संगठित किया और भारतीय राष्ट्रवाद को जन्म दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## हिन्दुस्तानी गज़ल से मशहूर हुए दुष्यंत कुमार



**अशोक मधूप**



आज एक सिंतबर है प्रसिद्ध हिंदी गजलकार दुष्यंत कुमार की जन्मदिन है। बिजनौर के राजपुर नवादा गांव में एक सितंबर 1933 में जन्मे दुष्यंत कुमार का मात्र 43 वर्ष की आयु में 30 दिसंबर 1975 को भोपाल में उनका निधन हुआ। हिंदी साहित्यकार गजलकार दुष्यंत कुमार हिंदी गजल के लिए जाने जाते हैं। वह हिंदी गजल के लिए विख्यात हैं किंतु उन्हें यह ख्याति हिंदी गजलों के लिए नहीं , हिंदुस्तानी गजलों के लिए मिली।

संसद से लेकर सड़क तक मशहूर हुए उनके शेर हिंदुस्तानी हिंदी में हैं। हिंदुस्तानी हिंदी में उन्होंने सभी प्रचलित शब्दों का इस्तेमाल किया। शब्दों को प्रचलित रूप में इस्तेमाल किया। वे अपनी पुस्तक साए में धूप की भूमिका में खुद कहते हैं गजलों को भूमिका की जरूरत नहीं होनी चाहिए, लेकिन एक कैफियत इनकी भाषा के बारे में जरूरी है। कुछ उर्दू दां दोस्तों ने कुछ उर्दू शब्दों के प्रयोग पर एतराज किया है। उनका कहना है कि शब्द 'शहर' नहीं 'शह्र' होता है, वजन नहीं 'वज्न' होता है। कि मैं उर्दू नहीं जानता, लेकिन इन शब्दों का प्रयोग यहां अज्ञानतावश नहीं, जानबूझकर किया गया है। यह कोई मुश्किल काम नहीं था कि शहर की जगह नगर लिखकर इस दोष से मुक्ति पा लूं, किंतु मैंने उर्दू शब्दों को उस रूप में इस्तेमाल किया है, जिस रूप में वे हिन्दी में घुलमिल गए हैं। उर्दू का 'शह्र' हिन्दी में 'शहर' लिखा और बोला जाता है। ठीक उसी तरह जैसे हिन्दी का 'ब्राह्मण' उर्दू में 'बिरहमन' हो गया है और 'ऋतु' 'रुत' हो गई है।

उर्दू और हिन्दी अपने अपने सिंहासन से उतरकर जब आम आदमी के बीच आती हैं तो उनमें फर्क कर पाना बड़ा मुश्किल होता है। मेरी नीयत और कोशिश यही रही है कि इन दोनों भाषाओं को ज्यादा से ज्यादा करीब ला सकूं। इस लिए ये गजलें उस भाषा में लिखी गई हैं जिसे मैं बोलता हूं। गजल की विधा बहुत पुरानी, किंतु विधा है, जिसमें बड़े-बड़े उर्दू महारथियों ने काव्य रचना की है। हिन्दी में भी महाकवि निराला से लेकर आज के गीतकारों और नए कवियों तक अनेक कवियों ने इस विधा को आजमाया है। गजल पर्शियन और अरबी से उर्दू में आई। गजल का मतलब है औरतों से अथवा औरतों के बारे में बातचीत करना। यह भी कहा जा सकता है कि गजल का सर्वसाधारण अर्थ है माशूक से बातचीत का माध्यम। उर्दू के साहित्यकार स्वर्गीय रघुपति सहाय 'फिराक' गोरखपुरी ने गजल की भावपूर्ण परिभाषा लिखी हैं। कहते हैं कि जब कोई शिकारी जंगल में कुत्तों के साथ हिरन का पीछा करता है और हिरन भागते-भागते किसी ऐसी झाड़ी में फंस जाता हैं जहां से वह निकल नहीं सकता, उस समय उसके कंठ से एक दर्द भरी आवाज निकलती हैं। उसी करूण स्वर को गजल कहते हैं। इसीलिए विवशता का दिव्यतम रूप में प्रगट होना, स्वर का करूणतम हो जाना ही गजल का आदर्श है। दुष्यंत की गजलों की खूबी है साधारण बोलचाल के शब्दों का प्रयोग, हिंदी, उर्दू के घुले मिले शब्दों का प्रयोग। चुटीले व्यंग उनकी गजल की खूबी है। वे व्यवस्था और समाज पर चोट करते हैं। ये ही उन्हें सीधे आम आदमी के दिल तक ले जाती है। उनकी यह शैली उन्हें अन्य कवियों से अलग और लोकप्रिय करती है। आम आदमी और व्यवस्था पर चोट करने वाले दुष्यंत कुमार के शेर, व्यवस्था पर चोट करते उनके शेर सड़कों से संसद तक गूंजतें है। शायद दुष्यंत कुमार अकेले ऐसे साहित्यकार होंगे, जिसके शेर सबसे ज्यादा बार संसद में पढ़े गए हों। सभाओं में नेताओं ने उनके शेर सुनाकर व्यवस्था पर चोट की हो। सरकार को जगाने और जनचेतना का कार्य किया हो। उन्होंने हिंदी गजल भी लिखी, पर वह इतनी प्रसिद्धि नहीं पा सकी, जितनी हिंदुस्तानी हिंदी में लिखी गजल लोकप्रिय हुई।

वो आदमी नहीं है मुकम्मल बयान है,
माथे पे उस के चोट का गहरा निशान है।
रहनुमाओं की अदाओं पे फिदा है दुनिया,
इस बहकती हुई दुनिया को संभालो यारो।
कैसे आकाश में सूराख नहीं हो सकता ,
एक पत्थर तो तबीअत से उछालो यारो।
यहां तो सिर्फ गूंगे और बहरे लोग बसते हैं,
खुदा जाने यहां पर किस तरह जलसा हुआ होगा,
गूंगे निकल पड़े हैं जबां की तलाश में,
सरकार के खिलाफ यह साजिश तो देखिए।
पक गई हैं आदतें बातों से सर होंगी नहीं,
कोई हंगामा करो ऐसे गुजर होगी नहीं।
आज मेरा साथ दो वैसे मुझे मालूम है ,
पत्थरों में चीख हरगिज कारगर होगी नहीं।
इन ठिठुरती उंगलियों को इस लपट पर सेंक लो,
धूप अब घर की किसी दीवार पर होगी नहीं।
सिर से सीने में कभी पेट से पांव में कभी ,
इक जगह हो तो कहें दर्द इधर होता है।
मत कहो आकाश में कोहरा घना है,
यह किसी की व्यक्तिगत आलोचना है।
यह जिस्म झुककर बोझ से दुहरा हुआ होगा,
मैं सज्दे में नहीं था, आपको धोखा हुआ होगा।
तुमने इस तालाब में रोहू पकड़ने के लिए,
छोटी-छोटी मछलियां चारा बनाकर फेंक दीं।
हम ही खा लेते सुबह को भूख लगती है बहुत
तुमने बासी रोटियां नाहक उठा कर फेंक दीं।

**गजल**

हो गई है पीर पर्वत सी पिंघलनी चाहिए,
अब हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए।
आज यह दीवार, परदों की तरह हिलने लगी,
शर्त थी लेकिन कि यह बुनियाद हिलनी चाहिए।
हर सड़क पर, हर गली में, हर नगर, हर गांव में,
हाथ लहराते हुए हर लाश चलनी चाहिए।
सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं,
मेरी कोशिश है कि यह सूरत बदलनी चाहिए।
मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही,
हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं यह उनके निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### जर्मनी में जुटे दस हजार फलस्तीन समर्थक

**बर्लिन।** जर्मनी के प्रमुख शहर फैंकफर्ट में शनिवार को फलस्तीन समर्थकों ने एक रैली निकाल कर अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन किया है। फैंकफर्टर अल्गोमाइन जितुंग अखबार ने बताया 'यूनाइटेड 4 गाजा' नाम से हुए इस प्रदर्शन में 10000 से जयादा फलस्तीन समर्थकों ने हिस्सा लिया। पहले अनुमान लगाया गया था कि इसमें 5000 तक लोग शिरकत कर सकते हैं लेकिन इस अटकल से दोगुनी भीड़ रैली में पहुंची।

### अफगान के कुंदुज़ प्रांत में हथियार, गोला-बारूद ज़ब्त

**काबुल।** अफगानिस्तान में सुरक्षाकर्मियों ने उत्तरी कुंदुज प्रांत में आतंकवाद विरोधी प्रयासों के तहत पिछले तीन महीनों में दर्जनों आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है। यह जानकारी अफगानिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने रविवार को दी। मंत्रालय के बयान के अनुसार, प्रांतीय राजधानी कुंदुज और आसपास के नौ जिलों में चलाए गए अभियान में 16 पिस्तौल, विभिन्न मॉडलों की सात बन्दूकें, पांच पीके मशीन गन, एक कलाश्निकोव राइफल, 15 हथगोले, 12 रॉकेट राउंड और कारतूसों तथा गोलियों सहित बड़ी मात्रा में सैन्य उपकरण जब्त किया गया।

### यूक्रेनी संसद के पूर्व अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**कीव।** यूक्रेन की संसद के पूर्व अध्यक्ष एंड्री पारुबिय की शनिवार को पश्चिमी शहर ल्वीव में गोली मारकर हत्या कर दी गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेनी अभियोजक जनरल कार्यालय ने कहा कि एक अज्ञात बंदूकधारी ने गोलीबारी की और 54 वर्षीय राजनेता की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पुलिस संदिग्ध की तलाश कर रही है।

# मोदी, पुतिन और जिनपिंग की गलबहियों से अमेरिकी मीडिया हैरान

## चीन ने रेड कॉर्पेट से मोदी का किया स्वागत

**पीएम के चीन दौरे पर वर्ल्ड मीडिया की प्रतिक्रियाः सीएनएन और एनवाईटी ने कहाः ट्रम्प से नाराज जिनपिंग ताकत दिखा रहे**



**बीजिंग।** पीएम मोदी 30 अगस्त को पूरे सात साल बाद चीन पहुंचे हैं। उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की मीटिंग से पहले आज चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। जून 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद भारत-चीन के संबंध खराब हो गए थे।

अब मोदी के इस दौरे से दोनों देशों के संबंध सुधरने की उम्मीद जताई जा रही है। मोदी के चीन दौरे को दुनियाभर का मीडिया कवर कर रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने मोदी, जिनपिंग और पुतिन की तस्वीर के साथ रिपोर्ट में लिखा है कि शी जिनपिंग के लिए इससे बेहतर मौका शायद ही कोई हो सकता था। एक तरफ भारत के मोदी हैं, जिनके देश पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने ऊंचे टैरिफ लगाए हैं। दूसरी तरफ रूस के पुतिन हैं, जिन पर ट्रम्प की वजह से ही पश्चिमी देशों के प्रतिबंध कमजोर पड़ते दिख रहे हैं। अखबार लिखता है कि इस पूरे आयोजन के केंद्र में जिनपिंग हैं। वे भारत और अमेरिका के बीच तनाव को अपने लिए अवसर बना रहे हैं और पुतिन के साथ अपने पुराने गठबंधन को और मजबूती दे रहे हैं। यह सम्मेलन सिर्फ औपचारिक मुलाकात नहीं है। इसमें मध्य एशिया के 20 से ज्यादा नेता शामिल हो रहे हैं। इसके बाद बीजिंग में चीन अपनी नई मिसाइलों और युद्धक विमानों की सैन्य परेड भी करेगा। यह सब दर्शाता है कि शी इतिहास, कूटनीति और सेना की ताकत को मिलाकर दुनिया की उस व्यवस्था को बदलना चाहते हैं जिस पर अब तक अमेरिका का दबदबा रहा है। सीएनएन ने कहा कि ट्रम्प से नाराजगी के बीच, चीन में पुतिन-मोदी का रेड कार्पेट वेलकम। यह मोदी की सात साल में पहली चीन यात्रा है। मुलाकात से पहले दोनों ने हाथ मिलाया और कैमरों के सामने साथ खड़े होकर तस्वीरें खिंचवाईं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब भारत और चीन दोनों ही अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित हैं। जिनपिंग ने मोदी से कहा कि भारत और चीन के लिए सबसे सही रास्ता यही है कि वे अच्छे दोस्त और साझेदार बनें। दुनिया के दो सबसे ज्यादा आबादी वाले देश, जो अमेरिका के साथ अपने-अपने मतभेदों की वजह से दबाव झेल रहे हैं, अब एक-दूसरे के करीब आने की संभावना देख रहे हैं। बीबीसीः ट्रम्प के टैरिफ से परेशान भारत-चीन, ट्रेड को पटरी पर लाने की कोशिश में जुटे मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिका ने भारत और चीन दोनों पर ऊंचे टैरिफ लगाए हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये टैरिफ भारत के निर्यात क्षेत्र को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# ट्रम्प भारत से स्कूली बच्चों जैसा व्यवहार कर रहेः रिक सांचेज

**राष्ट्रपति ट्रम्प इतिहास से वाकिफ नहीं, अमेरिका के वरिष्ठ पत्रकार ने कसा तीखा तंज**



■ रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले की आलोचना करते हुए सांचेज ने कहा कि यह बेहद अहंकारी नीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वरिष्ठ पत्रकार रिक सांचेज ने भारत पर टैरिफ लगाने के लिए अपनी सरकार की तीखी आलोचना की है। सांचेज ने कहा है कि ट्रम्प सरकार को भारत के इतिहास और उसकी अहमियत का कोई अंदाजा नहीं है और यही वजह है कि वे बिना सोचे समझे फैसले ले रहे हैं।

सांचेज ने कहा कि ट्रम्प के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो द्वारा यूक्रेन युद्ध को मोदी का युद्ध कहने पर कहा कि उनका बयान पर हंसा ही जा सकता है। वे कोई बहुत बुद्धिमान व्यक्ति नहीं हैं और न ही वे कोई बड़े विचारक हैं। सांचेज ने कहा कि ग्लोबल साउथ के बारे में मेरे देश की समझ बहुत सीमित है। वे भारत के इतिहास, भारत और चीन के रिश्तों और रूस-यूक्रेन के रिश्तों के बारे में कुछ नहीं जानते। तभी वे मूर्खतापूर्ण बयान देते हैं। नव-रूढ़िवादी, हथियार उद्योग से जुड़े लोग ट्रम्प को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं ट्रम्प को अहसास है कि उन्होंने गलत मोड़ ले लिया है और यही वजह है कि ट्रम्प अब ग्लोबल साउथ और यूरोपीय संघ को बराबर महत्व देते दिखाई दे रहे हैं और संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले की आलोचना करते हुए सांचेज ने कहा कि यह बेहद अहंकारी नीति है। ट्रम्प प्रशासन भारत से स्कूली बच्चे जैसा व्यवहार कर रहा है। लेकिन भारत कोई स्कूली बच्चा नहीं है बल्कि एक बड़ी ताकत है। भारत का एक इतिहास है, उसके पास संसाधन हैं और काफी क्षमताएं हैं। भारत ने दुनिया के लिए जो किया है, वह बेहद अहम है। भारत का वैश्विक इतिहास में योगदान यूरोप और मेसोपोटामिया से बिल्कुल भी कम नहीं है। लेकिन जब आप उसे स्कूली बच्चा समझते हैं तो भारत अमेरिका को कहता है कि आप हमें नहीं बताएंगे कि हमें क्या करना है।

यह परिवर्तनकारी समय है। इतिहासकार जब पीछे मुड़कर देखेंगे तो ये वो पल होगा, जब दुनिया की महाशक्ति अमेरिका के प्रभुत्व में कमी आनी शुरू हुई। अब ताकत ग्लोबल साउथ की तरफ स्थानांतरित हो रही है, जिसमें भारत, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे देश हैं। अमेरिकी पत्रकार सांचेज ने ये भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष में मध्यस्थता का श्रेय ट्रम्प को नहीं दिया है, जिससे ट्रम्प निजी तौर पर भारत से नाराज हैं और 50 फीसदी टैरिफ लगाने के पीछे ये भी एक वजह है।

# भारत के अडिंग रुख से बौखलाए ट्रम्प



■ अमेरिकी राष्ट्रपति अब यूरोपीय देशों से भी भारत पर नई दिल्ली पर टैरिफ लगाने को कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत से चिढ़े हुए हैं। दरअसल वे अपने वादे के अनुसार, अभी तक रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं रुकवा पाए हैं और अब उन्होंने इसका ठीकरा भारत पर फोड़ना शुरू कर दिया है।

ट्रम्प का कहना है कि भारत द्वारा रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदा जा रहा है, जिससे यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषण मिल रहा है। इसी का बहाना बनाकर ट्रम्प ने भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। हालांकि उनका ये दांव भी फीका रहा और भारत पर इसका बहुत ज्यादा असर होता नहीं दिख रहा है। इससे ट्रम्प लग रहा है कि और चिढ़ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब ट्रम्प यूरोपीय देशों पर भी दबाव बना रहे हैं कि वे भी रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाएं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, व्हाइट हाउस ने यूरोपीय देशों से भारत पर रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका जैसे प्रतिबंध लगाने को कहा है, जिसमें नई दिल्ली से खरीदे जाने वाले सभी तेल और गैस पर पूरी तरह से रोक लगाना भी शामिल है। गौरतलब है कि यूरोपीय नेता भी यूक्रेन में युद्ध समाप्त कराने के पक्ष में हैं। हालांकि जहां अमेरिका का दावा है कि भारत रूसी तेल खरीद रहा है और उससे मुनाफा कमा रहा है।

## भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ रूस-चीन एकजुट

# ब्रिक्स की मजबूती पर दिया पुतिन ने जोर



**कहाः रूस-चीन ने ब्रिक्स देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में रुकावट डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के प्रति साझा रुख अपनाया**

**बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रविवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में हिस्सा लेने के लिए चीन के तियानजिन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि रूस और चीन ने ब्रिक्स देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में रुकावट डालने वाले भेदभावपूर्ण प्रतिबंधों के खिलाफ साझा रुख अपनाया है।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ को दिए गए एक लिखित इंटरव्यू में पुतिन ने कहा कि रूस और चीन मिलकर महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। साथ ही ब्रिक्स को वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए और सक्षम बना रहे हैं। बता दें कि रूसी राष्ट्रपति की ये टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ब्रिक्स में अब ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा सऊदी अरब, ईरान, इथियोपिया, मिस्र, अर्जेंटीना और यूएई को भी शामिल है। पुतिन ने आगे कहा कि रूस और चीन आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधार का समर्थन करते हैं। दोनों देश मानते हैं कि एक नया वित्तीय तंत्र बनना चाहिए जो खुलापन और सच्ची समानता जैसे सिद्धांतों पर आधारित हो और सभी देशों को बराबरी का मौका दे। पुतिन ने कहा कि हमें मानवता के लाभ के लिए प्रगति चाहिए। मुझे भरोसा है कि रूस और चीन मिलकर अपने महान देशों की समृद्धि के लिए काम करते रहेंगे। इसके साथ ही पुतिन ने उम्मीद जताई कि तियानजिन में हो रहा एससीओ शिखर सम्मेलन संगठन को नई ऊर्जा देगा और एक न्यायपूर्ण, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के निर्माण में मदद करेगा।

# इजरायल ने दक्षिण लेबनान पर की भारी बमबारी

**बेरूत।** इज़रायली सेना ने रविवार को दक्षिणी लेबनान में जंगी जहाज, मिसाइल और ड्रोनों की मदद से कई हमलों को अंजाम दिया। एक सैन्य सूत्र ने कंहा, इज़रायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों में कई भारी हमले किए। उन्होंने आगे बताया कि हमले दक्षिणी शहर नबातियेह के बाहरी इलाके के हराज अली अल-ताहिर और अल-दब्शा इलाकों को निशाना बनाकर किए गए। लेबनानी अधिकारियों का कहना है कि नवम्बर 2024 में हुए युद्धविराम समझौते के बावजूद, इज़रायल लेबनान की संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा है।

# नोबेल के लिए नॉमिनेट नहीं किया, तो भारत पर लगा टैरिफ

**न्यूयॉर्क टाइम्स का दावा, ट्रम्प बोलेः पाक ने किया, भारत भी करे, इससे मोदी नाराज**

**वाशिंगटन।** न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और अमेरिका के बीच तनाव की असल वजह ट्रम्प की नोबेल प्राइज की ख्वाहिश है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रम्प ने 17 जून को पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की थी।

इस दौरान ट्रम्प ने कहा था कि उन्हें भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने पर कितना गर्व है। इसके बाद ट्रम्प ने मोदी से कहा कि पाकिस्तान उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नामिनेट करने वाला है। ट्रम्प ने इशारों में भारत से भी ऐसा करने को कहा। मोदी इससे नाराज हो गए थे। मोदी ने ट्रम्प से साफ कह दिया कि भारत-पाक के बीच हुए

**डोनाल्ड ट्रम्प ने 17 जून को पीएम मोदी से फोन पर बातचीत की थी**

सीजफायर से अमेरिका का कोई लेना देना नहीं है। यह भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे तौर पर हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्रम्प ने मोदी की बात को अनदेखा कर दिया, जिससे दोनों नेताओं के बीच तल्खी बढ़ गई। इसके बाद से दोनों ने कोई बातचीत नहीं की। यह रिपोर्ट वाशिंगटन और नई दिल्ली में एक दर्जन से ज्यादा लोगों से हुई बातचीत पर आधारित है। इनमें से ज्यादातर ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बात की। इन लोगों ने बताया कि ट्रम्प और भारत के बीच का रिश्ता दोनों देशों के लिए बड़े असर वाला हो सकता है। ट्रम्प की नीतियों से भारत-अमेरिका का रिश्ता कमजोर हो रहा है। वहीं, भारत अपनी अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कदम उठा रहा है, लेकिन इसमें उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार अमेरिका नाराज हो रहा है। अखबार लिखता है कि मोदी ने कभी ट्रम्प को 'सच्चा दोस्त' कहा था, लेकिन अब उनके संबंध ठीक नहीं रहे। राष्ट्रपति कार्यालय से जुड़े लोगों के मुताबिक, मोदी को पहले बताया गया था कि ट्रम्प इस साल के अंत में क्वाड समिट में हिस्सा लेने भारत आएंगे, लेकिन अब ट्रम्प की भारत आने की कोई योजना नहीं है।



जकार्ता। संसद सदस्यों को दिए जाने वाले अत्यधिक भत्ते के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिस अधिकारियों पर पत्थर फेंकता एक प्रदर्शनकारी।

## यूएस टैरिफ से बचने के लिए नाइजीरिया में उत्पादन की पेशकश

**लागोस।** अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिससे भारत का करीब 49 अरब डालर का व्यापार प्रभावित होने की आशंका है। अब नाइजीरिया ने भारत के उद्योगों के सामने एक पेशकश की है। नाइजीरिया ने उसके लागोस मुक्त क्षेत्र (एलएफजेड) में निर्माण करने की पेशकश की है। लागोस मुक्त क्षेत्र से अमेरिका और दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों तक आसान पहुंच मिलती है। एलएफजेड की प्रबंध निदेशक और सीईओ अदेसुवा लाडोजा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ ने भारतीय कंपनियों खासकर, कपड़ा, चमड़ा और आटोमोबाइल के लिए कड़ी चुनौती पेश की है।

# गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ इजरायली हमले, 57 की मौत

**स्थानीय निवासियों ने बतायाः उन्होंने जोरदार विस्फोटों और तेज गोलीबारी की आवाजें सुनीं**

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजराइली हमलों में कम से कम 57 फलस्तीनी मारे गए। फलस्तीनी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

गाजा के नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि गाजा शहर में दो अपार्टमेंट और फलस्तीनियों के एक समूह को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में दो बच्चों सहित चार लोगों की मौत हो गई। बसल ने बताया कि शहर के पश्चिम में अल-रिमल मोहल्ले में आवासीय अपार्टमेंट और चिकित्सा क्लीनिक वाली तीन मंजिला इमारत पर इजरायली हवाई हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और बच्चों सहित कई अन्य घायल हो गए। बसल ने बताया कि शहर के उत्तर-पश्चिम में नस्र मोहल्ले में विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजरायली हवाई हमले में पांच महिलाओं और पांच बच्चों सहित बारह लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि हवाई हमले में कई तंबू नष्ट हो गए और कुछ अन्य में आग लग गई। उन्होंने बताया कि शहर के दक्षिण में जतून मोहल्ले पर इजरायली हमलों में छह लोग मारे गए। फलस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शहर के शेख रादवान और सबरा इलाकों में आवासीय भवनों पर तड़के इजरायली छापे और बमबारी की भी सूचना दी, जिसके बीच इजरायली हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों ने तीव्र उड़ान भरी। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने जोरदार विस्फोटों और तेज गोलीबारी की आवाजें सुनीं।

# यूक्रेन जंग पर भारत को निशाना बनाना गलतः एस. जयशंकर

**विदेश मंत्री ने कहाः हम बातचीत के हिमायती**



■ ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से 25% टैरिफ लगाया

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बातचीत में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। भारत हमेशा शांति और बातचीत की वकालत करता रहा है।

उन्होंने एक्स पर लिखा-आज फिनलैंड के विदेश मंत्री से फोन पर बात हुई। हमने यूक्रेन जंग और इसके असर पर बात की। इस मामले में भारत को गलत तरीके से निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। हम बातचीत और डिप्लोमेसी के पक्ष में हैं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प भारत पर रूसी तेल खरीद की वजह से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया है। ट्रम्प का कहना है कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है, जिस वजह से पुतिन को यूक्रेन जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारतीय विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब पीएम मोदी एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे हैं। यहां वो चीनी एससीओ समिट से इतर पीएम मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करें:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108